सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-102 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 19 सितम्बर 2023
03 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

संसद के विशेष सत्र के बीच मोदी सरकार का बड़ा फैसला

महिला आरक्षण बिल को कैबिनेट की मंजूरी

- अब संसद के विशेष सत्र में किया जाएगा पेश
- 13 साल से पेंडिंग हैं महिला आरक्षण बिल
- विपक्ष भी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में
- दुनिया की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेंगी

नई दिल्ली। संसद के विशेष सत्र के बीच मोदी सरकार के कैबिनेट की आज बड़ी बैठक हुई। इससे बैठक के अध्यक्ष का खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। इस बात की लगातार संभावना जताई जा रही थी कि सरकार कहीं ना कहीं इस विशेष सत्र में कोई बड़ा कदम उठा सकती है। आज यह सही साबित होता दिखाई दिया रहा है। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर लगातार मांग उठाई जा रही थी। अगले साल लोकसभा चुनाव को लेकर इसे काफी अहम माना जा रहा है। बिल को मंजूरी मिलने के बाद इसे लोकसभा में पेश किया जाएगा। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा की 33 फ़ीसदी यानी कि एक तिहाई सेट को आरक्षित करने का प्रस्ताव है। इस विधेयक को लेकर लगातार राजनीतिक चर्चाएं तो जारी रहती ही है। यह विधेयक पिछले 27 सालों से पेंडिंग था। इस विधेयक पर आखिरी बार 2010 में कदम उठाया गया था। विधायक को मंजूरी मिलने के बाद केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने लिखा कि महिला आरक्षण की मांग को पूरा करने का नैतिक साहस मोदी सरकार में ही था। जो कैबिनेट से मंजूरी के बाद साबित भी हो गया। इसके बाद उन्होंने नरेंद्र मोदी और भाजपा का आभार जताया है। तेलंगाना सीएम केसीआर की बेटी के. कविता ने 13 सितंबर को दिल्ली में 13 विपक्षी दलों के साथ बैठक की थी।

> संसद के विशेष सत्र की शुरुआत हो चुकी है। कल से यह सत्र नए संसद भवन में आयोजित होगा। इससे पहले उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में एक समारोह का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान देश की समृद्ध संसदीय विरासत को याद किया जाएगा और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया जाएगा।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों वाला विधेयक नहीं लाएगी सरकार

> सरकार सोमवार से शुरू हुए संसद के पांच दिवसीय सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक को पारित कराने के लिए जोर नहीं दे सकती है। सूत्रों ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के भीतर एक विचार यह है कि विधेयक को कानून एवं न्याय संबंधी स्थायी समिति के पास भेजा जाए। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 10 अगस्त को राज्यसभा में यह विधेयक पेश किया था। एन गोपालस्वामी, वीएस संपत और एसवाई कुरैशी सहित कुछ पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने शनिवार को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीईसी और चुनाव आयुक्तों की तुलना कैबिनेट सचिव से करने के प्रावधान का विरोध किया था। अभी तक चुनाव आयोग के सदस्य उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के बराबर होते हैं।

जीवनसाथी को जानबूझकर शारीरिक संबंध न बनाने देना क्रूरता: दिल्ली हाईकोर्ट

- 35 दिन ही चला विवाह: हाईकोर्ट
- जीवनसाथी का चयन आस्था धर्म से प्रभावित नहीं हो सकता

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने कहा कि जीवनसाथी का जानबूझकर संबंध बनाने से इनकार करना क्रूरता है। अदालत ने यह टिप्पणी करते हुए परिवार अदालत से एक दंपती को मिले तलाक के आदेश को बरकरार रखा। उनकी शादी सिर्फ 35 दिन ही चली थी। वहीं एक दूसरे मामले में हाईकोर्ट ने अंतरधार्मिक जोड़े की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि जीवनसाथी का चयन आस्था, धर्म से प्रभावित नहीं हो सकता है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत एवं न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने ही एक मामले के फैसले में संबंध के बिना शादी को एक अभिशाप बताया है। किसी वैवाहिक बंधन में यौन संबंध का न होना काफी घातक स्थिति है। इस मामले में भी पत्नी के विरोध की वजह से विवाह संपूर्ण ही नहीं हुआ। पीठ ने यह भी कहा कि महिला ने पुलिस में यह भी शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे दहेज के लिए परेशान किया गया। जबकि कोई ठोस सबूत नहीं था। इसे भी क्रूरता कहा जा सकता है। उसने यह कहते हुए तलाक देने के परिवार अदालत के आदेश के खिलाफ पत्नी की अपील को खारिज कर दिया। पीठ ने महिला के ससुराल में बिताई गई अवधि का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा मामले में दोनों पक्षों के बीच विवाह न केवल बमुश्किल 35 दिन तक चला, बल्कि वैवाहिक अधिकारों से वंचित होने और विवाह पूरी तरह संपूर्ण न होने के कारण विफल हो गया। इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि 18 साल से अधिक की अवधि में इस तरह की स्थिति कायम रहना मानसिक क्रूरता के समान है।

सुसाइड हब बना कोटा अब यूपी की छात्रा ने जहर खाकर दी जान

जयपुर। राजस्थान के कोटा में छात्र-छात्राओं के सुसाइड के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार फिर छात्रा के सुसाइड का मामला सामने आया है। सोमवार को यूपी के मऊ की रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। मऊ निवासी 17 वर्षीय छात्रा ने कोटा में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। छात्रा प्रियम सिंह कोटा में पिछले डेढ़ साल से रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। सोमवार को कोचिंग संस्थान के बाहर शाम को छात्रा उल्टी करती हुई नजर आई तो अन्य छात्रों ने कोचिंग संचालक को सूचना दी। छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि छात्रा ने कोचिंग जाने से पहले सल्फास का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और कोचिंग संस्थान के बाहर उल्टियां की।

गीडा में प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का मुख्यमंत्री योगी ने किया उद्घाटन

यूपी में निवेशकों को सुरक्षा व हर तरह की सुविधा की गारंटी: योगी

अवधनामा संवाददाता

- पूरे देश में विकास, सुरक्षा और समृद्धि का सकारात्मक माहौल: योगी
- उप्र में बेहिचक निवेश करें, सरकार साथ खड़ी मिलेगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने वालों तथा उद्योग लगाने वालों को सरकार की तरफ से आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेशकों व उद्यमियों को सुरक्षा और हर तरह की सुविधा की पूरी गारंटी है। निवेशकों, उद्यमियों के सामने किसी तरह की समस्या सामने नहीं आने दी जाएगी, न तो सुरक्षा के मामले में और न ही शासन की किसी सुविधा के मामले में। वे बेहिचक उत्तर प्रदेश में निवेश करें, सरकार उनके साथ खड़ी मिलेगी।

सीएम योगी सोमवार अपराह्न गीडा के सेक्टर 26 में 110 करोड़ रुपये के निवेश वाली तत्वा प्लास्टिक पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन, 136 करोड़ रुपये के अवस्थापना कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण और 97 उद्यमियों को 102 भूखंडों के आवंटन सह आशय पत्र वितरण के लिए आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निवेशकों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सुरक्षा का माहौल देने के साथ ही सरकार हर तरह की सुविधा का लाभ दे रही है। निवेश मित्र और निवेश सारथी जैसे ऑनलाइन पोर्टल इसके लिए बनाए गए हैं। बिना किसी बाधा के निवेशकों को सरकार की तरफ से इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के अंदर एक सकारात्मक माहौल बना है। यह सकारात्मक माहौल विकास, सुरक्षा व समृद्धि का है। जब प्रत्येक व्यक्ति के एजेंडे में विकास होता है तो वह हर तरीके से उसके लिए माहौल बनाने में अपना योगदान देता है। सीएम योगी ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति क्या थी। और, उसमें भी आज से पांच-सात साल पहले गोरखपुर की स्थिति क्या हुआ करती थी। अपराध और माफिया हर एक व्यवस्था पर हावी था। अराजकता चरम पर रहती थी। प्रदेश में हर दूसरे-तीसरे दिन एक दंगा होता था। भ्रष्टाचार चरम पर था। इस माहौल में राज्य के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। विकास कार्य ठप हो गए थे। असुरक्षित वातावरण में कोई निवेश नहीं करता। सभी संस्थाएं अवमूल्यन की ओर जाती हैं। यही स्थिति उत्तर प्रदेश के अंदर देखने को मिल रही थी। पर, पिछले छह वर्ष के अंदर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी नरेंद्र जी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में आज सभी लोगों ने बदलते हुए उत्तर प्रदेश को देखा है।

यूपी को मिले हैं 36 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 से 12 फरवरी 2023 के बीच उत्तर प्रदेश के अंदर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। इसमें उत्तर प्रदेश को 36 लाख करोड रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। अकेले गोरखपुर को करीब पौने दो लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। 36 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने पर एक करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोजगार मिलने की संभावना है। गीडा में 102 नए उद्योगों की स्थापना के लिए आशय पत्र के वितरण का कार्य इसी संभावना को आगे बढ़ाएगा।

सहजनवा से धुरियापार तक हो रहा गीडा का विस्तार

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज गीडा का व्यापक विस्तार हो रहा है। सरकार इसे सहजनवा से धुरियापार तक ले जा रही है। अकेले धुरियापार में 5000 एकड़ से अधिक में उद्योग लगाने के लिए एक व्यापक पैमाने पर कार्यक्रम हो रहे हैं। इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को यहीं पर रोजगार और नौकरी उपलब्ध हो सकेगी। विकास का जो सकारात्मक माहौल उत्तर प्रदेश और गोरखपुर के अंदर बना है, उसका लाभ यहां के लोगों को प्राप्त होगा।

लगेंगे 102 उद्योग, 900 करोड़ का होगा निवेश

गीडा सेक्टर 26 में आयोजित समारोह में सीएम योगी की मौजूदगी में 97 निवेशकों/उद्यमियों को 102 भूखंडों का आवंटन पत्र वितरित किया गया। 14 निवेशकों को भूखंड आवंटन पत्र मुख्यमंत्री के हाथों से प्राप्त हुआ। इन 102 भूखंडों पर अलग अलग यूनिट लगने से करीब 900 करोड़ रुपये का निवेश होगा और निवेश के धरातल पर उतरने से करीब 4500 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 102 उद्योगों के लिए जमीन का आवंटन हो चुका है।

हापुड़ कांड: इलाहाबाद हाईकोर्ट में आधी-अधूरी रिपोर्ट पेश हुई

- लाठीचार्ज का वाजिब कारण भी नहीं बता पाई पुलिस

प्रयागराज। हापुड़ में 28 अगस्त को वकीलों पर हुए लाठीचार्ज का पुलिस इलाहाबाद हाईकोर्ट को वाजिब कारण नहीं बता सकी। विशेष जांच दल (एसआईटी) की आधी-अधूरी रिपोर्ट के साथ कोर्ट में पेश हुए सरकारी वकील को सवालों के जवाब के लिए कोर्ट रूम से ही हापुड़ के पुलिस अधिकारियों को फोन लगाना पड़ा। संतोषजनक जवाब फिर भी नहीं मिल सका।

नाराज कोर्ट ने पूरी और सटीक रिपोर्ट पेश करने का आदेश देते अगली सुनवाई 12 अक्तूबर को नियत कर दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी की खंडपीठ ने हापुड़ में हुए लाठीचार्ज के बाद वकीलों की शुरू हुई हड़ताल का स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई शुरू की है। कोर्ट ने सरकार द्वारा गठित एसआईटी में न्यायिक सदस्य के रूप में पूर्व जज हरिनाथ पांडे को शामिल करने की सहमति देते हुए जांच रिपोर्ट सोमवार को तलब की थी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश रिपोर्ट में आधी-अधूरी जानकारी दी गई। इससे नाराज कोर्ट ने कई तल्ख सवाल उठाए। पूछा, क्या आंदोलन के दौरान वकील हथियारों से लैस थे...ऐसी क्या वजह थी कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। कोर्ट ने घटना के दिन से नौ तक वकीलों की एफआईआर दर्ज न किए जाने का कारण भी पूछा, लेकिन सरकारी वकील सटीक जवाब नहीं दे सके।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद हो सीट बंटवारा

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा इस साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद की जाए। हैदराबाद में 16-17 सितंबर को हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पार्टी हाईकमान से यह मांग की है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह मांग करने वाले ज्यादातर नेता उन राज्यों से हैं, जहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन की दूसरी पार्टियों से है। इन नेताओं को भरोसा है कि पार्टी 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में अच्छा परफॉर्म करेगी, जिससे वे सीट शेयरिंग के दौरान मजबूत स्थिति में रहेंगे। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में इस साल के आखिर में चुनाव होने हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने अब तक तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन संभावना है कि अक्टूबर के पहले हफ्ते में इसका ऐलान हो जाए।

अयोध्या में श्रीराम पथ के गेट और कनोपी के निर्माण में लापरवाही

- महाप्रबंधक व प्रोजेक्ट मैनेजर पर गिरी गाज

लखनऊ। अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि पथ के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले राजकीय निर्माण निगम के महाप्रबंधक अजय मिश्रा व परियोजना प्रबंधक अनूप शुक्ला को निलंबित कर दिया गया है। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की सिफारिश की थी।

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने दोनों अधिकारियों के निलंबन की पुष्टि की है। श्रीराम पथ पर मुख्य द्वार के खंभे बनाने के साथ मार्ग पर दोनों तरफ 10 कनोपी बनाने का काम राजकीय निर्माण निगम को सौंपा गया है। 13 करोड़ रुपये के इस काम को करवाने के लिए निविदा निकालने में देरी किए जाने से लेकर निर्माण कार्य शुरू करवाने में की गई लापरवाही का आरोप दोनों अधिकारियों पर है। नौ सितंबर को श्रीराम जन्मभूमि के महासचिव नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर के निर्माण कार्यों का जायजा लिया था। इसी दौरान उन्होंने पथ के निर्माण स्थल का भी दौरा किया तो जगह-जगह पर खोदे गए गड्ढे देखकर उन्होंने नाराजगी जताई थी। पथ पर कनोपी का निर्माण करवाने के लिए खोदे गए गड्ढों के बारे में महाप्रबंधक व परियोजना प्रबंधन संतोष जनक जवाब नहीं दे सके थे। इस बारे में परियोजना प्रबंधक अनूप शुक्ला ने बताया कि लखनऊ मार्बल इंडस्ट्रीज को पत्थर आपूर्ति के साथ कनोपी तथा द्वार बनाने का काम दिया गया है। सीवरेज की लाइन शिफ्ट करवाने व कनोपी की डिजाइन देरी से फाइनल होने के कारण निर्माण कार्य में देरी हुई है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान ने बताया कि दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

एमएसपी के लिए होगा बड़ा आंदोलन: टिकैत

लखनऊ के ईको गार्डन में आयोजित किसान मजदूर अधिकार महापंचायत का ऐलान

- फसल और नस्ल दोनों बर्बाद कर रही सरकार
- किसानों की लाठी का दम कम नहीं हुआ है
- 2027 तक तो नहीं लगने देंगे बिजली मीटर

लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने एलान किया कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर गारंटी कानून की मांग को लेकर पूरे देश में बड़ा आंदोलन होगा। सरकार अपने वायदे से मुकर गई है। बड़ी कंपनियों को फायदा पहुंचाकर फसल और नस्ल दोनों को बर्बाद करने पर तुली है।

सोमवार को राकेश लखनऊ के ईको गार्डन में आयोजित किसान मजदूर अधिकार महापंचायत को संबोधित कर रहे थे। महापंचायत में राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की जमीन मुफ्त में लेने का षड्यंत्र चल रहा है। रात के अंधेरे में जमीन बिक जाती है पर दिन के उजाले में किसानों की फसल नहीं बिक पाती। अधिकारियों और नेताओं ने तमाम हाइवे के किनारे की पूरी जमीन खरीद ली है। पूरे देश का किसान परेशान हैं। आलू किसान जमाखोरों से, गन्ना किसान मूल्य कम और भुगतान न होने से परेशान है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती और अखिलेश यादव दोनों से ही कम गन्ना मूल्य वर्तमान मुख्यमंत्री ने बढ़ाया है। व्यापारी फसलों की भी कालाबाजारी कर रहे हैं। कश्मीर के सेव किसानों के सेव से लदे ट्रक जानबूझकर 15 से 22 दिन रोके गए जिससे उन्हें बड़ा नुकसान हुआ। लखनऊ के किसानों की जमीन एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत की गई थी पर आज तक उन्हें एक रुपया भी मुआवजा नहीं दिया। युवा भाकियू अध्यक्ष गौरव टिकैत ने कहा कि किसानों की लाठी का दम कम नहीं हुआ है। समय आने पर यह बता दिया जाएगा। विभिन्न मांगों को लेकर सीएम को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, पवन खटाना, राजवीर सिंह जादौन समेत विभिन्न जिलों से आए किसान मौजूद थे। राकेश टिकैत ने कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि किसानों को बिजली मुफ्त में देंगे। ऐसे में वर्ष 2027 तक तो प्रदेश में मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे।

ज्ञापन में दी गई मुख्य मांगें

सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली, मीटर लगवाने की प्रक्रिया रोकने, गन्ना मूल्य 500 रुपये क्विंटल घोषित करने, गन्ना बकाया देने, सरकारी जमीन पर पशुशाला बनाने, किसान आयोग का गठन, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, एनजीटी के नियमों में ढील, लखीमपुर कांड के दोषियों को सजा देने, बाढ़- सूखे का सर्वे कराकर मुआवजा देने, ऋण माफ करने, सोलानी नदी पर बांध बनाने, जीएम सरसों को प्रतिबंधित करने आदि की मांग की गई।

CMYK

डेढ साल से लम्बित, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट को लागू करे सरकारः चन्दन वाल्मीकि

अवधनामा ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। देश में वाल्मीकि जाति की सबसे बडी आवादी वाले सूबे के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ ने लखनऊ में 9 अक्टूबर, 2022 को वाल्मीकि प्रकट दिवस के अवसर पर वाल्मीकि जन्मोत्सव से जुढे हुए पदाधिकारियों ने वाल्मीकि समाज से जुड़ी हुई समस्या का एक प्रत्यावेदन देने पर कहा कि-हम लोगों ने प्रदेश के अन्दर इस तबके के हित के लिए एक आयोग का भी गठन किया और वाल्मीकि समुदाय से जुड़े व्यक्ति को उसका चेयरमैन बना कर उनसे कहा कि अपनी रिपोर्ट आप समय समय पर देते रहेंगें तो हम उस पर कार्यवाही भी करते रहेंगे, इस सम्बन्ध में चन्दन वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने आयोग की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ के नेतृत्व में आयोग के कार्यकाल के दौरान अपने अध्ययन कर सफाई कर्मचारियों के उत्थान के लिए आयोग की रिपोर्ट दिनांक 30 अक्टूवर, 2022 को मुख्य मंत्री जी को दे दी है, लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी उस पर सरकार ने क्या निर्णय कोई अता पता नहीं। इस बीच कानपुर में तीन सफाई कर्मचारियों की टैंक की सफाई करने के दौरान जहरीली गैसे से मौत होगी। उत्तर प्रदेश सरकार यदि समय से आयोग की रिपोर्ट को लागू करती तो कानपुर में सीवर के टैंक की सफाई के दौरन तीन सफाई कर्मचारी सोनू वाल्मीकि, सुखवीर सिंह, और सत्यम यादव की मृत्यु होने से बताया जा सकता था।राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश की सफाई कर्मचारियों के उत्थान एवं विकास के लिए योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उ0प्र0 से की गई मुख्य सिफारिशें में सीवर डैथ की रोकथाम के लिए कढे कदम उठाने के साथ साथ सीवर और सैप्टिक टैंक की सफाई एक जोखिम भरा कार्य है, लेकिन उसमें लगे सफाई कर्मचारी ज्यादातर ठेके के ही है। उनकी मृत्यु के बाद उनके परिवारों का पुर्नवास नहीं पाता है। जल संस्थानों व स्थानीय निकायों के कर्मचारियों की अंदेखी के कारण सीवर कार्य में लगी बडी बडी कम्पनियां बिना सुरक्षा उपकरण के सफाई कर्मचारियों का सीवर में उतार देते हैं। इस कारण सफाई कर्मचारियों की मौतों का सिलसिला रूक नहीं रहा है। फिलहाल में हुई सीवर डेथ की घटनाएं कानपुर के साथ लखनऊ, रायबरेली की घटनाएं जख्मों को और कुरेद देती हैं।चन्दन लाल वाल्मीकि ने बताया राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट में आरक्षण का वर्गीकरण एवं सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करने का भी उल्लेख किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश के की के चुनवा से पूर्व अपने घोषणा पत्र में आरक्षण का लाभ सभी जातियों को मिले और इस के आरक्षण के वर्गीकरण की बात कही। सरकार बनने के बाद इस पर तत्कालीन समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने काम भी किया। लेकिन सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को सरकार ने ठण्डे बस्ते में डाल दी सामाजिक न्याय की रिपोर्ट भी ने लागू नहीं की। चन्दन वाल्मीकि ने बताया कि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्वच्छकारों को पृथक आरक्षण की मांग भी प्रमुखता से की है अनुसूचित जातियों से अधिक मुख्य धारा में लाने के लिए सफाई पेशे में लगी जातियों जैसे वाल्मीकि, हेला, धानुक, डोम, बसोर डुमार, बॉसफोर, लालबेगी,आदि जातियों के लिए पृथक आरक्षण और विशेष सहूलियत दिये जाने की बात कही है।प्रदेश में नगरों का विकास हुआ है स्वच्छ भारत अभियान की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अनेक योजनाए है अरबों

रूपय का भारी भरकम सरकार बजट भी खर्च कर रही है लेकिन इस बजट में सफाई कर्मचारी कहीं नहीं दिखाई देता नियमित प्रकृति के सफाई कार्य पर भी ठेके पर काम लेकर सरकारें स्वच्छ भारत करने में लगी है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में सफाई कर्मचारियों की नियमित भर्ती की सिफारिश के साथ 2008 में सफाई मजदूरों की सम्बिदा भर्ती की के भारी विरोध हड़ताल के बीच तत्कालीन नगर विकास मंत्री मोहम्मद आजम खां ने नगर निकायों में सम्विदा के सफाई कर्मचारियों की भर्ती 2030 रूपये मासिक पारिश्रमिक पर की, गनीमत रही की बाद में अखिलेश यादव की सरकार में इस वेतन में लगभग 10,000 प्रतिमाह की बढोत्तरी की। आयोग की रिपोर्ट में सम्विदा सफाई कर्मचारियों का नियमितिकरण और सेवा के दौरान मृत संविदा सफाई कर्मचारियों के स्थान पर उनके आश्रितों को मानवीय आधार पर उनके रिक्त पदो पर समायोजन की भी सिफारिश की है। आयोग ने माना है कि सबसे ज्यादा शोषण का शिकार ठेका सफाई कर्मचारी हो रहा है। जहां ठेका कर्मचारियों को पारिश्रम बहुत कम है, वहीं उनका ईपीएफ, ईएसआई का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जो ठेका फर्म/कंपनियां सफाई कर्मचारियों के देयक उनके वेतन से तो काट लेते हैं, लेकिन जमा नहीं करते। इस लिए ठेका भर्ती के स्थान पर नियमित नियुक्ति करें सरकार।आयोग के संज्ञान में नगर पालिका परिषद बदायूँ के कई दैनिक वेतन सफाई कर्मचारी है जो नियमितिकरण की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद कुछ दैनिक वेतन सफाई कर्मचारियों को नियमित किया लेकिन ऐसे कई सफाई कर्मचारी आज भी नियमित होने से शेष है। वहीं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की के संसदीय क्षेत्र की नगर निगम वाराणसी के पुराने 431 ठेका कर्मचारियों को संविदा में परिवर्तन 431 ठेका सफाई कर्मचारियों को उनकी सेवाओं और नगर निगम वाराणसी के वोर्ड प्रस्तावों को दृष्टिगत करते हुए उन्हें संविदा में समायोजन किया जाना शेष है। आगरा शमशाबाद के ठेका सफाई कर्मचारी श्री बच्चू सिंह कूड़ा निस्तारण करते अपने दो पैर एक हाथ गवा चुके उनका पुनर्वास के लिए आयोग ने सिफारिश की है,इसके अलावा दुर्घटनाओं में मारे गये/घायक सफाई कर्मचारियों को मुआवजे, इलाज व पुनर्वास के लिए अलग बजट के अतिरिक्त विशेष फण्ड की व्यवस्था की जाए और परिवार के पुनर्वास की योजना बनाने की सिफारिश की है। पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों के लिए लगभग 1 लाख से अधिक सफाई कर्मचारी हैं। जिसमें उनकी सेवा नियमावली बनाई जाय। पुरानी पेंशन बहाल की बहाली, शैक्षिक योग्यता के अनुसार पदोन्नति सफाई कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा, सफाई कर्मचारियों की सेवाकाल में मृत्यु के उपरांत बीमा राशि बढा कर दस लाख की जाए।आयोग ने सफाई कार्य से जुडे लोगों का जीवन स्तर ग्रामीण क्षेत्रों में बडे बजबूरियों भरा रहा है इसके लिए जीवन यापन के लिए विमुक्ति जातियों की भांति भूमि हीन परिवार को कम से कम एक एकड की भूमि का पट्टा दिया जाए। वहीं महिला सफाई कर्मचारियों को सुबह आपने बच्चों को स्कूल भेजने आदि के लिए पर्याप्त समय मिले, इस लिए पूर्व की भांति सभी प्रकार की महिला सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी का समय प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ हो। और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छकारों की बस्तियों को स्थानीय निकाय नजूल की भूमि पर सैकडों वर्षों से रहते आ रहे हैं उन्हें मालिकाना हक मिले इसकी सिफारिश भी की है।चंदन लाल वाल्मीकि ने बताया कि आयोग ने राज्य कृषि उत्पादन मण्डी समितियां उत्तर प्रदेश में सफाई कर्मचारियों के पदों को नष्ट कर दिया है। प्रदेश की मण्डियों में सफाई कार्य को शत प्रतिशत ठेके पर दे दिया है। लेकिन सफाई कर्मचारियों के हितों को ध्यान में नहीं रखा गया है। मण्डियों के सफाई कर्मचारी का जीवन ठेकेदारों के चुंगल में फंस गया है।आयोग ने मण्डी समिति में हरा कचरा के मात्र अधिक निकलती है जिससे खाद बनाने में परिवर्तित किया जा सकता है। जिन मण्डियों में खाली स्थान है वहां कचरे से खाद बनाने के प्लांट लगाय जा सकते हैं यह पलान्ट अन्य राज्यों की मण्डियों में है जिससे कचरे निस्तारण की समस्या भी समाप्त होगी और मण्डी की आय भी बढ जायेगी। आयोग को प्रदेश के मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालयों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल रहा है। शाहजहॉपुर लखीमपुर खीरी सहित अनेक जिलों में सफाई कर्मचारियों को 12,000 प्रतिमाह देह है लेकिन सफाई कर्मचारियों को मात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलिया में तो 3,000 रूपये का ही नकद भुगतान किया जा रहा है।पोस्टमार्टम हाउस में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के रहन सहन उनके कार्य में उपयुक्त उपकरण , तथा नियमित वेतन दिये जाने की सिफारिश की है। सफाई कर्मचारियों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए केन्द्र सराकर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के अनेक योजनाएं है लेकिन उनका लाभ उत्तर प्रदेश के स्वच्छकारों को नहीं मिल पा रहा है। जिला उद्योग केन्द्र व खादी ग्रामोद्योग की योजनाओं, पशु पालन, मत्स विभाग की योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर ऋण एवं अनुदान की योजनाओं में सफाई कर्मचारियों वर्ग के बेरोजगारों को स्वरोजगार प्रदान कराना चाहिए,अब देखना है कि निकट भविष्य में लोक सभा चुनाव है सबसे अधिक वाल्मीकि समाज और स्वच्छकारों की अन्य उप जातियों हेला, धानुक, सुदर्शन, डोम, बसोर, डुमार, बॉसफोर, शहरों में अधिक संख्या में है, उनका उत्थान होने की आवश्यकता है।

कन्या जन्मोत्सवः बेटियों से बढ़ती है घर की शोभाः डीपीओ

अवधनामा ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना÷ के माध्यम से भ्रूण हत्या व बाल लिंग अनुपात में सुधार को लेकर सोमवार को जिला महिला अस्पताल पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावको को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए। प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला।डीपीओ संजय कुमार निगम ने कहा कि बेटियां लक्ष्मी, सरस्वती एवं दुर्गा मां का स्वरूप होती हैं। उनके होने भर से घर की शोभा बढ़ जाती है। बेटियों के जन्म पर बेटों के जन्म जैसा ही उत्सव मनाना चाहिए। रूढ़िवादी सोच को पीछे छोड़ बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। सीएमओ डॉ ज्योति मल्होत्रा ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी मामले में कम नहीं होती है। हर माता-पिता को अपनी बेटियों को पढ़ने का अवसर जरूर देना चाहिए। जिस गति से शिशु लिंगानुपात घट रहा है। उससे आने

वाले दिनों में कई तरह की सामाजिक समस्याएं आएंगी। बेटों की तुलना में बेटी माता-पिता का ज्यादा ख्याल रखती है। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देश, समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाएं। जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। इस दौरान प्रचार-प्रसार पंपलेट आदि वितरित किए। इस मौके पर हॉस्पिटल मैनेजर शिप्रा, हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा सहित चिकित्सालय का स्टाफ एवं नव जन्मी कन्याओं के अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

लिप्टिस के पेड़ दिखाने के नाम पर एक लाख की ठगी

अवधनामा ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुये मिसबाहुद्दीन ने बताया कि हम ग्राम महेवागंज थाना कोतवाली सदर जिला के निवासी है मिसबाहुद्दीन ने आगे बताया कि प्रवीण बंसल पुत्र अज्ञात निवासी हीरालाल धर्मशाला शहर लखीमपुर विपक्षी का मो0नं0-6393815457 है। प्रवीण बंसल हमें दिनांक 03.09.2023 को महेवागंज चैराहे पर मिला था कहा कि मुझे रूपये की जरूरत है मेरी लिप्टिस पेड़ मेरे खेत में लगी है बिक्री करा दो

हम ने विपक्षी की बात सुनकर लिप्टिस के पेड़ दिखाने के लिए कहा प्रवीण बंसल हमें अपने साथ वापस लखीमपुर शहर हीरालाल धर्मशाला के समीप मातृ छाया मैरिज लॉन के पास लेकर गया जहाँ पर हम ने प्रवीण बंसल को मुद्रा 1,00,000/-रू0 दे दिया 4-5 दिन हो जाने के बाद प्रवीण ने फोन पर बताया कि अभी एक हफ्ते बाद मिलना मिसबाहुद्दीन ने आगे बताया कि फोन किया तो प्रवीण ने अपना फोन बन्द कर लिया पता चला कि प्रवीण बंसल फ्राड किस्म का व्यक्ति है और जो हमें पेड़ दिखाया वह किसी दूसरी के लिप्टिस के पेड़ है हमारे साथ योजनाबद्ध तरीके से धोखाधड़ी किया है मिसबाहुद्दीन ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम तालगांव महम्दापुर निवासी लाला 37 वर्ष का शव घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। उसके गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। परिजनों का कहना है कि लाला ने किन्हीं कारणों से आत्महत्या की है। मृतक की पत्नी सावित्री ने इस घटना की सूचना पिसावां थाने में दी है।

यात्रा नहीं निकाल सके सपा नेता

सीतापुर।

समाजवादी छात्र सभा के जिला कोषाध्यक्ष शुभम रस्तोगी के नेतृत्व में ट्रामा सेंटर को सुचारू रूप से चालू कराने की मांग को लेकर होने वाली साइकिल यात्रा को सकरन पुलिस ने निरस्त करा दिया। इस दौरान सपा नेता ने जिला प्रशासन पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाया है। जिला प्रशासन ने धारा 144 लागू होने का हवाला देकर यात्रा को खत्म कराया। यह सब तब हुआ जब यात्रा पूरी तरह से अगले दिन निकलने की तैयारी में थी। अचानक रात में ही सपा नेता शुभम रस्तोगी को उनके आवास पर नजरबन्द कर दिया गया। सपा नेता शुभम रस्तोगी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सरकार के इशारे पर विपक्ष के आंदोलन को दबाने का काम कर रहा है। शुभम रस्तोगी ने अपने आवास पर ही स्वास्थ्य मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नायाब तहसीलदार जितेंद्र द्विवेदी को सौंपा।

सेवा ही संकल्प पदयात्रा का राज्य मंत्री ने किया शुभारंभ

रायबरेली। सेवा ही संकल्प पदयात्रा के अंतर्गत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद के कई स्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने जन चौपाल भी लगाई। जिसमें उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त राज्य मंत्री ने गांव का भ्रमण किया और बारिश से प्रभावित लोगों का हाल-चाल जाना। इस दौरान राज्य मंत्री ने इब्राहिमपुर, सड़वा,मानहेरू, जफरापुर, बेलाखारा, बेलाटेकेई, बेला गुसीसी,बेलाभेला, भूएमऊ,हनुमानगंज,भरतगंज, लक्ष्मणगंज,लोध्वारी, खुरहटी, रामगंज,मोहगवा,गोनद्वारा का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान राज्य मंत्री ने सभी प्रमुख स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है जनता तक सरकार की योजनाओं का लाभ हर हाल में पहुंचना चाहिए।

असंगठित मजदूर यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक 16 सूत्री ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। उत्तर प्रदेश में असंगठित मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा के लिये असंगठित मजदूर यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक 16 सूत्री ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में ई-श्रम पोर्टल पर आठ करोड़ 30 लाख असंगठित मजदूर पंजीकृत है परन्तु इनकी सामाजिक सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। ई-श्रम पोर्टल पर जितने भी मजदूर पंजीकृत है उन्हें लाभार्थी की श्रेणी में शामिल किया जाए और सरकार की हर योजना का लाभ उन्हे दिया जाये। उनका प्रमुख रूप से पांच लाख तक मुफ्त इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड, आवास योजना, पांच हजार रूपये पेंशन की गारन्टी, मजदूरो के बच्चों को शिक्षा अधिकार कानून के तहत मुफ्त शिक्षा की गारन्टी, मृत्यु होने पर पांच लाख का बीमा और दुर्घटना पर दो लाख का बीमा, अंत्येष्टि लाभ, कामकाजी महिलाओ के छः वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए शिशु पालना गृह और मजदूरों की बेटियों के विवाह के लिये सरकारी सहायता दी जाए। श्रम मंत्री द्वारा अगले छः माह में वेज बोर्ड के गठन की बात

औचित्यहीन है क्योकि प्रदेश में 2019 से वेज रिवीजन लम्बित है। तत्काल न्यूनतम मजदूरी का वेज रिवीजन किया जाए और इसके लिये वेज बोर्ड का गठन किया जाए। प्रदेश में निर्माण मजदूरों के बोर्ड द्वारा योजनाओ के लाभ से लेकर पंजीकरण, नवीनीकरण की प्रक्रिया को बेहद जटिल बना दिया गया है इन जटिल प्रक्रियाओ को समाप्त किया जाए। निर्माण मजदूरो की सामाजिक सुरक्षा के लिए नई योजनाएं चालू की जाये और जो पूरानी योजनाए चल रही है उन्हे पूरी क्षमता से चलाया जाए। बोर्ड में पंजीकृत निर्माण मजदूरों की आयु 60 वर्ष पूर्ण होने पर पेंशन योजना का लाभ दिया जाये। इन मजदूरो को शीघ्र बोर्ड से पांच हजार रूपयो की पेंशन दी जाये। बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के पूर्व में कैम्प लगाकर बने आयुष्मान कार्ड में अभी तक लाखों श्रमिक वंचित है उन श्रमिकों एवं उनके परिवार के लोगो के आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत ब्लाक व नगरीय क्षेत्र में कैम्प लगाकर बनाये जायें। प्रदेश के सभी लेवर अड्डो पर टीन शेड एवं पेयजल व शौचलय आदि की व्यवस्था करायी जाये। घरेलू कामगार के लिए कानून व बोर्ड का गठन तत्काल किया जाये तथा उनकी घण्टे व काम के अनुसार न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण किया जाये। ज्ञापन में मुख्य रूप से गुच्छन खां, गोकरन, संजय, बाबूराम, वीरेन्द्र कुमार, नफीस, गयासुददीन, जमालुददीन सहित सैकड़ो पदाधिकारियो एवं सदस्यो ने हस्ताक्षर किये थे।

डलमऊ में राष्ट्रीय पोषण माह 2023 का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वाधान में आज राष्ट्रीय पोषण माह 2023 के अंतर्गत तहसील सभागार डलमऊ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में गोद भराई, अन्नप्राशन एवं व्यंजन प्रतियोगिता ,विभागीय स्टॉल के साथ-साथ सहजन आदि फलदार पौधों का भी लाभार्थी एवं आंगनबाड़ी कार्यकतियों में जिलाधिकारी महोदय के द्वारा

वितरण किया गया। जैसा कि पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है और साथ ही जन जागरूकता भी बढ़ाई जा रही है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम जनपद के विभिन्न ब्लाकों में आयोजित की जा रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया की वर्ष 2023 में छठा राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। मिशन लाइफ के अंतर्गत जनपद में विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं का आयोजन एवं गतिविधियां संबंधित बाल विकास परियोजनाओं द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिलाधिकारी द्वारा डलमऊ तहसील परिसर में बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल एवं मिलेट्स से बने व्यंजनों की प्रस्तुति की सराहना की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डलमऊ एवं दिनसा गौरव ब्लॉक की विभिन्न आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के साथ-साथ डलमऊ की मुख्य सेविका शैल सिंह, राजकुमारी, गीता शुक्ला एवं दिनसा गौरव ब्लॉक की मुख सेविका गायत्री शुक्ला एवं डलमऊ परियोजना कार्यालय के कर्मचारी सलमान अली एवं अजय कुमार का भी विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर बाल विकास योजना अधिकारी आशुतोष कुमार तिवारी और विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी गण एवं ब्लॉक स्तरीय

बांसा व नेदुरा ग्राम पंचायतों ने जनपद को किया गौरवान्वित

हरदोई। स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के अंतर्गत आज उत्कृष्ट कार्य करने वाली उत्तर प्रदेश की 60 ग्राम पंचायतों को पंचायती राज निदेशालय लखनऊ में स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ 5 ग्राम पंचायतों को कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज सिंह ने सम्मानित किया। इन 5 ग्राम पंचायतों में जनपद का चर्चित गांव बांसा तीसरे स्थान पर रहा। अन्य 55 ग्राम पंचायत को मिशन निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली इन पंचायतों में जनपद की एक अन्य ग्राम पंचायत नेदुरा भी रही। सम्मान बांसा के ग्राम प्रधान सम्पूर्णानन्द सिंह पूनम व नेदुरा के ग्राम प्रधान महेन्द्र पाल ने प्राप्त किया। जिला पंचायती राज अधिकारी विनय कुमार सिंह को भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इन 60 ग्राम पंचायतों का नाम भारत सरकार को पुरुस्कार हेतु प्रेषित किया गया है। इस अवसर पर पंचायत सचिव विपिन कुमार, बांसा के पंचायत सहायक शिवा, सफाई कर्मी दयाशंकर को भी सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पंचायती राज विभाग को बधाई देते हुए कहा कि जनपद की दो पंचायतों का सम्मानित होना जनपद के लिए गौरव का विषय है।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर की चर्चा

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा सीतापुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक अधिवक्ता चेंबर नंबर 16 कलेक्टरेट केंपस सीतापुर में आहुत की गई। बैठक में आगामी मांह अक्टूबर में विजयदशमी-मिलन एवं वरिष्ठ-जन-सम्मान समारोह के परिप्रेक्ष्य मैं बैठक में विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राणा एवं प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ इंदु सिंह चौहान, प्रदेश सचिव सुनील सिंह गौर एडवोकेट आदि राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी की उपस्थिति रहे। जिला

तय की गई कार्यक्रमों की रूप रेखा

अध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राणा को माला पहनाकर बुके भेंट कर स्वागत बंदन एवं अभिनंदन किया। इसी क्रम में जिला प्रभारी रिपुदमन सिंह ने भी माला पहनकर स्वागत किया। अन्य सभी पदाधिकारी ने भी पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राणा ने राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा सीतापुर के पदाधिकारी का मार्गदर्शन करते हुए अपने समाज के लोगों को जोड़ने एवं उनके सुख-दुख में उपस्थित दर्ज करा कर एवं समाज के होनहार बच्चों को शिक्षित करने

पर बल दिया। जिला कार्यकारिणी की भूरी भूरी प्रशंसा की। एवं आए हुए अन्य प्रदेश पदाधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी माह अक्टूबर 2023 के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किया। जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई। इस अवसर पर शीतला बक्स सिंह चौहान, उपाध्यक्ष योगेश सिंह, धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, प्रमोद सिंह, संजय सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिव्यांश तोमर, कुसुम सिंह चौहान, धीरेंद्र सिंह भदौरिया धीरू, दीपक सिंह, अर्पित सिंह चौहान, शैलेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, राजन सिंह, अमित सिंह, अंशु सिंह ,मुनेंद्र सिंह ,शुभम सिंह, राजीव सिंह गौर, अनिल कुमार सिंह, नन्हे सिंह ,बलबीर सिंह, रणविजय सिंह ,प्रवीण सिंह चौहान, पंडित सिंह चौहान, आदर्श सिंह चौहान, महेंद्र प्रताप सिंह चौहान ,हिमांशु सिंह सचिन सिंह, शिवम सिंह अनमोल सिंह, एवअवधेश सिंह आदि ने बैठक में उपस्थित होकर आगामी माह में प्रत्येक वर्ष की भांति विजयदशमी मिलन एवं वरिष्ठ जन सम्मान समारोह पर विस्तृत रूप से चर्चा की। सितंबर माह के आखिरी रविवार को पुनः समीक्षा बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं विचार विमर्श किया जाएगा।

लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में नोएडा के सभी थाना में हो रही कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। थाना दादरी पर वीशू पुत्र नरेश गुर्जर निवासी ग्राम मिलक खटाना थाना जारचा गौतमबुद्धनगर ने सूचना दी कि मेरे भाई आदेश उर्म 24 वर्ष को गांव के ही हिस्ट्री शीटर कुल्लू उर्फ कुलदीप गुर्जर पुत्र श्रीपाल द्वारा दादरी से ग्राम मिलक खटाना जाते समय रास्ते में गोली मार दी है। आदेश के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है जो अब तक की जानकारी से संदिग्ध प्रतीत हो रही है, साथ ही साथ यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि कुलदीप गुर्जर के भी पेट में गोली लगी है।

उपरोक्त दोनो पक्ष एक ही ग्राम मिलक खटाना के हैं एवं दोनो ही गुर्जर हैं। दोनो का पुराना विवाद है लेकिन वीशू द्वारा थाने पर दी गयी सूचना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस द्वारा सभी बिंदुओ पर जांच व आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

थाना कासना पुलिस व बदमाश के बीच हुयी मुठभेड के सम्बन्ध में थाना कासना क्षेत्र के अंतर्गत डाढा गोलचक्कर के पास चैकिंग के दौरान हुयी मुठभेड में एक बदमाश चंद्रभान पुत्र देवी सहाय उर्फ चरण सिंह निवासी सैनी धर्मशाला के निकट थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर गोली लगने से घायल व गिरफ्तार, कब्जे से एक मो0सा0,01 तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस बरामद। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा जा रहा है।अभियुक्त पर हत्या डकैती लूट के करीब एक दर्जन अभियोग गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड में पंजीकृत हैं। अभियुक्त तत्काल उपचार हेतु निगरानी में अस्पताल रवाना किया गया है, एवं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य को समय पर पूरा करें: जितिन प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

बांदा। लोक निर्माण मंत्री, उत्तर प्रदेश श्री जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में लोक निर्माण विभाग एवं सेतु निगम के द्वारा कराया जा रहे सड़क निर्माण एवं सेतु निर्माण के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुईस बैठक में माव मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

समीक्षा बैठक में उन्होंने बदौसा - पौहार की सड़क के मरम्मत का कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिएस उन्होंने बुंदेलखंड विकास निधि के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य को शीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कालिंजर के हॉस्टल बेरीक का कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिएस प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग तथा निर्माण खंड- एक के द्वारा निर्माण की जा रही सड़कों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बांदा बिसंडा मार्ग में जल निगम द्वारा इंटरलॉकिंग के कार्य को पाइपलाइन डालने में खुदाई कर ठीक न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जल निगम के ठेकेदार के द्वारा तत्काल सड़क को ठीक कराए जाने के निर्देश के साथ कार्रवाई करेंस उन्होंने बिसंडा - बिसंडा मार्ग जो चित्रकूट साइड के विस्तार कार्य को भी दिसंबर तक प्रत्येक दशा में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिएस उन्होंने अतर्रा से बबेरू रोड वाया बिसंडा वाली सड़क की मरम्मत कार्य को कराए जाने के निर्देश दिए स बांदा बाईपास रिंग रोड के अवशेष कार्य को भी शीघ्र कार्रवाई कर, सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य

कैबिनेट मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की

सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्र सड़कों की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कराए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने जनपद में निर्माणाधीन सेतुओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए की भदावल / मर्का पुल का निर्माण कार्य शीघ्र कराकर इसको प्रारंभ कराया जाएस उन्होंने झांसी - मानिकपुर सेत के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए इस सेतु का निर्माण कार्य अक्टूबर माह के अंत तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई।

स्कूल में सामान चोरी

नवाबगंज फर्रुखाबाद। चोरों ने प्राथमिक विद्यालय के दीवार में नकाब काटकर लगाकर लाखों सामान पार कर ले गए हैं। प्रधानाध्यापक ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने कहा कि पुलिस की लापरवाही से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। दो दिन में खुलासा न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय समेचीपुर मजरा के प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह रोजाना की तरह अपने कार्यालय का ताला बंद करके अपने घर चले गए थे जबकि रविवार का अवकाश था प्रधानाध्यापक ने बताया कि वह कल अपने कार्यालय नहीं आए थे जब सोमवार को जब वह बच्चों को पढ़ने के लिए अपने विद्यालय आए तो वहां पहले तो गेट पर ही ताले टूटे पड़े थे उनके होश उड़ गए जब अंदर जाकर देखा तो सीगचा के नीचे की दीवार कटी हुई थी जिसमें अज्ञात चोरों ने घुसकर उसमें रखा इनवर्टर बैट्री रेडियो ब्लूटूथ माउस माइक तथा पूरा म्यूजिक सिस्टम कमरे में रखा स्वच्छता का सामान सावन तो लिया हार्पिक आदि तथा रसोई घर में रखा गैस सिलेंडर चूल्हा तथा बच्चों के खदान में गेहूं चावल आज सारी चीज चोरी कर लें गये।

उत्पीड़नः 151 के जमानतदार परेशान नेबुआ नौरंगिया पुलिस कर रही चालान

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया पुलिस का अजीबो गरीब कारनामा सामने आया है। यहां पुलिस जमानतदारों को भी चालान कर दे रही है। नेबुआ नौरंगिया पुलिस के इस दबंगई से आम लोगों में दहशत का माहौल है। उत्पीड़न से परेशान क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवा निवासी नन्द किशोर ने पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को प्रार्थना पत्र देकर यह आरोप लगाया है।

नेबुआ नौरंगिया पुलिस की दबंगई से लोग परेशान, एक पक्षीय कार्यवाही का आरोप

पीड़ित ने एसपी को पत्र देकर लगाई गुहार

एसपी को दिए पत्र में नंदकिशोर लिखा है कि मेरे पड़ोसी भुल्ली पुत्र इन्नर से मेरे साथ जमीन विवाद का मामला चल रहा था। जिसको लेकर एक समझौता हुआ जिसमें समझौते को दोनों पक्ष मान गए और सहमति बनाते हुए उस पर अपना हस्ताक्षर भी किया। उसके बावजूद विपक्षी द्वारा उस समझौते को न मानते हुए विवादित जमीन में खिड़की खोलने व सीढ़ी बनाने का प्रयास कर रहा है जिसकी शिकायत थाने पर पीड़ित परिवार ने किया तो नेबुआ नौरंगिया पुलिस विपक्षी से मिलकर एक तरफा कार्रवाई करते हुए 151 में चालान कर दिया। चलान होने के बाद जब जमानत पर छुटे तो अपना मोटरसाइकिल लाने थाने पहुंचा तो फिर जमानतदार रिश्तेदारों को भी चालान कर दिया गया। जब जमानत पर छुटे तो पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दे पीड़ित आपबीती बता रहा है। इस संबंध में नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं छुट्टी पर हूं, आते है तो दिखवाते है।

घर में घुसकर महिलाओं को दी गाली

पीड़ित ने बताया कि पुलिस घर पहुंची और घर में जबरदस्ती घुसकर महिलाओं को गाली गलौज देते हुए हमारे लड़के विवेक सिंह को पुलिस जीप में लादकर जबरन थाने उठा लाई जबकि वह लड़का आईटीआई के टेस्ट परीक्षा में पास हो गया था और वह काउंसलिंग में जाने के लिए तैयार होकर कपड़ा पहन रहा था। घर में घुसकर पुलिस महिलाओं को गाली गलौज देते हुए मार पिट उसका मोबाइल भी छिन लिए लड़के ने आरोप लगाते हुए कहा कि रामभर यादव जो हल्का इंचार्ज है। वह विपक्षी से मिले-जुले हैं और हमको थाने लाकर बुरी तरह से मारे पिटे हमारे विनती करने के बाद 151 में चालान कर दिए पीड़ित परिवार नेबुआ नौरंगिया पुलिस से एकदम डरा सहमा हुआ है। पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित परिवार ने कहा की नेबुआ नौरंगिया पुलिस से डरा सहमा हुआ है। अब देखना यह है कि पुलिस का उत्पीड़न इस परिवार के ऊपर से कब कम होता है या इसी तरह यह पीड़ित परिवार पुलिस उत्पीड़न का शिकार बना रहता है।

गंभीरता और संवेदनशीलता से हो समस्याओं का निस्तारणः योगी

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे लोगों की समस्याओं का पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं। यह भी ध्यान दिया जाए किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। सीएम योगी ने ये निर्देश सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान दिए। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। हर बार की भांति इस जनता दर्शन में भी इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन भी आए।

जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

मुख्यमंत्री ने आवेदन पत्र देने वाले लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने को तत्पर है। किसी के इलाज में धन की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि इलाज में आर्थिक सहायता संबंधी आवेदनों में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं।

मोहम्मद साहब की आमद सारी नेमतों से बढ़करः काजी शहर

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। अल्लाह तआला ने अपने हबीब हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को दुनिया की सबसे बड़ी नेमत बनाकर भेजा और जब किसी को कोई नेमत मिलती है तो वो खुशियां मनाता है और आक़ा की आमद सारी नेमतो से बढ़कर है। लिहाजा उनकी आमद के मौके पर खूब खुशियां मनानी चाहिए।

यह बात काजी शहर फरीद उद्दीन कादरी ने कही। उन्होने कहा कि मुस्लिम समाज के लोगों का खुशियां मनाने का अमल इस तरह से होना चाहिए कि गरीबों, मिस्कीनों और यतीमो की मदद करें। मरीज व मुसाफिर और जरूरतमंदो की जरूरत पूरी करें। कमज़ोर का सहारा और बेवाओं के मददग़ार बने कि ये खुशियां मनाने और अल्लाह तआला के शुक्र का बेहतरीन ज़रिया है। श्री कादरी ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग इस बात का ख्याल रखे कि सजावट करने और जुलूस निकलने में किसी को तकलीफन होने पाए। खुसूसियत के सात बिरादराने वतन के ज़ज्बात का खास ख्याल रखें। गलियां और मोहल्ला सजाने मे भी ये ख्याल रखें कि किसी की गाड़ी निकलने या चलने में दुश्वारी न हो। अपने घरों और गलियों को सजाएं रोशनी और चिरागां का अहतेमाम करें और बारह रबीऊल अव्वल शरीफके दिन बअदब जुलूस में शामिल हों। उन्होंने कहा कि जो पैग़म्बर सारी कायनात के लिए रहमत, नेमत, उलफ्तो मोहब्बत और अमनो शांति का पैकर बनकर तशरीफ लाए उनकी आमद के मौके पर मुस्लिम समाज के लोग ये अहद करे कि हमे वो काम करना है जिसके लिए पैग़म्बरे इस्लाम ने हमें तालीम दी है। उन्होने बताया कि जुलूस-ए-मोहम्मदी 28 सितंबर को निकाला जाएगा।

बाइक से गिरकर मां-बेटी घायल

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंदौली रोड में चलती बाइक से गिरकर मां-बेटी घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के मुत्तौर गांव निवासी राम किशोर दुबे का पुत्र कमल किशोर दुबे अपनी पत्नी रूपा दुबे व सास ऊषा तिवारी पत्नी बद्री प्रसाद तिवारी निवासी धौसड़ थाना तिंदवारी जनपद बांदा को बाइक में बैठाकर मुकदमे की पैरवी में आ रहा था। बताते हैं कि जैसे ही यह लोग राधानगर थाने के अंदौली रोड पर पहुंचे तभी ब्रेकर में बाइक उछलने से मां-बेटी गिरकर घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल मां-बेटी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं ऊषा का पति राम किशोर तिवारी का कहना है कि पिछले छह माह से पति-पत्नी के बीच विवाद चला आ रहा है। आज तारीख पर मां-बेटी आ रही थीं और दामाद ने जान-बूझकर ब्रेकर में गाड़ी उछाल कर बेटी व पत्नी को गिराया है।

निर्माणधीन विद्यालय में ठेकेदार नाबालिग बच्चों से करवा रहा कार्य

अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। विकास खंड राजेपुर के गांव पिथनापुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। मानक विहीन निर्माण कार्य होने के कारण छज्जा गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पत्रकारों की टीम निर्माणधीन विद्यालय पहुंची वहां पर दो नाबालिक बच्चे कार्य कर रहे थे। पत्रकारों को देखते ही कार्य की देख रेख कर रहे मेठ ने नाबालिक बच्चे को वहा से भगा दिया जबकि दो नाबालिक बच्चे ईट साफ करते हुए कैमरे में कैद हो गये। इस संबंध में ठेकेदार राहुल शुक्ला से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। जब अवर अभियंता बृजमोहन से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि अभी मैं मीटिंग में हूं एक घंटे के बाद संपर्क करना इन नाबालिक बच्चों पर कार्य करने के बारे में कोई भी मुंह खोलने को तैयार नहीं है जबकि सरकार नाबालिक बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे रही है। वहीं दूसरी तरफ परिजन मासूम बच्चों को शिक्षा ग्रहण न कराकर मजदूरी में लगाए हुए हैं। नाबालिक बच्चों पर ठेकेदार भी रहम नहीं कर रहे हैं बल्कि बच्चों से कार्य करवा रहे हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के निर्माण में एक मजदूर के छज्जा गिरने से चोट आई है इसके बावजूद भी ठेकेदार इस पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे बल्कि घटिया कार्य करने में जुटे हुए हैं।

पशु मेला 31 अक्टूबर तक रद हुआ

मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि मुख्य सचिव उ.प्र. के पत्र के क्रम में भारत के विभिन्न राज्यों में विशेषकर उत्तर प्रदेश के पूर्वाचंल, मध्याचंल एवं बुन्देलखंड के 35 जनपदों लम्पी स्किन डिसीज का गोवंश में संक्रमण हुआ है, यह एक विषाणुजनित रोग है, जिसका प्रसार प्रभावित पशुओं से मक्खी जैसे वेक्टर के माध्यम से अन्य पशुओं में होता है, इस संक्रमण रोग के जनपद में प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु गौवंश एवं महिषवंश पशुओं के अर्न्तजनपदीय परिवहन पर दि. 31 अक्टूबर तक पूर्णतः प्रतिबन्धित किया गया है, लम्पी स्किन डिसीज के संक्रमण से पशुओं को बचाने के दृष्टिगत जनपद में दि. 31 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले पशु मेलों, पशु हाट, पशु पेंठ विशेषकर जहां गौवंश, मर्हिषवंश का क्रय-विक्रय होता है, पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा, उक्त अवधि तक कोई पशु मेला नहीं लगेगा। उन्होने पशु चिकित्साधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुये कहा कि दि. 31 अक्टूबर तक निराश्रित गौ-आश्रय स्थलों, कान्हा गौशालाओं में कोई नया गौवंश संरक्षित न किया जाये, यह आदेश नगर निकाय, जिला पंचायत, ग्राम पंचायत, निजी अथवा स्वयं सेवी संस्था द्वारा संचालित गौ-आश्रय स्थल, गौशाला पर भी लागू होगा।

पनियहवा पुल से विवाहिता ने लगाई छलांग नाविक और पुलिस कर्मियों ने सुरक्षित बचाया

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। खड्डा थानाक्षेत्र में सोमवार की दोपहर छितौनी बगहा रेल पुल सह सड़क पुल से एक महिला आत्म हत्या करने के लिए गंडक नदी में कूद गई जिसे नदी में नाव चला रहें नाविक व सालिकपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बचा लिया। सोमवार दोपहर बाद महराजगंज जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी श्याम लाल कुशवाहा अपनी पत्नी अनीता कुशवाहा उम्र 25 वर्ष के साथ मदनपुर देवी दर्शन करने आया था। दर्शन के उपरांत वापस लौटते समय पुल पर पति पत्नी सेल्फी ले रहें थे इसी दौरान अचानक पत्नी अनीता नदी में कूद गई और नदी की धारा में बहने लगी पत्नी को नदी में कूदते देख पति शोर मचाने लगा पति का शोर सुन पुल पर गश्त कर रहे सालीकपुर चौकी के पुलिस कर्मियों ने नदी की धारा में बहते अनीता का नाव से पीछा कर सुरक्षित बाहर निकाल जान बचाई और एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी तुर्कहां भेजवाया। पति श्यामलाल ने बताया कि पत्नी की दिमागी हालत ठीक नहीं है मदनपुर देवी दर्शन करके वापस लौटते समय पुल पर सेल्फी ले रहें थे इसी दौरान अचानक नदी में कूद गई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। भाजपा के नवांगत जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के स्वागत में जनसमूह उमड़ पड़ा। पार्टी के जिलाध्यक्ष के स्वागत समारोह में पार्टी के विधायकों के अलावा बड़े छोटे नेताओं व कार्यकर्ताओं का समूह उमड़ पड़ा। स्वागत किसी उत्सव जैसा नज़ारा दिखाई दिया।

पूर्व ब्लाक प्रमुख राजू साहू के नेतृत्व में साहू समाज ने बाकरगंज चौराहे पर जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल का चांदी का मुकुट पहनाकर व माल्यार्पण कर ज़ोरदार स्वागत किया। आतिशबाजी के बीच जन समूह ने भी गगनचुंबी नारों के साथ जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नवांगत जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के प्रथम जनपद आगमन के दौरान जनपद सीमा छिवली नदी के पुल से लेकर शहर के अंदर तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। नये जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल के आगमन को लेकर कई दिनों से कार्यकर्ता तैयारियां कर रहे थे। संगठन के सभी फ्रंटलो के उत्साहित कार्यकर्ता सुबह से ही स्वागत स्थल पर फूल-मालाओं के साथ तैयार थे। जैसे ही जिलाध्यक्ष का काफिला शहर सीमा नऊवाबाग पहुंचा अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, बिंदकी विधायक जय कुमार जैकी, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप धुन्नी सिंह, पवन मिश्रा, विमलेश साहू समेत पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद शहर के अंदर सहयोगी दल अपना दल के कार्यकर्ताओं के अलावा जगह जगह स्वागत किया गया। स्वागत के बाद नवांगत जिलाध्यक्ष का काफिला जिला कर्यालय पहुंचा जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमलाओ से स्वागत किया गया तत्पश्चात जिलाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया गया।

रूपेश व रिंकू ने बुलडोज़र में किया स्वागत

भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद रूपेश तिवारी व जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी की अगुवाई में जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल का अनोखे अंदाज में स्वागत किया गया। जैसे ही मुखलाल पाल का काफिला आबूनगर स्मिता नर्सिंग होम के निकट पहुंचा जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, पूर्व सभासद रूपेश तिवारी, नमामि गंगे संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल, डा. अतुल द्विवेदी, बबलू कालिया ने अनोखे अंदाज में बुलडोज़र पर चढ़कर जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल को माला पहनाकर स्वागत किया।

पूर्व कुलपति प्रो. सत्यमित्र दूबे का निधन

गाजीपुर अवधनामा संवाददाता। यश भारती और गाजीपुर गौरव पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात समाजशास्त्री, पूर्व कुलपति, कवि, लेखक व समाजवादी चिंतक प्रो. सत्यमित्र दूबे का बीती रात नोएडा में निधन हो गया। उनके निधन की खबर लगते ही जनपद में शोक की लहर है। ददरी घाट निवासी प्रो.सत्यमित्र दूबे की प्रारंभिक पढ़ाई गाजीपुर में हुई थी। इसके बाद आगे की पढ़ाई लखनऊ विश्वविद्यालय से की। इनका छात्र जीवन उपलब्धि पूर्ण रहा। गोरखपुर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र के प्राध्यापक और डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर, अध्यक्ष एवं कुलपति के रूप में किए गए कार्य इतिहास रचते रहे। वह समाजशास्त्र के अंतर्राष्ट्रीय विद्वान रहे।

साहित्य राष्ट्र निर्माण सबसे मजबूत कड़ीः डॉ संगीता

गाज़ीपुर अवधनामा संवाददाता। राहुल सांकृत्यायन विद्यालय गौसपुर मोहम्मदाबाद में साहित्य उन्नयन संघ द्वारा आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचना पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला पी. जी. कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. संगीता मौर्या ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत कड़ी है। साहित्य के उत्थान के बिना एक आदर्श समाज का निर्माण मुश्किल है। साहित्य उन्नयन संघ के अध्यक्ष कवि दिलीप कुमार चौहान बाग़ी ने भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए कहा कि- जेवन मजा बा नौकरी में ओसे ज्यादा बा प्रधानी में, ऐ राजा चुनाव तु लड ल कुछ बा ना अब किसानी में। वरिष्ठ कवि व साहित्य उन्नयन संघ के मुख्य संरक्षक श्री धर्मदेव सिंह यादव ने पढ़ा कि कर्म के यज्ञ में श्रम की दे आहुति चारों फल जिन्दगी के ही पाते चलो, दीन दुखियों को भी निज सखा मानकर दे ख़ुशी उनको उर से लगाते चलो। कवि कृष्णानन्द दुबे गोपालगोपाल जी ने यातायात सुरक्षा पर अति मार्मिक रचना प्रस्तुत की। देश के प्रतिष्ठित टी. वी. शो वाह भाई वाह पर धूम मचाने वाले युवा कवि रमाकांत यादव ने अपनी कविता लाख सोहरत और दौलत देदी हो ये जिंदगी फिर भी ज़िन्दा अंदर एक फ़कीर होना चाहिए सुनाकर उपस्थित छात्र-छात्राओं में उत्साह भर दिया।

झूठे दिखावल भोर भोजपुरी गीत संग्रह का विमोचन

गाजीपुर अवधनामा ब्यूरो। साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में चेतना-प्रवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत भोजपुरी के जनपक्षीय चेतना के सिद्ध गीतकार स्मृतिशेष गौरीशंकर मिश्र मुक्त जी की जयन्ती पर डॉ. अक्षय पाण्डेय द्वारा सम्पादित मुक्त जी के भोजपुरी गीतों का संग्रह झूठे देखावल भोर का भव्य विमोचन गदाधर-श्लोक महाविद्यालय रेवतीपुर के सभागार में संपन्न किया गया। इस समारोह के अध्यक्ष भोजपुरी के वरिष्ठ कवि अनन्तदेव पाण्डेय अनन्त, मुख्य अतिथि ओम धीरज, वरिष्ठ नवगीतकार, अपर मण्डलायुक्त (से.नि.), वाराणसी व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु उपाध्याय रहे। संचालन युवा नवगीतकार डॉ. अक्षय पाण्डेय ने किया। वक्ताओं में प्रमुख रूप से ओम धीरज, डॉ.विनय कुमार दूबे डॉ.रामनारायण तिवारी, डॉ.रामचन्द्र दूबे, विश्वविमोहन शर्मा, डॉ.ऋचा राय, डॉ.सन्तोष तिवारी, प्रवीण शुक्ल आदि ने अपने विचार रखे।

किसान दिवस 20 सितम्बर को

मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में दि. 20 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से खंड विकास अधिकारी कार्यालय सभागार में किसानों की समस्याओं के निस्तारण हेतु किसान दिवस का आयोजन होगा। उन्होने बताया कि किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ कृषकों की आय बढ़ाने के उपाय, कृषि विपणन के सम्बन्ध में उपयोगी जानकारी, किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी, कृषि निवेश, उपकरणों, संचालित योजनाओं में लाभार्थी किसानों के चयन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी जायेगी।

जालौन सीएचसी में हुआ स्वास्थ्य मेले का आयोजन

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। आयुष्मान भवः योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य मेलों का आयोजन इस उद्देश्य के साथ किया जा रहा है कि लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए इधर उधर भटकना न पड़े। उन्हें एक ही स्थान पर सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। यह बात सीएचसी में आयोजित स्वास्थ्य मेले में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भवः योजना के अंतर्गत सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, सीडीओ भीमजी उपाध्याय व सीएमओ एनडी शर्मा द्वारा फीता काटकार किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि अभियान का मकसद सिर्फ आयुष्मान भारत योजना को लोगों तक पहुंचाना नहीं है। इसके अंतर्गत जो लोग इलाज के लिए इधर, उधर भटकते हैं उन्हें एक ही स्थान पर सही इलाज मिल सके इसको भी सुनिश्चित किया जाना है। स्वास्थ्य मेला में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता, मेडिकल कॉलेज से आई विशेषज्ञों की टीम में नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. नमृता द्विवेदी, सर्जन डॉ. रितिका, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार, एसपीएम रितेश कुमार के अलावा महिला सर्जन डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. राजीव दुबे, डॉ. विनोद राजपूत ने प्रसूति एवं स्त्री, बाल चिकित्सा, सर्जरी, ईएनटी व मनोरोग से संबंधित रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की।

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 20.10.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

निविदा सूचना संख्या	011502023 दिनांक 18.09.2023	
कार्य का नाम : 1. सहायक मण्डल इंजीनियर रायबरेली के अधीन अमेठी–रायबरेली–उतरठिया सेक्शन (सीसी+8+2टी सेक्शन, प्रस्तावित 130 किमी प्रति घंटा सेक्शन) पर आरसीसी बॉक्स के साथ/रायबरेली में स्टोन स्लैब पुलों का प्रतिस्थापन [कुल – 56 संख्या (पुल संख्या 331, 337, 353, 357, 364, 373, 374, 379, 393, 396, 405, 415, 423, 444,446, 448, 450,452,454,455,459,463,478,492,493,504, 515, 516, 517, 518, 519, 538, 539, 542, 548, 553, 564, 566, 579, 633, 645, 656, 657, 671, 678, 680, 682, 686, 689, 690, 692, 701, 706, 711, 738, 740)] का कार्य।		
2. सहायक मण्डल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन जंघई–जाफराबाद सेक्शन (सीसी+8+2टी सेक्शन) पर स्टोन स्लैब पुलों (48 संख्या) को आरसीसी बॉक्स से बदलना का कार्य।		
अनुमानित लागत	1. Rs. 12,88,42,650.13	2. Rs. 11,03,48,586.26
धरोहर राशि	1. Rs. 7,94,200.00	2. Rs. 7,01,800.00
कार्य समापन की अवधि	1. स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह	2. स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह
निविदा डालने का प्रारंभ : 06.10.2023, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 20.10.2023 15.00 बजे, बेवसाईट : www.ireps.gov.in		
निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।		2902/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 09.10.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर स्वीकार नही किये जायेगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा।

निविदा सूचना संख्या	11202023 दिनांक 15.09.2023
निविदा संख्या	04/Sr.DEN-C/LKO/2023-24, 05/Sr.DEN-C/LKO/2023-24
कार्य का नाम	1. सहायक मंडल इंजीनियर/उन्नाव के अधीन में स्थिति बीघापुर बैलास्ट डिपो (नार्थ एवं साउथ जोन) में 60000 घन मीटर 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोंडी गयी कठोर गिटटी जो आर डी एस ओ/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या जून 2004 की आई आर एस–जी ई–आई तथा चीफ इंजीनियर के सर्कूलर संख्या 257 के अनुसार गिटटी के आपूर्ति, चटटा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना।
	2. सहायक मंडल इंजीनियर/उन्नाव के अधीन में स्थीत तकिया बैलास्ट डिपो (नार्थ एवं साउथ जोन) में 85000 घन मीटर 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोंडी गयी कठोर गिटटी जो आर डी एस ओ/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या जून 2004 की आईआरएस–जी ई–आई तथा चीफ इंजीनियर के सर्कूलर संख्या 257 के अनुसार गिटटी की आपूर्ति, चटटा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। (दोहरी पैकेट प्रणाली)
अनुमानित लागतः 1) रुपये 8,22,55,800.00 2) रुपये 12,05,01,950.00	
धरोहर राशिः 1) रुपये 5,61,300.00 2) रुपये 7,52,500.00	
कार्य की समापन अवधिः क्र0सं. 1 एवं 2 के लिये स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। निविदा डालने का प्रारंभः 25.09.2023	
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 09.10.2023 15:00 बजे	
वेबसाईटः www. ireps.gov.in	

नोटः– 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वेल्यू जो कि IS:2386 Pt. IV 1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS:2386 Pt.-III-1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS:2386 Pt. III 1963 पर आधारित हो) की जॉच रिर्पोट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक/आई0आई0टी0 तथा एन0आई0टी0 की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेंगी। 2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2882/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बीजेपी जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। बीजेपी जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गृहनगर पहुंचे भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय पांडेय का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कड़ी धूप के बीच कार्यकर्ता उन्हें सैकड़ो वाहनों के काफिले के साथ शहर में लाए।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नव नियुक्त जिलाध्यक संजय पाण्डेय ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसमें वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता से काम करें। जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने के लिए उन्होंने पार्टी नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। संचालन महामंत्री बबलू यादव ने किया। इसके पूर्व जनपद की सीमा कतरारी में पूर्व प्रमुख निर्भय सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया ,परतावल में पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह अपने सैकड़ो समर्थको के साथ स्वागत किया, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ भिटौली में भव्य स्वागत किया। रास्ते भर कार्यकर्ताओ ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया।पार्टी कार्यालय पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा अपने छोटे ओर जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं का पूरा ध्यान रखती है। संजय पांडेय इसका उदाहरण हैं। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा किने

कहा कि संजय पाण्डेयव सालों से पार्टी से जुड़े थे, विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया था,पार्टी ने उन्हें जिले की कमान दी है वह पार्टी को जिले में नई मजबूती देंगे। पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि जिलाध्यक्ष बने संजय पांडेय ने एक छोटे से कार्यकर्ता के रूप में पार्टी से शुरूआत की थी और अपनी मेहनत के बूते एक-एक पायदान बढ़कर यहां तक पहुंचे हैं। इसलिए पार्टी कार्यकर्ता मेहनत पर लगन से पार्टी के लिए काम करें उनकी मेहनत का फल एकदिन जरूर मिलेगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य जनार्दन प्रसाद गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष समीर त्रिपाठी प्रमुख सदर इंजी विवेक गुप्ता, प्रमुख घुघुली ओम प्रकाश जायसवाल, प्रमुख सिसवा धीरू सिंह, प्रमुख परतावल आनंद शंकर वर्मा, चैयरमैन राकेश जायसवाल, उमेश जायसवाल, पूर्व चैयरमैन कृष्ण गोपाल जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष संतीश सिंह, रामाज्ञा यादव, मधुर सिंह, अमरनाथ पटेल प्रभाकर द्विवेदी, वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, जिला महामंत्री प्रदीप सिंह, बबलू यादव, सरोज पांडेय, जिला मंत्री आशुतोष शुक्ला, बच्चू लाल चौरसिया, गौतम तिवारी, बैजनाथ पटेल, अशोक तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमित्रा भारती, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बधाई दिया इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपने नए जिलाध्यक्ष का स्वागत किया।

भाकियू ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा तहसील सदर तिकोनिया पार्क में किसान समस्याओं को लेकर मासिक पंचायत कर संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को 6 बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौपा जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने की पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष देवनारायण सिंह आगामी 25 तारीख लखनऊ होने वाली महापंचायत मैं ज्यादा से ज्यादा चलने की किसानों से अपील की वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि सरकार हमारे किसानों की जमीन आने दम में ले रही है जो की 2017 से सरकार ने जिले का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया सर्किल रेट को बढ़ाकर ही किसानो की खरीदी गई जमीन में अभी तक कोई विकास कर नहीं शुरू किया फसलों को चौपट कर रहे हैं और रोड पर छुट्टा जानवरों से आए दिन एक्सीडेंट होकर तमाम लोग चोटिल हो रहे हैं और तमाम मवेशी भी दुर्घटना में मर जा रहे हैं जिलाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा मांझा बरेटा शाहनवाजपुर उपरहार कूड़ा केशवपुर की धारा 1965 का प्रकाशन 7 सितंबर को किया गया था जो अन्याय पूर्ण है सोहावल मकसूमगंज कटरौली मगलसी की जमीनों का मार्केट रेट से 4 गुना रेट दिया जाए मांझा बरेटा में किसानों की जमीन ली जाए और जिले में छुटटा जानवर खुले आम घूम कर गया ज्ञात हो कि पूर्व में उपरोक्त गांव में किसानों की अधिकांश जमीनी आवास विकास खरीद चुका है शेष बची जमीन उनकी जीविका का साधन है पंचायत में प्रमुख रूप से महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या माहा नगर अध्यक्ष अजय यादव राजेंद्र किसान राजू बाबा मोहम्मद इस्लाम रामजीतपाण्डेय राजमणि यादव सुनील यादव रामप्यारी धुरिया अमरनाथ अवधेश कुमार वर्मा मंगरु राम रोशनी नीलम कौशल्या जसमती जनक दुलारी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महराजगंज महोत्सव के लिए कला प्रदर्शन देखकर होगा चयन

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। एक, दो व तीन अक्तूबर को होने वाले महराजगंज महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओ का चयन 21,22 व 23 सितंबर को जिला पंचायत सभागार में होगा। जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में आयोजित इस महोत्सव में विज्ञान पर आधारित भी कार्यक्रम होंगे। विज्ञान में रूचि रखने वाले विद्यार्थी भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। पहले विद्यार्थियों का जिला पंचायत सभागार में ट्रायल में चयन किया जाएगा। भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान को मेधावियों के चयन की जिम्मेदारी दी गई है। चयन 21,22 व 23 सितंबर को जिला पंचायत सभागार में किया जाएगा। पहले दिन 21 सितंबर को विज्ञान भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान गीत गायन प्रतियोगिता, विज्ञान गीत लेखन प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। दूसरे दिन 22 सितंबर को विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित होगी। तीसरे दिन 23 सितंबर को आशु प्रवचन प्रतियोगिता, वैज्ञनिकों का संबोधन व पुरस्कार वितरण किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा मोटिवेशन एंड इनोवेशन फार साइंस स्टूडेंट आफ महाराजगंज नामक कार्यक्रम संचालित हो रहा है। प्रतियोगिता में चयनित होने वाले विद्यार्थी महराजगंज महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार दिया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक व एनसीसी मेजर अखिलेश्वर राव ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारी पूरी की जा रही है। बच्चों के आयोजन में विज्ञान के चमत्कार देखने को मिलेंगे।

जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

बीकापुर- अयोध्या। विकासखंड क्षेत्र के पातूपुर ग्राम पंचायत में बहुतायत में मौजूद आवारा पशुओं द्वारा फसलों को किए जा रहे नुकसान से निजात दिलाने तथा ग्राम पंचायत में प्रस्तावित गौशाला निर्माण की मांग को लेकर ब्लॉक परिसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा सोमवार को ग्रामीणों के साथ ब्लॉक परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया और विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने का नेतृत्व क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे एवं प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद सहित ग्रामीण शामिल है। राहुल दुबे ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके द्वारा खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता तथा अन्य अधिकारियों को दो सूत्रीय मांग पत्र दिया जा चुका है। व समस्या के निस्तारण की मांग की जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। दावा किया कि ग्राम पंचायत द्वारा गौशाला की जमीन प्रस्तावित करने के बावजूद भी ब्लॉक के जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा है कि बड़ी गांव सभा होने के बाद भी यहां गौशाला निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष दूबे ने कहा कि आवारा जानवरों के कारण जहां एक और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर आए दिन राहगीर हिंसक जानवरों की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं। समस्या का समाधान न होने पर बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। धरने के माध्यम से खंड विकास अधिकारी के प्रतिनिधि एडीओ पंचायत अजय तिवारी तथा एडीओ आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय को जिलाधिकारी को संबोधित 2 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। और चेतावनी दी गई की यदि 15 दिवस में ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं होगा तो ग्राम वासी पुनः एक बार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।वहीं एडीओ पंचायत अजय तिवारी ने बताया कि शासन की प्राथमिकता में शामिल गौशाला निर्माण का कार्यक्रम पंचायत में कराया जाएगा जिसका प्रस्ताव हो चुका है। धरने में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष दूबे, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकुल आनंद, बीडीसी सदस्य बद्री प्रसाद शर्मा, सुशील दुबे, अशोक शुक्ला, सुधीर दुबे, रामबहादुर वर्मा, सियाराम कोरी, राम सहाय निषाद, अनिल यादव, नीरज शुक्ला, राजन शुक्ला, विजय नारायण सिंह अशर्फीलाल, रामगोपाल, शिव बहादुर, छेदीलाल रामगोपाल, पवन तिवारी राम लवट मिश्रा, अमृतलाल, राघवेंद्र दुबे और सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

पेड़ गिरने से व्यक्ति की मौत

नौतनवा, (महराजगंज)। लक्ष्मीपुर ब्लाक अन्तर्गत कोटकम्हरिया टोला पटखौली में रविवार को तेज आंधी के कारण पीपल के पेड़ की डाली टूट कर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कोटकम्हरिया टोला पटखौली निवासी सुदामा के उपर आंधी के कारण पीपल के पेड़ डाल टूट कर गिर पड़ी। जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर सुनकर घर के लोगों में कोहराम मच गया। खबर सुनकर भाजपा नेता हरिकेश पाठक व विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी चन्द्र प्रकाश मिश्र सहित तमाम लोग घटना स्थल पर पहुंच गए। उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस वालों ने वहां पहुंच कर लोगों से बातचीत करने के बाद विधिक कार्यवाही शव परिजनों को सौंप दिया।

युवक की मौत मामले में परिजनो ने लगाए गंभीर आरोप

सूरतगंज, बाराबंकी। रविवार की देर रात्रि ट्रेन की चपेट में आने पर हुए युवक की मौत मामले में परिजनों ने गम्भीर आरोप लगाएं है। स्वजनों ने पुलिस को दी गई तहरीर में साथियों पर हत्या किए जाने की बात कहीं है। देर शाम में पहुंचे शव का अंतिम संस्कार किया गया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के आल्हेमऊ ज्योली निवासी पच्चीस वर्षीय रवि वर्मा पुत्र हनुमान प्रसाद वर्मा दोस्तों के साथ रविवार को गोंडा स्थित दुखहरन मंदिर में जल चढ़ाने के लिए ट्रेन से जा रहा था। तभी रामनगर थाना क्षेत्र के बुढ़वल स्टेशन के आगे रवि संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर उसकी मौत हो गई। तो सूचना पर पहुंचे परिजन ने हत्या किए जाने आशंकाएं व्यक्त की और मोहम्मदपुर खाला पुलिस को तहरीर दी है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम को गांव पहुंचे शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

एचटी लाइन की चपेट में आकर छप्पर जला

सूरतगंज, बाराबंकी। ग्यारह हजार लाइन की चिंगारी से छप्परनुमा एक घर जलकर खाक हो गया है। वहीं आग से पचासों हजार रूपयों की गृहस्थी नष्ट हो गई है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बासूपुर मजरे बतनेरा गांव पर सोमवार को ग्यारह हजार लाइन से उठीं चिंगारी से गांव निवासी लालता पुत्र रामरूप का छप्परनुमा घर जलकर के खाक हो गया। आग से घर में रखीं संपूर्ण गृहस्थी भी नष्ट हो गई।

लापता पुत्र की बरामदगी को करायी गुमशुदगी दर्ज

सहारनपुर। लगभग साढ़े छह माह से लापता पुत्र की बरामदगी को लेकर पीड़ित परिवार जन दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है। लेकिन उसकी आज तक भी सकुशल बरामदगी नहीं हो पायी है। पीड़ित परिवार जन से थाना जनकपुरी में गुमशुदगी की तहरीर देकर पुत्र की जल्द से जल्द बरामदगी की मांग की है।

थाना जनकपुरी निवासी धर्मवीर सिंह पुत्र किशन राम ने थाने मे तहरीर देकर बताया कि उनका 32 वर्षीय पुत्र शेखर सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी म.न. 3/559 जनकपुरी चौक सहारनपुर 12 मार्च 2023 को लगभग सुबह 6 बजे प्रातः अचानक कहीं चला गया।

जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

रक्तदान एक पुनीत कार्य है: महापौर त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। प्रधानमंत्री जन्म दिवस पर भाजपा द्वारा मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अर्न्तगत युवा मोर्चा द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 182 कार्यकार्ताओं ने रक्तदान किया। महानगर के 100 तथा जिले के 82 कार्यकताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है। रक्तदान कर रक्त की कमी या रक्त विकार से ग्रसित लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त के अलग-अलग तत्वों से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। निश्चित अंतराल के बाद प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को पीड़ित मानवता की मदद के लिए रक्तदान करना ही चाहिए। रक्तदान कर आप किसी को जीवनदान दे सकते है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में रक्तदान कार्यक्रम में जनकल्याण का भाव समाहित है। कब कैसे आपदा आए और रक्त की आवश्यकता पड़े इस कारण सभी स्वथ्य व्यक्तियों को नियमित अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन जनकल्याण के लिए सर्मपित है। रक्तदान के माध्यम से हम जनकल्याण में अपनी सहभागिता कर सकते है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर सहकारी बैंक सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, अवधेश पाण्डेय बादल, निमिश त्रिपाठी, विवेक सिंह मोनू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि शर्मा, महानगर महामंत्री सार्थक प्रताप तिवारी, यश पाठक, सुनील मिश्र, आकाश सोमवंशी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निजी अस्पताल संचालक के विरूद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा

सूरतगंज,बाराबंकी। थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में सहयोगी के संग छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म किए जाने का आरोप नर्स युवती ने लगाए हैं।पुलिस ने संचालक डाक्टर के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया गया है।वहीं विरोध पर नौकरी से निकले जाने की धमकी युवती को दी गई है,तो पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत एक गांव निवासी एक युवती सूरतगंज कस्बा पर संचालित एमएस अस्पताल स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत हैं। युवती का आरोप है,कि रविवार की देर शाम अस्पताल संचालक डा. सुधीर वर्मा अस्पताल के अन्य सहयोगी महेन्द्र, सुनील साहेब आलम के सहयोग से छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया। परिजनों के संग पहुंची युवती ने थाने में लिखित तहरीर दी। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म व छेड़छाड़ सहित विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज किया।

निगम बना रहा इको फ्रेंडली गोमय गणेश प्रतिमाएं

पूजा के बाद विसर्जन से न बढ़ेगा कचरा और न बढ़ेगा प्रदूषण

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। गणेश चतुर्थी पर गणेश पूजा के लिए नगर निगम गाय के गोबर से इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं बना रहा है। पूजा के बाद इन प्रतिमाओं के विसर्जन से न तो किसी तरह के प्रदूषण का डर रहता है और न ही नदियों-तालाबों में कचरा बढ़ने की समस्या होती है। प्रतिमा बेचने वाले अनेक दुकानदारों ने इको फ्रेंडली इन गणेश प्रतिमाओं के प्रति गहरी रुचि दिखायी है।

नगर निगम सहारनपुर द्वारा सांवलपुर नवादा में संचालित माँ शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला इन दिनों गणेशमय हो गयी है। गौशाला में गाय के गोबर से गणेश जी की प्रतिमाएं बनाई जा रही है। इन प्रतिमाओं को निगम कर्मचारी विभिन्न रंगों से आकर्षक आकार देकर बिक्री के लिए तैयार कर रहे हैं। गौशाला प्रभारी एवं निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा ने बताया कि गोमय निर्मित गणेश जी की मूर्तियों का पूजन के बाद विसर्जन किए जाने से प्रदूषण का कोई खतरा नहीं है।

भैंस चोरी करने में वांछित दो पशु चोर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना नागल पुलिस ने ग्राम सूबरी ख्वाजा में एक घर से भैंस चोरी करने वाले दो वांछित पशु चोरों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक पशु चोर को पुलिस पूर्व ही गिरफ्तार कर चोरी की भैंस बरामद कर चुकी है। जबकि घटना में लिप्त दो पशु चोर वांछित चल रहे थे।

गौरतलब रहे कि 11 सितम्बर मौ.जाबिर पुत्र फरमूद निवासी ग्राम सूबरी ख्वाजा थाना नागल ने पोल्ट्री फार्म का ताला तोडकर उसकी भैंस चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी नागल प्रवेश कुमार के नेतृत्व में थाना नागल पुलिस ने आज भैंस चोरी के मामले चल रहे वांछित अभियुक्त पोददा उर्फ प्रमोद पुत्र छोटन निवासी सूभरी मेहराब थाना नागल व जर्रार पुत्र शमशेर सिंह निवासी सूभरी ख्वाजा थाना नागल को गिरफ्तार किया। इससे पूर्व एक अभियुक्त भूरा पुत्र अकरम निवासी ग्राम बेलडा जूनारदार को पूर्व मे ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जिसके कब्जे से चोरी की भैंस बरामद की जा चुकी है। अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि उन्होंने मिलकर गाँव सूभरी ख्वाजा में मौ.जाबिर पुत्र फरमूद निवासी ग्राम सूबरी ख्वाजा थाना नागल के घर से भैंस चोरी की थी। पशु चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रवेश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ओमेन्द्र सिंह मलिक, हैड कांस्टेबल विपिन कुमार व कांस्टेबल हरकेश सिंह शामिल रहे।

भाजयुमों ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन सप्ताह पखवाड़ा के अंतर्गत भाजयुमों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान करते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना कर रोगियों को लाभ पहुंचाने में अपना योगदान दिया। भाजपा जिला कार्यालय पर भाजयुमों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ नगर विधायक राजीव गुम्बर ने किया। नगर विधायक राजीव गुंबर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा लगाये गये रक्तदान शिविर की सराहना की। उन्होने कहा कि रक्तदान महादान कहलाता है। महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने भी रक्तदान करने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियो के कार्यो की भूरी-भूरी प्रंशसा की। रक्तदान शिविर में भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, भाजपा पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सत्यार्थ प्रकाश धीमान सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

पीएम के जन्मदिन पर भाजयुमो ने किया रक्तदान का आयोजन, जुटे कार्यकर्ता

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 73वे जन्मदिवस को भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इस क्रम में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोहित सिंह के नेतृत्व में जिला अस्पताल ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। 73 वे जन्मदिवस के अवसर पर 73 युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने लिया रक्तदान करने का संकल्प लिया व बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। इस अवसर पर रोहित सिंह, शशी गुप्ता, शिवम राठौर, रवि आर वर्मा, मनोज वर्मा, दिनेश सिंह, सूरज भान सिंह, सर्वेश अवस्थी, अभय शुक्ल, अनुज वर्मा, हरी मोहन शुक्ला, कन्हैया लाल गुप्ता, शुभ सिंह, अजीत वर्मा गुड्डू, हर्षित वर्मा प्रधान राघवेंद्र किशोर, रामानंद वर्मा, मो0 शलीम सहित लोगो ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रोहित मिश्रा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राज रानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी,पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष शशांक कुसुमेश, संदीप गुप्ता, प्रमोद तिवारी, विजयानंद बाजपेयी, सुशील जयसवाल, बृजेश रावत, विष्णु वर्मा शिव यादव, सत्या पंडित, हरिकेश पंडित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले 3 बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, कबूल की कई घटनाएं

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात चेकिंग कर रही पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायर कर दिया। सतर्क पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। तीनो बदमाशों को गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई मुकदमो में वांछित बदमाशों ने लूट की दो घटनाओं की बात कबूली है।

पुलिस के अनुसार फतेहपुर पुलिस व स्वाट टीम लगातार चेकिंग अभियान चला रही थी। चार बदमाशों के क्षेत्र में मौजूदगी की सूचना पर रविवार की देर रात पुलिस टीम फतेहपुर महमूदाबाद मार्ग पर ताल गांव मोड़ के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर तीन युवक आते हुए दिखाई दिए। उन्हें रोका तो बदमाश भागने लगे पुलिस ने इनका पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें दो बदमाश घायल हुए। पैर में गोली लगने से घायल बदमाश शिवा सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खालिसपुर थाना रामनगर व श्रीराम उर्फ बाबू पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी ग्राम अतरौरा मजरे बहादुरपुर थाना जहांगीराबाद को आनन फानन जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मौके से एक और बदमाश सचिन यादव पुत्र दिनेश निवासी ग्राम गोपालपुर थाना जहांगीराबाद को भी गिरफ्तार किया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक दिने कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि बदमाशों द्वारा फतेहपुर में दवा व्यवसाई और सतरिख थाना क्षेत्र में किराना दुकानदार से लूट की घटना के बाद कबुल की है। बदमाशों के ठीक होने पर उनसे पूछताछ की जाएगी।

बसपा के सहयोग के बिना कोई नहीं बना सकता केन्द्र में सरकार

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर संगठन के ढांचे को पोलिंग बूथ स्तर पर मजबूत किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के बल पर ही आने वाले लोकसभा चुनाव मे बसपा सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरेगी। केंद्र मे पार्टी के सहयोग के बगैर कोई भी दल सरकार नही बना सकती है।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने सोमवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव के अम्बेडकर पार्क मे पार्टी के पोलिंग बूथ सेक्टर कमेटी के एक दिवसीय परिशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि बहन जी ने 3 महीने का समय दिया है. ÷वोट हमारा, राज तुम्हारा, नहीं चलेगा÷ इस बात को गांव-गांव में एक-एक मतदाता को समझाना है। बहुजन समाज पार्टी के संगठन को मजबूत करना है, 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी करनी है उन्होंने सपा और बीजेपी के अभियानों को लेकर कहा कि गांव में तो जो बहुजन एव, सर्वजन समाज के लोग हैं, गरीब लोग हैं वह बड़े पैमाने पर दुखी और पीड़ित हैं। अयोध्या मंडल के मुख्य प्रभारी महेंद्र प्रताप आनंद ने सेक्टर पोलिंग ब्लूटूथ कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा किये संगठन के कार्यो की समीक्षा करते हुए संगठन के कमी को दूर करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड होते है।कार्यकर्ताओ के बल पर हुई छोटी से बड़ी लड़ाई को जीत सकते है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह गौतम ने पार्टी सदस्यता अभियान मे लोगो से बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील तथा बसपा की नीतियों को जन जन तक पहुँचने का आह्वान किया।

इस मौके पर मंडल समन्वयक रामगोपाल कोरी, पूर्व राज्यमंत्री विजय गौतम, आसिफ खान,अरविन्द यादव, के के रावत, जैसीराम वर्मा, डा माधव सिंह पटेल, दिग्विजय सिंह, बराती लाल, संजय सोनी, हरिराम गौतम, हरिनम सिंह गौतम, पप्पू गौतम, अंगद गौतम, उमेश गौतम, सतीश गौतम, मो इरफ़ान, बीपी गौतम, नौमीलाल फ़ौजी, सुरज रावत, रंजीत कनौजिया, रामभरोसे गौतम सहित भारी संख्या मे बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीएम के 73वें जन्मदिन पर भाजयुमो ने किया रक्तदान

अवधनामा संवाददाता

रक्तदान महादान, बचा सकता है किसी की जान - डॉ. सतीश द्विवेदी

सिद्धार्थनगर। स्वर्गीय माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय सिद्धार्थनगर के ब्लड बैंक में भारतीय जनता युवा मोर्चा सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा के नेतृत्व में रक्तदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। बताते चलें कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत इस रक्तदान शिविर का आयोजन युवा मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा/ जिला प्रवासी रंजीत सिंह श्रीनेत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जोगिया श्रीष चौधरी, महाविद्यालय के प्राचार्य ए.के. झा उपस्थित रहे। रक्तदाताओं में जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय, जिला महामंत्री प्रिंस गुप्ता, जिला मंत्री कमल द्विवेदी, चंदन पाण्डेय, अनुराग श्रीवास्तव, अभिषेक पाण्डेय, भारत कन्नोजिया रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि, ÷ रक्तदान सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। इस दैवीय कार्य में हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर किसी के जीवन को बचाने का प्रण लेना चाहिए। जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने कहा कि किसी के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान मानवता का एक अतुलनीय प्रयास है। इस दौरान रक्तदान करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को मैं बधाई देता हूं। क्षेत्रीय मंत्री जिला प्रवासी रंजीत सिंह श्रीनेत ने कहा कि युवा मोर्चा लगातार ऐसे रक्तदान के शिविर का आयोजन करते रहती है और यह रक्त किसी के जीवन को बचाने का कार्य करता है। रक्तदान महादान है।÷ **महाविद्यालय के प्राचार्य ए.के. झा ने भी सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए युवा मोर्चा के प्रयासों की सराहना की।** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विकास पाण्डेय ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया तथा संचालन जिला महामंत्री प्रिंस गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामकुमार कुंवर, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्रा, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, मंगल चौरसिया, सह मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, निलेश चौधरी, अभिषेक शुक्ला, मिथिलेश अग्रहरि, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा जतिन चौबे, विजय गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, पीयूष चौबे, मुकेश शुक्ला, राजीव मिश्र, गुड्डू यादव, प्रभात पाण्डेय, पंकज चौबे, अशोक मिश्र, सहित पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

बीडीओ की अध्यक्षता में चिंतन शिविर का आयोजन

बांसी सिद्धार्थनगर। खेसरहा विकास खंड कार्यालय मे सोमवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम एबीपी के तहत खंड विकास अधिकारी चंद्रभान उपाध्याय की अध्यक्षता में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। पिरामिड फौन्डेसन के डिस्ट्रिक्ट लीड फायजांन ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत पूरे जनपद मे खेसरहा ब्लाक का चयन किया गया है।जिसके तहत बैठक में सामाजिक विकास, बुनियादी ढांचा, कृषि और संबंद्ध योजना,शिक्षा और स्वास्थ्य, पोषण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त सामाजिक विकास,बुनियादी ढांचा, कृषि, संबंद्ध योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य, पोषण को लेकर चेतना शिविर का आयोजन करने और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के दिए गए बिंदु पर पूरा करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

सरकार की जनविरोधी नीतियों से आमजन परेशान- आलोक तिवारी

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों के कारण प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई, भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी व महंगाई की बाढ़ आ गई है। सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न चर्म पर पहुंच गया है। छुट्टा पशुओं के कारण किसानों का फसल बर्बाद हो गया है। इसके कारण आमजन परेशान हो गया है। उक्त बातें पूर्व राज्यसभा सदस्य आलोक तिवारी ने कहीं। वह सोमवार को कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र के सपा कार्यकर्ता व पूर्व विधायक विजय पासवान की अगुवाई में पैदल मार्च एवं धरना प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। बिजली वसूली के नाम उपभोक्ताओं को परेशान कर रहें हैं। पूर्व विधायक विजय पासवान ने कहा सत्ता पक्ष के नेताओं के इशारे पर सपा कार्यकर्ताओं का पुलिस उत्पीड़न कर रही है। इसके साथ फर्जी मुकदमा दर्ज कर रही है। इस पर अंकुश नहीं लगा तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अब थानों का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में हार्ट, किडनी एवं कैंसर बिमारियों के रिक्त पदों के विशेषज्ञ डाक्टरों को तैनात करे। धरने को बेचई यादव, मोहम्मद जमील सिद्दीकी, जोखन चौधरी, दिलीप पाठक, अमून मेकरानी, विभा शुक्ला, इंद्रासना त्रिपाठी, अनिरुद्ध यादव, विजय अग्रहरि, ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह, खुर्शीद अहमद, खलकुल्लाह, सत्यानंद सिंह, सुनील यादव, धीरु यादव, नागेन्द्र नाथ चतुर्वेदी, जावेद आलम, विश्वंभर श्रीवास्तव, अमित यादव, घनश्याम जायसवाल, रवि यादव राज कुमार यादव व सुनीता गोस्वामी आदि ने भी संबोधित किया।

सीडीओ ने आयुष्मान भवः अभियान के सम्बन्ध में किया प्रेस वार्ता

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वीके0 अग्रवाल की उपस्थिति में सोमवार को आयुष्मान भवः अभियान के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित मीडिया प्रेस प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुये बताया कि यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को संतृप्त करने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ राष्ट्रपति के द्वारा विगत 13 सितम्बर को किया गया है। अभियान के 05 प्रमुख घटक है। सेवा पखवाडा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सेवा पखवाडा के अन्तर्गत स्वच्छ भारत अभियान रक्तदान महादान एवं अगंदान का शपथ लिया जायेगा, जिसमें प्रतिभाग कर रक्तदान शिविर को सफल बनायें। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। सीएचसी स्तरीय आयुष्मान मेला- 17 सितम्बर से जनपद के समस्त 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को आयुष्मान मेले का आयोजन होगा जिसमें मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विशेषज्ञ सलाह एवं सेवाए प्रदान की जायेगी। 276 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों में प्रत्येक शनिवार पर आयुष्मान मेले का आयोजन किया जायेगा जिसमे एनसीडी स्क्रिनिंग, टी0वी0 जाँच, गर्भवती महिलाओं की जाँच, आयुष्मान कार्ड निमार्ण एवं वितरण किया जायेगा साथ ही योगा सत्रों का आयोजन किया जायेगा। आयुष्मान सभा जनपद की समस्त 1136 ग्राम सभाओं में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने के लियें 2 अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन किया जायेगा। आयुष्मान ग्राम पंचायत या अर्बन वार्ड के अन्तर्गत जिन ग्राम सभाओं व अर्बन वार्डो द्वारा 31 मार्च 2024 तक शतप्रतिशत उपलब्धि के साथ प्रत्येक 5 साल की आयु से अधिक पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण ग्राम सभा के 30 वर्ष से अधिक आयु के समस्त व्यक्तियों का मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जाँच 100त्न, क्षय रोग के सम्भावित मरीजों की जाँच एवं सफलतापूर्वक उपचार 85त्न का लक्ष्य प्राप्त करने वाले ग्राम पंचायतों अथवा अर्बन वार्डो को आयुष्मान ग्राम पंचायत अथवा आयुष्मान अर्बन वार्ड के सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

एक दिवसीय वालीवाल प्रतियोगिता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़नी सिद्धार्थनगर। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। तथा परिश्रम के बदौलत ही ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। परिश्रम से ही आज से पहले रेल मार्ग, से लेकर मोबाइल, सहित अन्य सफलताओं में परिश्रम और लगन का योगदान रहा है। हमारी शुभकामना आप सभी खिलाड़ियों के साथ में है। आप लोग भी मेहनत करके वाली वाल, खेलों में जनपद से लेकर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक सफलता प्राप्त करेंगे । उक्त बातें गांधी आदर्श विद्यालय के प्रांगण में जनपदीय माध्यमिक विद्यालय वाली वाल प्रतियोगिता 2023-24 के मुख्य अतिथि के रुप में संयुक्त शिक्षा निदेशक बस्ती मंडल डॉक्टर ओम प्रकाश मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा। शनिवार को गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज बढ़नी के प्रांगण में जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय वाली वाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करने आये हुए अतिथियों द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बालक वर्ग जिले की कुल छः टीमें व बालिका वर्ग की कुल 3 टीमों ने भाग लिया।

पूरी रात हुआ नौहा-मातम, अली अकबर अस की याद में हुई शब्बेदारी

अवधनामा संवाददाता

हल्लौर के इतरतगंज चाँदनी चौक में आयोजित हुई अन्जुमन फिदा ए अली अकबर (अ.स) की तरही शब्बेदारी

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। स्थानीय कस्बा हल्लौर में हर साल की तरह इस साल भी अन्जुमन फिदा ए अली अकबर (अ.स) की क़दीमी तरही शब्बेदारी इतरतगंज, चांदनी चौक में आयोजित की गयी।। जिसमें मुकामी अन्जुमनों के अलावा बैरूनी अंजुमनों ने शिरकत कर नौहा मातम किया। पूरी रात चली इस शब्बेदारी में अंत तक अकीदतमंद मौजूद रहे। शब्बेदारी की शुरुआत माहताब हैदर काका के तिलावते कलाम पाक से हुआ। तत्पश्चात हैदरे कर्रार व हमनवा ने मर्सिया पेश किया। मजलिस को जाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर ने हज़रत इमाम हुसैन अस के साहबज़ादे अली अकबर अस की शहादत बयान करते हुए कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत अली अकबर अलैहिस्सलाम अपने वालिद हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम से मैदाने जंग में जाने की इजाजत मांग रहे थे। इमाम ने कहा मैं तुम्हे कैसे इजाजत दूं तुम तो हम शक्ले पयम्बर हो। अंत में शहादत अली अकबर बयान किया तो मौजूद अकीदतमंदो की आँखों से आंसू बह निकले। मजलिस के बाद मेहमान नौहाख्वा जोहैर सुल्तानपूरी ने अपने मख़सूस अंदाज़ में नौहा पढ़ा जिस पर शैदाइयों ने मातम किया। अलम के साथ ताबूत की जियारत कराई गई। इसके बाद तरही शब्बेदारी शुरू हुई। अन्जुमन दुआ ए ज़ेहरा मुजफ्फरनगर की तरफ से शबीह अब्बासने नौहा पढ़ा, फरोग मातम की तरफ मुमताज, कायनात, फरहान ने तथा अंजुमन गुलदस्ता मातम की तरफ से नफीस हैदर व हसन जमाल नौहाख्वानी की। अंजुमन अब्बासिया दहियावर अम्बेडकर नगर व अंजुमन पासदारान ए करबला लखनऊ ने अपने अपने अंदाज में तरही कलाम के साथ अपने मख़सूस अंदाज़ में दुर्रो का मातम बरपा किया। शब्बेदारी का संचालन जीशान अली ने किया। मजलिस के बाद करबला से मस अलम व ताबूत की ज़ियारत कराई गई। अंत मे जनाबे अली अकबर अस का ताबूत उठाया गया। अंजुमनों ने नौहा मातम करते हुए दरगाह हज़रत अब्बास तक गए जहाँ पहुँचकर कार्यक्रम खत्म हुआ। इस मौके पर सिकरेट्री अमानत अब्बास, सदर हसन जमाल, क़ैनवीनर कैंसर अब्बास (रिन्कू पुलिस) इंतेज़ार हुसैन शबाब, आले रज़ा, दरयाफ्त हुसैन, अरमान, चुगनु, शमशाद अली, शादाब मास्टर, गुड्डू, जलाल, काज़िम रज़ा, मोहम्मद मेंहदी, तसकीन हैदर सहित तमाम अज़ादाराने इमाम हुसैन अ.स ने शिरकत की।

एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा का हुआ भव्य आयोजन

अम्बेडकरनगर संवाददाता

टांडा अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा में विश्वकर्मा पूजा धूम-धाम से मनाया गया। उत्पादकता बढ़ाने तथा उच्च गुणवत्ता को बनाए रखने के साथ काम करने के लिए कर्मचारियों एवं कारीगरों ने परियोजना स्थित के.औ.सु.ब. के अग्निशमन सेवा केंद्र में वास्तुकला और इन्जीनियरिंग के देवता भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा की पूजा अर्चना की। 17 सितम्बर को आयोजित इस पूजा कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख बी.सी.पलेइ, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (परियोजना) अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पी.एल. नरसिम्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, समस्त विभागाध्यक्षगण, समस्त कर्मचारी एवं निविदा कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया ।

20 सितम्बर को होने वाली अमारी के जुलूस तैयारी जोरों पर

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के हजपुरा गांव में 4 रबीउल अव्वल का वार्षिक जुलूसे अमारी 20 सितंबर बुधवार को बाद नमाजे सुबह गांव स्थित कर्बला से बरामद होगा। नकवी कमेटी के अध्यक्ष राहिब रजा ने बताया कि गांव स्थित कर्बला से बरामद होने वाले जुलूस में इस साल जनपद समेत अन्य जनपदों से अंजुमन हाय मातमी व उलेमाए किराम तशरीफ ला रहे हैं। जुलूसे अमारी की तैयारी मुकम्मल हो गई है, जुलूस को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमेटी के नौजवान लगे हुए हैं।

जनपदीय योगासन चैम्पियशिप प्रतियोगिता आज

सिद्धार्थनगर। डिस्ट्रिक योगासना एसोसिएशन की ओर से एक दिवसीय जनपद स्तरीय योगासन चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मंगलवार को जिला स्टेडियम में सुबह 10 बजे से आयोजित है। उद्घाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री करेंगे। जबकि दोपहर दो बजे समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव होंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के जिला सचिव सत्यप्रकाश ने दी है।

बारह रबी अव्वल व गणेश जन्मोत्सव को लेकर शान्ति

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अम्बेडकरनगर। गणेश जन्मोत्सव एवं बारावफात के मद्देनजर स्थानीय कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मोर्या की अध्यक्षता एवं प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह के संचालन में सम्पन्न हुई। शांति कमेटी की बैठक में क्षेत्र के विशिष्ठजन मौजूद रहे। सी ओ ने लोगों से त्योहार को आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। गणेश जन्मोत्सव व बारावफात का पर्व एक साथ पड़ने के कारण बारावफात की सजावट सराय चौक,उस्मानपुर के रास्ते में सड़क किनारे सजावट किए जाने पर सहमति बनी।28 सितंबर को गणेश जन्मोत्सव पर सराय चौक,नगपुर गली से उस्मानपुर के रास्ते पक्का घाट तमसा नदी में मूर्ति विसर्जन किया जाएगा।उन्होंने लोगों से क्षेत्र में गंगा जमुना संस्कृति को कायम रखने की गुजारिश की। उक्त अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष कमर हयात अंसारी, सुरेन्द्र सोनी,अबुल कलाम, हबीब अहमद, संजीव मिश्रा, गोपाल कसौधन, अजमल निजामी, मेराज अहमद,आतिफ अंसारी, नन्हे प्रधान,अकील अब्बास, इब्ने अली जाफरी,मोहम्मद शारिब व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गुरुद्वारे पर भजन कीर्तन व लंगर का आयोजन

बस्ती। नंद सिंह बाबा जी की बरसी पर गुरुद्वारे पर भजन कीर्तन व लंगर छावनी क्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारे गुरू तेग बहादुर कालोनी ग्राम रेड़वल में रविवार शाम को नंद सिंह बाबा जी की 73 वीं बरसी मनाई गई। गुरुद्वारे में चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति रविवार को हुई। गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर छका गुरुद्वारे के व्यवस्थापक जत्थेद्वार मोहन सिंह बाबा ने नंद सिंह बाबा जी के जीवन मूल्यों के बारे में विस्तार से संगतों को बताया कीर्तनी जत्था हर भजन सिंह ,हर करन सिंह एवं भगत सिंह ने आपे गुर चेला भजन सुना कर सारी संगत का मन जीत लिया। दरबार में बोले सोनेहाल सत् श्री अकाल के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा सुख शांति व आपसी भाईचारे की अरदास की गयी इस मौके पर प्रदीप सिंह, मनोज ,राम सिंह सहित भारी सख्या में महिलाये बच्चे आदि मौजूद रहे।

देश बचाओ देश बनाओ सपा साइकिल यात्रा

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। देश बचाओ, देश बनाओ समाजवादी साइकिल यात्रा का बस्ती जिला में आज पांचवां दिन साइकिल यात्रा को पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी ने सिविल लाइन तिराहा ओर हरी झंडी दिखाकर सदर विधानसभा में रवाना किया। कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है । वीओ -1 समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर प्रयागराज से निकाली गई समाजवादी साइकिल यात्रा का आज बस्ती जिला में पांचवा व अंतिम दिन रहा , यह सायकिल यात्रा समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में प्रयागराज से शुरू हुई 'देश बचाओ, देश बनाओ' समाजवादी साइकिल यात्रा बस्ती जिला में पहुंची और जिला में साइकिल यात्रा का पांचवा दिन रहा आज सदर विधानसभा में सिविल लाइन तिराहा पर पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। स्थान-स्थान पर पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यात्रा सिविल लाइन से शात्री चौक , होते हुये बस्ती शहर से रोडवेज होते हुये पचपेडिया मार्ग से नेशलन हाईवे से सदर विधानसभा क्षेत्र परसा जाफर चौराहा पहुंची जहां बड़ी संख्या में सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने साईकिल यात्रियों का हौसला बढाया स्वागत किया जनसभा किया जनसभा के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है और जनता बदलाव चाहती है साइकिल यात्रा के माध्यम युवा सपा नेता जनता के बीच जाकर सपा सरकार में कराये गये कार्यो को बताने का काम कर रहे हैं , और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को भी बता रहे हैं जिसका आर लोकसभा चुनाव में रहेगा उन्होंने ने कहा कि भाजपा सरकार केन्द्र का दस साल पूरे होने जा रहा है और प्रदेश सरकार का सात साल हो गया लेकिन किसान के गन्ने के दाम में कोई बहुत बढ़ोतरी नही हुआ और भ्रष्टाचार महंगाई बेरोजगारी जैसी तमाम योजनाओं में फेल हो गयी भाजपा सरकार जनता से किया वादा पूरा नहीं किया।

दवा प्रतिनिधियों का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

जलालपुर। अंबेडकरनगर।उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड मेडिकल सेल्स एवम रिप्रेजेंटेटिव दवा प्रतिनिधि संघ की अकबरपुर इकाई की वार्षिक सम्मेलन नाथू म्हारा कैंपस तहसील तिराहा में संपन्न हुआ।सम्मेलन के दौरान पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।चुनाव में अजीत पांडेय को अध्यक्ष, मुकेश तिवारी को उपाध्यक्ष निर्विरोध घोषित किया गया। सच्चिदानंद मिश्र लगातार तीसरी बार सचिव बने। शिवम पांडे को कोषाध्यक्ष, संजय वर्मा को उपसचिव पद की जिम्मेदारी दी गई।

गौशाला की व्यवस्था को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

जलालपुर। अम्बेडकरनगर।गौशाला की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए जलालपुर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार द्वारा रतना गांव के गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में दो पशु बीमार मिले जिसके इलाज हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया है ।

टेबलेट से युवा ज्ञान अर्जन कर और सशक्त बनें: माता प्रसाद

एजाज़ सिद्दीक़ी

इटवा सिद्धार्थनगर। डा. राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज में रविवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दिए गए टेबलेट का वितरण पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय ने किया। जानकारी के अनुसार स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा टेबलेट वितरण समारोह सिद्धार्थनगर जनपद के डा. राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज इटवा में सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय, प्राचार्य डा. अष्टभुजा पाण्डेय, नोडल अधिकारी डा. पनव पाण्डेय द्वारा 161 नग छात्र छात्राओं को निशुल्क टेबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए टेबलेट से छात्र छात्राएं अध्ययन का कार्य करें।

एंटी रोमियो दस्ते के एक उपनिरीक्षक पर कार्यवाही

बसखारी अंबेडकरनगर। छेड़खानी के दौरान हुई छात्रा के मौत के मामले में एंटी रोमियो दस्ते पर भी पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए एक उपनिरीक्षक समेत चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। बता दें कि महिलाओं के साथ हो रही छेड़खानी करने वाले मनचलों पर शिकंजा कसने एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर थाना क्षेत्र में एंटी रोमियो सचल दस्ते का गठन किया गया है। चर्चा यह भी है कि क्षेत्र में अगर एंटी रोमियो सचल दस्ता सक्रिय रहता तो ऐसी घटना को रोका जा सकता था। एंटी रोमियो सचल दस्ते की लापरवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने हंसवर थाना क्षेत्र से संबंधित एंटी रोमियो दस्ते में शामिल उप निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा, दीवान मुकेश कुमार, कांस्टेबल नवनीत कुमार व महिला पुलिसकर्मी अंकित सिंह और सुमन को लाइन हाजिर कर दिया है।

सामाजिक समरसता हिंदुत्व का प्राण है, विषय पर गोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विश्व हिंदू महासंघ सिद्धार्थनगर इकाई द्वारा सामाजिक समरसता हिंदुत्व का प्राण है विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से ब्रम्हलीन राष्ट्रसंत महंत अवैद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। नवनियुक्त पदधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर उन्हें दायित्वबोध कराया गया। इसके पश्चात समरसता भोज का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सरजू प्रसाद शुक्ल ने कार्यक्रम के दौरान ही अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह के संगठन के प्रति समर्पण एवं योगदान को देखते हुए प्रान्त कार्यकारिणी का सदस्य घोषित किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इनको महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया जाएगा। सभा ने जोरदार तालियों से स्वागत किया। इसके बाद अखण्ड प्रताप सिंह ने विश्व हिंदू महासंघ सिद्धार्थनगर का अध्यक्ष सुनील कुमार त्रिपाठी को घोषित किया। सभा मे उपस्थित लोगों ने तालियों की जोरदार गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन करते हुए नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूलमालाओं से भारी स्वागत हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरजू प्रसाद शुक्ला मण्डल अध्यक्ष बस्ती एवं मुख्य वक्ता अखिलेश सिंह जिलाध्यक्ष बस्ती रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर समस्त लोगों का तिलक एवं माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। महिला शक्ति अध्यक्ष माधुरी मिश्र ने सबके आगमन पर स्वागत गीत किया। मुख्य अतिथि सरजू प्रसाद शुक्ला, मुख्य वक्ता अखिलेश सिंह, अतिथि शिवप्रसाद त्यागी, दिव्यांशु महाराज को अंगवस्त्र एवं श्रीराम मंदिर का स्मृतिचिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। भूपनारायण सिंह, रमेश कुमार पांडेय को अंगवस्त्र प्रदान किया गया। इसके बाद बारी बारी से सभी लोगों ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अधिवक्ता प्रकोष्ठ अध्यक्ष इंदु कुमार सिंह ने सबोधित करते हुए कहा कि हिंदुत्व के प्रति समर्पित महंत अवैद्यनाथ जैसे विरले ही होते हैं हम सभी को उनके पदचिन्हों का अनुसरण करना चाहिए। धर्माचार्य प्रकोष्ठ प्रमुख कृपाशंकर त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा कि जब तक हम जातियों वर्गों में विभक्त रहेंगे तब तक हिंदुत्व का विकास होना असंभव है और हम संगठित नहीं हो सकते इसलिए इतिहास से सीख लेते हुए वर्तमान की प्रचण्ड आवश्यकता है कि हम लोगों को जाति सम्प्रदाय का त्याग करने एवं सामाजिक कुरीतियों को छोड़ते हुए एकमात्र सूत्र हिन्दू में बंधकर ही रहना होगा तभी हमारा विकास सम्भव है अन्यथा राजनैतिक पार्टियाँ जातियों, वर्गों, सम्प्रदायों में विभक्त करके लाभ उठाती रहेंगी। मुख्य वक्ता ने कहा कि जब देश व प्रदेश में हिन्दू विरोधी सरकारें हुआ करती थीं। वे सरकारों हिंदुत्व के उन्नयन व कल्याण के लिए बने संगठनों पर नित प्रतिबन्ध लगाती रहती थीं। इससे आजिज होकर देश प्रदेश के हिन्दू चिंतक महंत अवैद्यनाथ जी के पास आये और उन्होंने इसका विकल्प निकलने को कहा। महंत अवैद्यनाथ ने विश्व के हिंदुओं के कल्याण के लिए विश्व हिंदू महासंघ का गठन किया था। संगठन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरखपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्य नाथ जी महाराज हैं जिन्होंने संगठन को नई ऊंचाइयां प्रदान करते हुए हिंदुओं की सोइ हुई चेतना को जागृत किया और निरंतर कर रहे हैं। मुख्य अतिथि सरजू प्रसाद शुक्ल ने कहा कि यह अत्यन्त हर्ष का विषय है।

सनातन का 'चुनावीकरण'

दुर्भाग्य है कि सनातन की सोच, परंपरा, आस्था और धर्म पर टिप्पणी करनी पड़ रही है। हम इस निरर्थक विवाद को टालते आ रहे थे। कुछ कुमति लोगों ने 'सनातन' की तुलना मलेरिया, डेंगू, कोरोना से ही नहीं, बल्कि कोढ़ और एड्स सरीखी बीमारियों से की थी। ऐसे कुकृत्य सतयुग, त्रेता, द्वापर के दौरान भी आसुरी ताकतों ने किए थे। कोई नई बात, नई गाली नहीं है। यही नहीं, 'रामचरितमानस' के रचनाकार संत तुलसीदास को भी बादशाह जहांगीर के दरबार में अपमानित होना पड़ा था। अपने आराध्य हनुमान जी को स्मरण किया, तो वानर सेना ने कहां से धावा बोल दिया, यह आस्थावान लोग ही महसूस कर सकते हैं। 'वानर सेना' ने दरबार उजाड़ दिया, सिंहासन तोड़ दिया, पहरेदारों को पराजित कर दिया। यह घटना किंवदन्ती नहीं है। 16-17वीं सदी कोई बहुत प्राचीन नहीं है। सनातन का भाव और अस्तित्व तो अनादि और अनंत है। वह न तो जन्म लेता है और न ही उसकी मृत्यु होती है। उसके वैचारिक आधार वेद हैं। कुमतिजन तो इस पर भी सवाल उठा सकते हैं। बहरहाल तमिलनाडु की द्रमुक पार्टी का एक युवा मंत्री 'सनातन' के समूल उन्मूलन का आह्वान कैसे कर सकता है और वह कितना प्रभावी होगा? तमिलनाडु में हजारों हिंदू मंदिर हैं। असंख्य लोग शिव और उनके दर्शन के मतावलंबी हैं। 'सनातन' को क्रूर और खूंखार आक्रांता और उपनिवेशवादी अंग्रेज भी विनष्ट नहीं कर पाए, तो आज स्वतंत्र भारत में कौन कर सकता है? तमिलनाडु में अन्नादुरई पेरियार ने सनातन धर्म, ब्राह्मणवाद, छुआछूत, जाति विभेद आदि के खिलाफ सामाजिक आंदोलन छेड़े थे। वह खुद को नास्तिक मानते थे और भगवान के अस्तित्व को खारिज करते थे।

उस दौर को बीते सात दशकों से अधिक का समय गुजर चुका है। आज छुआछूत विरोधी कानून हैं। जातीय आरक्षण की व्यवस्था है, ताकि आर्थिक-सामाजिक विषमताएं मिट सकें। आध्यात्मिक आस्थाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकार हैं। ब्राह्मण से प्राचीन शूद्र तक आज की व्यवस्था में समान हैं, क्योंकि वे समान स्तरों, पदों और अवसरों पर मौजूद हैं। कथित दलित आज आईएएस, आईपीएस हैं, वैज्ञानिक हैं, सांसद-मंत्री हैं और देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और समानता के समान अवसर हैं, अधिकार हैं। पेरियार का कालखंड आज अप्रासंगिक है। यदि ऐसा नहीं होता, तो यह तमिलनाडु तक ही सिमट कर क्यों रह जाता? पेरियार की सोच वाली द्रमुक पार्टी भी चुनावी तौर पर पराजित हुई है। 'सनातन' के समूल नाश की ऐसी हवा बही है कि बिहार में एक मंत्री ने 'रामचरितमानस' को 'सायनाइड' करार दे दिया। उप्र में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य 'मानस' और 'सनातन धर्म' पर अनर्गल अलाप करते रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेता खामोश हैं, क्योंकि उन्हें 'सनातनी वोट' की दरकार है। बात विपक्ष के प्रलापों तक ही सीमित नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 सम्मेलन के बाद मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में जिन चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया, उनमें 'सनातन' का मुद्दा बड़े आक्रामक तेवर के साथ पेश किया। उन्होंने विपक्ष के सनातनी अपशब्दों को भारत की सभ्यता-संस्कृति और आस्थाओं पर हमला करार दिया। प्रधानमंत्री ने धार्मिक भाव के चुनावी ध्रुवीकरण की पूरी कोशिश की और जवाब में भीड़ के नारे लगवाए। प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा कि विपक्ष सनातन की संस्कृति को खंड-खंड करने पर तुला है। यह पूरा प्रकरण अफसोस और विडंबना के साथ उठाना पड़ रहा है। यदि देश की जनता 'सनातन' के मुद्दे पर ही जनादेश देती है, तो हमारी बुनियादी समस्याएं यथावत रह जाएंगी। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य, शिक्षा सरीखे नाजुक मुद्दों को कौन संबोधित करेगा? जनादेश बुनियादी मुद्दों पर ही तय होने चाहिए और कोई भी धर्म को गाली न दे सके, इसका प्रावधान हो।

गणेश भी पिता की भांति भोले रहे!

के. विक्रम राव

गणेशकथा हम श्रमजीवी पत्रकारों के लिये रूचिकर वाकया है। सृष्टि के सर्वप्रथम लेखक और उपसम्पादक गणेश हैं। यूं तो देवर्षि नारद को प्रथम घुमन्तू संवाददाता और संजय को सर्वप्रथम टीवी एंकर कहा जा सकता है, मगर गणेश का रिपोर्ताज में अवदान अनूठा है। मध्येशियाई इतिहासकार, गणितज्ञ, चिन्तक और लेखक अल बरूनी ने एक हजार वर्ष पूर्व लिखा था कि वेद व्यास ने ब्रह्मा से आग्रह किया था कि किसी को तलाशे जो उनसे महाभारत का इमला ले सके। ब्रह्मा ने हाथीमुखवाले गणेश को नियुक्त किया। वेद व्यास की शर्त यह थी कि गणेश लिखते वक्त रूकेंगे नहीं और वही लिखेंगे जो वे समझ पायेंगे। इससे गणेश सोचते हुए, समझते हुये लिखते रहे और व्यास भी बीच-बीच में विश्राम करते रहे। (एडवार्ड सी.सचान, अलबरूनीज इंडिया, मुद्रक एस. चान्द, दिल्ली, 1964, भाग एक, पृष्ट 134)।

जब एडोल्फ हिटलर ने अपनी नेशनल सोशलिस्ट (नाजी) पार्टी का निशान (1930) स्वस्तिक बनाया था तो प्राच्य के मनीषियों का व्यग्र होना सहज था। ओमकार स्वरूप गणेश के इस सौर प्रतीकवाले शुभ संकेत को हिटलर ने वीभत्स बना डाला था। उस ने अपने अमांगलिक और अमानुषिक कार्ययोजना में इस वैदिक प्रतीक का जुगुप्सित प्रयोग किया था। स्वस्तिक को गणेश पुराण के अनुसार गजानन का स्वरूप तथा हर कार्यों में मांगलिक स्थापना हेतु शुरूआत को मानते हैं। श्रीगणेशाय नमः के उच्चारण के पूर्व स्वस्तिक चिन्ह बनाकर 'स्वस्ति न इन्द्रो बुद्धश्रवाः' स्वस्तिवचन करने का विधान है। अपने स्वराष्ट्रवासी प्राच्यशास्त्री मेक्सम्यूलर को पढ़कर इस जर्मन नाजी तानाशाह ने अपने पैशाचिक अभीष्ट को हासिल करने हेतु स्वस्तिक को अपनाया था। लेकिन हिटलर का वही हश्र हुआ जो सूर्यपुत्र अहंतासुर का हुआ जिसका भगवान गजानन ने धूम्रवर्ण के अवतार में जगद् कल्याणार्थ वध किया। ब्रह्मा द्वारा कर्माध्यक्ष पद पाकर सूर्य को अहंकार हो गया था और तभी उनके नथुनों के वायु से अहंतासुर का जन्म हुआ था। वह भी अभिमानी होकर समस्त ब्रह्माण्ड का शासक, अमर तथा अजेय होना चाहता था। दैत्यगुरू शुक्राचार्य से गणेश मंत्र की दीक्षा प्राप्त कर इस अहन्तासुर राक्षस ने पार्वतीपुत्र की घोर उपासना की। भोले बाबा के आत्मज ने इस दैत्य को तथास्तु कहकर वर दे डाला। फिर वही हुआ जो हर दैत्य करता आया है। वही जो हिटलर ने गत सदी में किया था। पापाचार, नरसंहार, तबाही आदि। लाचार, निरीह देवताओं तथा मानवों ने गणेश की उपासना की। अपने भक्तों की रक्षा में गजानन ने उग्रपाश फेंक कर सभी असुरों का वध कर दिया। घमण्ड तजकर अहंतासुर गणेश का शरणागत हो गया। उसे आदेश मिला कि जहां गणेश की आराधना न होती हो वहीं जा कर वास करे। राजनीतिक रूप में गणेश का राष्ट्रवादी तथा जनकल्याणकारी उपयोग स्वाधीनता सेनानी, महाराष्ट्र केसरी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने पुणे में सर्वप्रथम किया था। हिटलर के आविर्भाव के पैंतीस वर्ष पूर्व यह हुआ था। अंग्रेजी साम्राज्यवादियों ने अपने भारतीय उपनिवेश में हर प्रकार की सार्वजनिक क्रियाशीलता पर प्रतिबंध लगा दिया था। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) कुचल दिया गया था। शासकों ने भारतीयों को जाति तथा मजहब के आधार पर विभाजित कर दिया था। महाराष्ट्र के पेशवा शासक 1893 के पूर्व तक गणेश चतुर्थी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को मनाते थे। लोकमान्य तिलक ने इस धार्मिक उत्सव के जनवादी पहलू को पहचाना। उसे जनान्दोलन बनाया। तब तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना मुम्बई में हुये आठ वर्ष हो चुके थे। मगर इसके सार्वजनिक आयोजन पर रोक बरकरार थी। हिन्दू चेतना को तिलक ने जगाया और जनपदीय स्तर से उठाकर गणेश चतुर्थी को राष्ट्रीय रूप दिया। चूंकि अन्य ईश्वरों की तुलना में गणेश किसी जाति या वर्ग विशेष के नहीं थे, अतः सर्वजन के इष्ट बन गये। गणेशोत्सव में सभी हिन्दू शरीक हो गये।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं।

गणेश हैं विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निर्माता

ललित गर्ग

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे विघ्नहर्ता एवं मंगलकर्ता सात्विक देवता हैं और उन्नत राष्ट्र-निर्माता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। महाराष्ट्र का गणेशोत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

हिन्दुओं में गणेशजी के जन्म के विषय में अलग-अलग कथाएँ प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार स्वयं शिव ने पंच तत्वों को मिला कर गणेश का निर्माण बहुत तन्मयता से किया। जिससे वे अत्यंत सुन्दर और आकर्षक बने तो देवताओं में खलबली मच गयी, स्थिति को भांप कर शिव ने गणेश के पेट का आकार बढ़ा दिया और सिर को गजानन की आकृति का कर दिया ताकि उनके सौन्दर्य और आकर्षण को कम किया जा सके। शिव पुराण के अनुसार एक बार पार्वती ने अपने उबटन के मैल से एक पुतला बनाया और उसमें जीवन डाल दिया। इसके उपरांत उन्होंने इस जीवधारी पुतले को द्वार पर प्रहरी के रूप में बैठा दिया और उसे आदेश दिया कि वह किसी भी व्यक्ति को अंदर न आने दे। इसके बाद वे स्नान करने लग गई। संयोगवश कुछ ही समय बाद शिव उधर आ निकले। उनसे सर्वथा अपरिचित गणेश ने शिव को भी अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शिव अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का मस्तक काट दिया। पार्वती ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुई। तब पार्वती को प्रसन्न करने के लिए शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर गणेश के धड़ से लगाकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। तभी से गणेश, गजानन कहलाए। लेकिन बालक की आकृति से पार्वती बहुत दुखी हुई तो सभी देवताओं ने उन्हें आशीर्वाद और अतुलनीय उपहार भेंट किए, उन्हें प्रथम देव के रूप में सभी अधिकार प्रदत्त किये। इंद्र ने अंकुश, वरुण ने पाश, ब्रह्मा ने अमरत्व, लक्ष्मी ने ऋद्धि-सिद्धि और सरस्वती ने समस्त विद्याएँ प्रदान कर उन्हें देवताओं में सर्वोपरि बना दिया।

गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। जैन एवं बौद्ध धर्मों में भी गणेश पूजा का विधान है। गणेश को हिन्दू संस्कृति में आदिदेव भी माना गया है। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है। गणेशजी को शुद्ध घी, गुड और गेहूँ के लड्डू- मोदक बहुत प्रिय हैं। ये प्रसन्नता अथवा मुदित चित्त के प्रतीक हैं। ये तीनों चीजें सात्विक एवं स्निग्ध हैं अर्थात उत्तम आहार हैं। सात्विक आहार बुद्धि में स्थिरता लाता है। उनका उदर बहुत लम्बा है।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। भारतीय संस्कृति एक ईश्वर की विशाल कल्पना के साथ अनेकानेक देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से फलती-फूलती रही है। सब देवताओं की पूजा से प्रथम गणपति की पूजा का विधान है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, वैभव एवं आनंद के अधिष्ठाता हैं। बड़े एवं साधारण सभी प्रकार के लौकिक कार्यों का आरंभ उनके दिव्य स्वरूप का स्मरण करके किया जाता है। व्यापारी अपने बही-खातों पर 'श्री गणेशाय नमः' लिख कर नये वर्ष का आरंभ करते हैं। प्रत्येक कार्य का शुभारंभ गणपति पूजन एवं गणेश वंदना से किया जाता है। विवाह का मांगलिक अवसर हो या नए घर का शिलान्यास, मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव हो या जीवन में षोड्स संस्कार का प्रसंग, गणपति का स्मरण सर्वप्रथम किया जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार जो भक्ति-पूर्वक गणेश की पूजा-अर्चना करता है, उसके सम्मुख विघ्न कभी नहीं आते। गणपति गणेश अथवा विनायक सभी शब्दों का अर्थ है देवताओं का स्वामी अथवा अग्रणी। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात् शिव पुत्र अर्थात शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि 'गज' दो व्यंजनों से बना है। 'ज' जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है तो 'ग' प्रतीक है गति और गंतव्य का। अर्थात् गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है-जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्ववेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

भारत अमेरिका का अगला मुकाम अब अंतरिक्ष बनेगा

भारतीय राजदूत ने भारत अमेरिका सहयोग का अगला मुकाम अंतरिक्ष, शीर्षक वाले लेख में लिखा कि पीएम ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद कहा है कि यह केवल भारत का नहीं बल्कि पूरी मानवता का हैसहायता करने की यह भावना ही भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करती है।

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर जिस प्रकार प्रौद्योगिकी, स्पेस इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मेसी सहित अनेक क्षेत्रों में भारत की अपार सफ़लताओं के शंखानंद गूंज रहे हैं और विशेष रूप से अभी चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 की अपार सफ़लताओं के बाद विश्व की महाशक्ति अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा का ध्यान भी भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने खींचा है इससे यही महसूस हो रहा है कि इसरो प्लस नासा इक्वल टू आकाश हमारा है। हालांकि इसरो और नासा के आपस में सकारात्मक तालमेल व सहयोग का ही नतीजा है जिसका फायदा हमने चंद्रयान-3 मेंभी पायाहै,उसे देखते हुएअंतरिक्ष क्षेत्र में भी अमेरिका और भारत का सहयोग बढ़ना स्वाभाविक है, यह विचार अमेरिका में भारतीय राजदूत ने भी अपने एक आर्टिकल के द्वारा व्यक्त किए हैं और यह स्वाभाविक भी है,अगर हम किसी क्षेत्र में अपार उपलब्धियां प्राप्त करते हैं तो उस क्षेत्र के किंग की नजरे उस ओर जरूर जाएगी और वह उन सफलताओं में अपनी गुंजाइश को देखते हुए कुछ आदान-प्रदान पर सहमति होने की कोशिश करेगा तो दोनों पक्षों की तकनीके के मिलाकर इतिहासरचने में कामयाबी हासिल होगी। बस! यही सोच अब इसरो और नासा को मिलकर करनी होगी तो शीघ्र ही आकाश हमारा होगा। बता दें कि हाल ही में भारतीय पीएम के अमेरिका अधिकृत दौरे पर अनेक समझौते हुए थे जिनका क्रियान्वयन शुरू हो चुका है, इनमें सबसे महत्वपूर्ण समझौते, सेमीकंडक्टर प्रक्रिया में शुरू हो गया है। अब स्पेस क्षेत्र की बारी है। चूंकि भारत की संयुक्त राष्ट्र महासभा से लेकर करीब करीब हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक रुतबे के साथ तारीफ़ हो रही है और पूरी दुनियां की नजरे भारत अमेरिका रणनीतिक समझौते के सबसे महत्वपूर्ण इसरो और नासा की ओर देख रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग में धरती ही नहीं आकाश से भी असीम संभावनाएं हैं।

साथियों बात अगर हम अमेरिका में भारतीय राजदूत के मीडिया में 15 सितंबर 2023 को प्रकाशित एक लेख की करें तो उन्होंने लिखा, भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय सहयोग के लिए धरती ही नहीं अंतरिक्ष में भी असीम संभावनाएं हैं। दोनों देशों के सहयोग का अगला मुकाम अब अंतरिक्ष बनेगा। यह बात अमेरिका में भारत के राजदूत ने कही है। भारतीय राजदूत ने कहा कि विश्व के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के लिए अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाना और नई संभावनाओं पर कार्य करना बिल्कुल स्वाभाविक है। भारतीय राजदूत ने भारत अमेरिका सहयोग का अगला मुकाम अंतरिक्ष, शीर्षक वाले लेख में लिखा कि पीएम ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद कहा है कि यह केवल भारत का नहीं बल्कि पूरी मानवता का हैसहायता करने की यह भावना ही भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करती है। इसीलिए दोनों देशों के नेता इस दोस्ती को विश्व के लिए अच्छा कहा उन्होंने कहा कि इस दोस्ती का विस्तार सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा सहयोग और साफ सुथरी ऊर्जा से लेकर जटिल तकनीक तक है। इन सभी का उद्देश्य मानवता की सेवा है। यह पूरी तरह से स्वाभाविक और इसे हमें निरंतर मजबूत करना है। भारत और अमेरिका साथ हों तो आकाश में भी कोई सीमा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत वन क्षेत्र में लगने वाली आग, सौर ऊर्जा का आकलन और मौसम संबंधी आंकड़ों की सूचनाएं देकर कई देशों का सहयोग कर रहा है जबकि, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अपने अर्थ ऑब्जर्वेशन के आंकड़ों और अन्य नए कार्यों से विश्व के कई भागों को लाभान्वित कर रही है। दोनों देश मिलकर विश्व को लाभ पहुंचाने वाले कई अन्य कार्य भी कर सकते हैं। आगे कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर अंतरिक्ष संबंधी फायदे अर्जित कर सकते हैं और उन्हें विश्व के अन्य देशों तक पहुंचा सकते हैं। इस समय भी भारत कई देशों को कई फायदे पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के लिए अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाना और नई संभावनाओं पर कार्य करना बिल्कुल स्वाभाविक है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत अमेरिका के बढ़ते सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करने की करें तो, जो बाइडन ने भारत और अमेरिका के बढ़ते सहयोग पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उसे महात्मा गांधी के परस्पर विश्वास के सिद्धांत पर आधारित बताया। उन्होंने इस विश्वास को कायम करने के लिए भारतीय पीएम को धन्यवाद दिया। बाइडन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) के जरिये यह बात नई दिल्ली से वियतनाम की राजधानी हनोई के लिए रवाना होते हुए कही है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने जी-20 देशों के अन्य साथी नेताओं के साथ राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।बाइडन ने उस समय का एक फोटो भी इंटरनेट मीडिया साइट पर पोस्ट किया है। बाइडन ने जी-20 की अध्यक्षता के भारत के एक वर्ष के कार्यकाल पर सफलता की मुहर लगाते हुए,राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसे समाधान वाला वर्ष बताया। उन्होंने कहा, इस वर्ष ने साबित किया कि बड़े मसलों का किस तरह बातचीत से समाधान निकाला जा सकता है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश मिलकर किसी भी समस्या का समाधान निकाल सकते हैं। बाइडन ने कहा कि ऐसे समय में जबकि वैश्विकअर्थव्यवस्था पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं, यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों और आपूर्ति व्यवस्था में पैदा हुई बाधाओं को झेल रही है, तब जी 20 ने हमें समाधान की राह दिखाई है। हम मिलजुलकर समस्याओं के दुष्प्रभावों से बाहर आ सकते हैं।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा 14 सितंबर 2023 के बयान कि भारत अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी कभी इतनी गतिशील नहीं रही जितनी आज है की करें तो, भारत द्वारा हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के कुछ दिनों बाद ही अमेरिकी विदेश मंत्री ने तारीफ की है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के आपसी सहयोगों से दोनों देशों को लाभ होगा। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि अमेरिका-भारत की रणनीतिक साझेदारी कभी भी इतनी अधिक गतिशील नहीं रही है।उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के आपसी सहयोगों से दोनों देशों को लाभ होगा। अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच सहयोगों की तारीफ की है। विदेश मंत्री ने नए युग में अमेरिकी कूटनीति की शक्ति और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा अमेरिका भारत की रणनीतिक साझेदारी कभी भी इतनी अधिक गतिशील नहीं रही है। हम एडवांस सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा सहयोग तक हर चीज साथ काम करते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने क्वाड की तारीफ में कहा कि बाइडनप्रशासन ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से क्वाड साझेदारी को मजबूत किया है।

विशेष सत्र में महत्वपूर्ण बिलों पर होनी चाहिए चर्चा

अब सवाल ये है कि क्या नए कानून से चुनाव आयुक्तों की शक्तियां कम हो जाएंगी ? तो इसका जवाब है नहीं। क्योंकि चयन होने के बाद सीईसी और ईसी संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत चुनावों का संचालन करते हैं। संविधान के प्रावधानों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयुक्तों को कई विशेष अधिकार दिए गए हैं। तो चाहें तो अपने अधिकारों का इस्तेमाल पूरी आज़ादी के साथ कर सकते हैं।

श्रेय शुक्ला

संसद के विशेष सत्र शुरू में कुछ महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा होनी है। लोकसभा से जारी बुलेटिन में कहा गया है सरकार 4 बिल पेश करने वाली है। इसमें अधिवक्ता संशोधन बिल है, प्रेस एंड रजिस्ट्रैशन ऑफ पीरीयॉडिकल बिल है, पोस्ट ऑफिस बिल और चौथा है मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्त की नियुक्ति और सेवा शर्तो से जुड़ा हुआ बिल। इसमें सबसे अहम बिल मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित है। मोदी सरकार इस बिल के जरिये चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में बदलाव करना चाह रही है। जानने वाली बात ये हैं कि चौथे वाले बिल यानी मुख्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर विस्तार से बात करेंगे। जानेंगे की कोशिश करेंगे कि कोशिश करेंगे कि आखिर नए और पुराने वाले बिल में क्या बुनियादी फर्क है।

इसी साल मार्च महीने में सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फ़ैसला सुनाया था, कोर्ट ने साल 2015 से चुनाव आयोग के कामकाज में पारदर्शिता को लेकर कई जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं जिस पर ये फ़ैसला सुनाया गया था। फैसले का लब्बोलुआब ये था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति सरकार के नियंत्रण से बाहर होनी चाहिए। जस्टिस केएम जोसेफ़ की संवैधानिक पीठ ने अपने फ़ैसले में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सलाह पर की जाए, जिसमें प्रधानमंत्री हो, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होंने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति को लेकर एक क़ानून बनाने के लिए भी कहा था। फ़ैसले के बाद पिछले महीने यानी कि मॉनसून सत्र में 10 अगस्त को मोदी सरकार ने राज्यसभा में एक बिल भी पेश कर दिया जिसका नाम था मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023 इस पर विपक्ष ने खूब हंगामा मचाया और दावा किया गया कि सरकार चुनाव आयोग को भी कठपुतली बनाना चाहती है। कहा जा रहा है कि नए बिल से मुख्य चुनाव आयुक्त की शक्तियां कम हो जायेंगी और उसका ओहदा केंद्रीय राज्यमंत्री से भी कम हो जाएगा।

इस विधेयक के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त यानी सीईसी और अन्य चुनाव आयुक्तों यानी ईसी की नियुक्ति एक सिलेक्शन कमेटी के सुझाव पर राष्ट्रपति करेंगे। इस कमेटी में तीन लोग होंगे। जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और एक कैबिनेट मंत्री जिसे प्रधानमंत्री नामित करेंगे। बस पूरा खेल यहीं पर हुआ है। अब याद करिये सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा था। कोर्ट ने कहा था कि जो कमेटी बने उसमें उसमें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया भी होंने चाहिए। लेकिन मोदी सरकार ने सीजेआई की जगह अपने कैबिनेट मंत्री को बैठा दिया। यानी तीन लोगों की कमेटी में बहुमत सरकार के पास रहेगा। इसलिए सरकार जिले चाहेगी उसे मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयुक्त बना सकती है। हालांकि सर्च कमेटी भी बनाने गई है। यही कमेटी 5 लोगों शॉर्ट लिस्ट करेगी और वो नाम सेलेक्शन कमेटी को सौंपेगी। और ये जो सर्च कमेटी है इसको केंद्रीय सचिव स्तर का अधिकारी हेड करेगा। यानी यहां भी सरकार का ही आदमी बैठा हुआ है।

अब सवाल ये है कि क्या नए कानून से चुनाव आयुक्तों की शक्तियां कम हो जाएंगी? तो इसका जवाब है नहीं। क्योंकि चयन होने के बाद सीईसी और ईसी संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत चुनावों का संचालन करते हैं। संविधान के प्रावधानों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयुक्तों को कई विशेष अधिकार दिए गए हैं। तो चाहें तो अपने अधिकारों का इस्तेमाल पूरी आज़ादी के साथ कर सकते हैं। संविधान के जानकारों की मानें तो समिति के माध्यम से नियुक्ति होने पर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की विश्वसनीयता बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, सीवीसी, सीबीआईऔर ईडी चीफ की मुखिया की नियुक्ति में भी समिति का सिस्टम लागू होने के बावजूद विवाद बढ़ रहे हैं। इसलिए सिर्फ कानून या नियुक्ति की प्रक्रिया बनाने से चुनाव आयोग की विश्वसनीयता कायम रखना मुश्किल काम है।

अब दूसरा सबसे सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या नए कानून से मुख्य चुनाव आयुक्त का दर्जा राज्य मंत्री से भी कम हो जाएगा? ये सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि नए बिल में चीफ इलेक्शन कमिश्नर और अन्य इलेक्शन कमिश्नर की सैलरी, अलाउंस और दूसरी सुविधाएं कैबिनेट सचिव स्तर के अधिकारी के बराबर रखी गई हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि सीईसी का दर्जा भी डाउन हो गया, लेकिन ऐसा है नहीं। चलिए बताते कैसे। राष्ट्रपति सचिवालय के प्रोटोकॉल नोटिफिकेशन जारी होता है। जिसमें सभी मंत्रियों, जजों और सचिवों की रैंक के हिसाब से उनका उनका प्रोटोकॉल निर्धारित होता है। अगर हम उस प्रोटोकॉल नोटिफिकेशन के हिसाब से देखें तो सुप्रीम कोर्ट के जज की रैंक 9 है और मुख्य चुनाव आयुक्त की रैंक 9 हैं। इसी तरह से कैबिनेट मंत्री 7वीं रैंक और केंद्र सरकार के राज्यमंत्री 10वीं रैंक पर आते हैं। वहीं कैबिनेट सेक्रेटरी को 11वीं रैंक पर रखा गया है। जो कानून मोदी सरकार लेकर आ रही है उसकी धारा-10 (1) के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त का वेतन, भत्ते और सेवा-शर्तें कैबिनेट सेक्रेटरी के दर्जे की ज़रूर रहेंगी, लेकिन प्रोटोकॉल स्टेटस में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसे ऐसे समझें कि भारत रत्न को सुप्रीम कोर्ट के जज से भी बड़ा ओहदा मिलता है, लेकिन उनके सैलरी और बाकी सुविधाओं को लेकर कोई सेवा शर्ते नहीं होती हैं। नए प्रस्तावित कानून में चुनाव आयुक्तों को नौकरी से निकालने के नियम सुप्रीम कोर्ट के जजों को नौकरी से निकालने के नियम के जैसा ही है। इसका मतलब ये है कि उनके प्रोटोकॉल पहले जैसे रहेंगे।

आज़ादी के इतने सालों तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कैसे होती आ रही थी..। तो दरअसल सच ये है कि आज़ादी के इतने सालों तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून था ही नहीं। नियुक्तियां पूरी तरह से केंद्र सरकार के हाथ में थीं। प्रक्रिया के नाम पर...सचिव स्तर के मौजूदा और रिटायर हो चुके अफसरों की एक लिस्ट बनाई जाती थी। जिसमें 10,20,30 यहां तक 40 नाम भी होते थे। इनमें से तीन लोगों को चुनाव था। चुनने से पहले राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नामों पर मंथन करते थे और राष्ट्रपति के पास भेज देते थे। हालांकि नामों के साथ प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के पास एक चिट्ठी भी लिखकर भेजते थे, जिसमें उन तीनों नियुक्तियों का कारण लिखा गया होता था। जब तीनों को नियुक्ति हो जाती थी तो तीनों में जो सबसे सीनियर होता था उसे मुख्य चुनाव आयुक्त और बाकी दोनों को चुनाव आयुक्त बना दिया जाता था।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में संकेत राजकीय मूक बधिर विद्यालय का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

प्रधानमंत्री ने दिव्यांग नाम देकर दिव्यांगजन के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया : सीएम

■ छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उन्हें उपहार भी भेंट किए

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांग नाम देकर दिव्यांगजन के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार दिव्यांगजन के सम्मान व उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री आज जनपद गोरखपुर में संकेत राजकीय मूक बधिर विद्यालय का निरीक्षण करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित किया। एक शिक्षक ने उनकी बातों को संकेतों के जरिये छात्र-छात्राओं तक पहुंचाया। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उन्हें उपहार भी भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकेत राजकीय मूक बधिर विद्यालय में छात्रावास का निर्माण कर इसे आवासीय विद्यालय के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दिव्यांग बच्चों को काफी राहत मिलेगी व उनकी प्रतिभा का विकास होगा। बच्चों की प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में किया जा सकता है। यह बच्चे समाज के लिये प्रेरणा के स्रोत होगें। आवासीय विद्यालय में बच्चों को सुरक्षित वातावरण दिया जाएगा। उन्होंने संकेत विद्यालय तक आवागमन की असुविधा दूर करने के लिए जिलाधिकारी व नगर निगम को निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई दिनों बाद इस विद्यालय में आकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। पहले इस विद्यालय का भवन जर्जर था, प्रदेश सरकार ने यहां नया भवन बनवा दिया है। विद्यालय के ऐसे बच्चे जो कम बोल/सुन सकते हैं, उन बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लांट एवं स्पीच थेरेपी द्वारा उपचार/सर्जरी की जाये, इसके लिये केन्द्र/राज्य सरकार धनराशि भी प्रदान कर रही है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कौशांबी सामूहिक दलित हत्याकांड : माले जांच दल ने घटनास्थल का किया दौरा

लखनऊ। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के तीन सदस्यीय जांच दल ने कौशांबी जिले में संदीपन घाट थानाक्षेत्र के मोहद्दीनपुर गौस गांव का रविवार को दौरा किया।

इस गांव के पंडा चौराहा के निकट रहने वाले एक दलित (पासी जाति के) परिवार के तीन वयस्कों और एक अजन्मे बच्चे सहित चार व्यक्तियों की बीते 15 सितंबर की अहले सुबह बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे सो रहे थे। मृतकों में होरीलाल, उनका दामाद शिवशरण, बेटी बृजकली व उसके आठ माह के गर्भ का बच्चा शामिल हैं। माले की टीम ने घटनास्थल पहुंच कर पीड़ित परिवार के शेष सदस्यों से भेंट की और शोक संवेदना व्यक्त की। टीम ने हत्याकांड की अपनी जांच रिपोर्ट सोमवार को जारी की। जांच रिपोर्ट के अनुसार, मृतक होरीलाल के दूसरे दामाद विष्णईजी ने जांच दल को हत्या की जगह दिखाई। यहां घर के नाम पॉलिथीन से छाया हुआ छोटा-सा मड़हा (झोपड़ी नुमा घर) था।

पर्यटन गतिविधियों से युवाओं को जोड़कर प्रदेश में पर्यटन को दिया जायेगा बढ़ावा

अवधनामा संवाददाता

■ मुख्यमंत्री अपने आवास से 10 बसों को हरी झंडी दिखायेंगे

लखनऊ। युवाओं को पर्यटन से जोड़कर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 250 छात्र-छात्राओं को यूपी देखो यात्रा के अंतर्गत पर्यटन स्थलों के दो दिवसीय भ्रमण पर अयोध्या, काशी, मथुरा, चित्रकूट समेत 10 जिलों को रवाना किया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 27 सितम्बर को अपने आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में 10 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 में बड़ी संख्या में युवाओं की पूंजी है। इनकी क्षमता एवं सामर्थ्य को पर्यटन गतिविधियों में सहभागिता कर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार युवाओं को केन्द्रित कर विभिन्न कार्यक्रम तैयार कर रही है। इसके तहत युवा क्लबों का गठन किया गया है। जिसके तहत स्कूल और कालेजों के छात्रों को जोड़ा गया है।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि युवाओं की पर्यटन गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में युवा पर्यटन क्लब का गठन किया गया है। छात्रों को इन क्लबों की सदस्यता प्रदान की गयी है। पर्यटन विभाग द्वारा समय-समय पर छात्रों को पर्यटन गतिविधियों में शामिल किया जाता है। इसी क्रम में अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर लखनऊ के 10 युवा पर्यटन क्लबों के 250 युवाओं को दो दिवसीय भ्रमण के लिए चुना गया है। 10 के ग्रुप में ये विद्यार्थी 10 बसों में सवार होकर अयोध्या, मथुरा, काशी, झांसी, चित्रकूट, प्रयागराज, आगरा, मिर्जापुर, कुशीनगर तथा नैमिषारण्य जायेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उ0प्र0 में धार्मिक पर्यटन की असीमित संभावनायें है। हर वर्ष घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। इसको दृष्टिगत रखते हुए युवाओं को इन धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। इन छात्रों का समूह विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेगा।

जैन धर्म के दशलक्षण पर्व आज से

लखनऊ। दिगम्बर जैन समाज द्वारा दशलक्षण पर्व 19 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे हैं । लखनऊ से सभी जैन मंदिरों मे दशलक्षण पर्व को लेकर तैयारी पूरे जोरों शोरों से चल रही है। सभी मंदिर सजाए जा रहे हैं । सभी जैन बंधुओं बड़े ही उत्साह से व्रत उपवास के पर्व के स्वागत मे पलके बिछाए बैठे हैं।

जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया की इंदिरा नगर जैन मंदिर मे प्रातः 6.30 बजे से भगवान का अभिषेक का कार्यक्रम प्रारंभ होगा एवं विश्व शांति की कामना से शांतिधारा प्रतिदिन की जाएगी। भोपाल से ब्रह्मचारी श्रीपाल जी लखनऊ वाचना हेतु पधारे हुए हैं, दशलक्षण के 10 दिनों तक आपके प्रवचनों का लाभ सभी साधर्मी बंधुओं को प्राप्त होता रहेगा। इस अवसर पर दशलक्षण विधान भी किया जाएगा।

उत्तर रेलवे एवं सेतु निगम के बीच हुआ एमओयू

एमओयू से रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण त्वरित गति से पूर्ण हो सकेंगें : एमडी सेतु निगम

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उप्र राज्य सेतु निगम लि0 के लखनऊ स्थित मुख्यालय पर आज उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अन्तर्गत 03 सम्पारों पर नव स्वीकृत रेल उपरिगामी सेतुओं (आरओबी) के रेलवे पोर्शन के निर्माण कार्य उप्र राज्य सेतु निगम लि0 द्वारा सिंगल एंटिटी (एकल इकाई) पर कराने हेतु उत्तर रेलवे एवं सेतु निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम श्री राकेश सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन सम्पारों के निर्माण हेतु एमओयू हुआ है उनमें जनपद अयोध्या में 108एसी, प्रयागराज में 76 एवं लखनऊ में 8स्पे0 (पारा) सम्मिलित किया गया है। उक्त सम्पारों पर रेलवे पोर्शन की लागत लगभग रु0 490.00 करोड़ है। उक्त धनराशि रेलवे विभाग द्वारा राज्य सरकार को दी जायेगी। प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम श्री राकेश सिंह ने बताया कि इससे पूर्व में उत्तर रेलवे एवं सेतु निगम के बीच प्रथम चरण में दिनांक 12 मई 2023 को 17 आरओबी हेतु एमओयू हो चुका है, जिसमें जनपद अयोध्या में 07 (सम्पार संख्या 105,107ए,108ए,111बी,112ए,118,121), प्रयागराज में महाकुम्भ के दृष्टिगत 02 (सम्पार संख्या 40ए एवं 1सी), मिशन रफ्तार के अन्तर्गत लखनऊ में 08 (सम्पार संख्या 4स्पे0, 13स्पे0, 18ए, 20स्पे0, 23सी, 28सी, 36ए, 39सी) सम्मिलित थे।

एमडी सेतु निगम ने बताया कि इस एमओयू से रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण त्वरित गति से पूर्ण हो सकेंगे। इस एमओयू से जहाँ प्रदेश सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुसार अयोध्या के रेल उपरिगामी सेतुओं का समयबद्ध निर्माण सम्भव हो सकेगा वहीं आगामी वर्ष में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ के समय तीर्थ यात्रियों हेतु सुलभ आवागमन उपलब्ध हो जायेगा। साथ ही साथ लखनऊ से कानपुर के मध्य कतिपय रेल सम्पारों पर उपरिगामी सेतुओं के निर्माण से मिशन रफ्तार के अन्तर्गत 160 किमी0 प्रति घंटा की रफ्तार से रेलगाड़ियों के आवागमन का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा।

स्वच्छता अभियान निरंतर चलने वाला अभियान हो

अवधनामा संवाददाता

■ अपनी आदतों में छोटे-छोटे बदलाव लाकर स्वच्छ परिवेश का निर्माण किया जा सकता : कृषि उत्पादन आयुक्त

लखनऊ। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग, मनोज कुमार सिंह ने आज यहां अलीगंज स्थित पंचायतीराज निदेशालय में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत राज्य स्तर पर स्वच्छता ही सेवा-2023 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता का कार्य केवल कुछ दिनों का अभियान न होकर निरन्तर चलने वाला अभियान होना चाहिए। हम जो भी कार्य अभियान के तौर पर करते हैं उसमें अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इसीलिए सफाई व स्वच्छता का कार्य भी अभियान की तरह प्रतिदिन चलना चाहिए।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या के कारण प्लास्टिक/थर्माकोल आदि का अत्यधिक प्रयोग हो रहा है, जिससे अपशिष्ट एवं कूड़ा-कचरा लगातार बढ़ रहा है जो सिर्फ पर्यावरण ही नहीं हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। इसलिए व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही बढ़ते अपशिष्ट एवं कूड़े का निस्तारण करना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गन्दगी न करना हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। अपनी आदतों में छोटे-छोटे परिवर्तन करके स्वच्छ परिवेश का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण में ओडीएफ प्लस बनाने हेतु सृजित हो रही परिसम्पत्तियों के संरक्षण रख-रखाव एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। स्वच्छता ही सेवा-2023 की थीम ''कचरा मुक्त भारत'' है। जिसका उद्देश्य दृष्यमान साफ-सफाई और सफाई-मित्रों के कल्याण व समृद्धि से सम्बंधित है। स्वच्छता एक दिन का कार्यक्रम नहीं है यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। विगत वर्षों की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना स्वैच्छिकता/श्रमदान से है। इस अभियान में ग्रामीणों को प्रेरित कर श्रमदान के माध्यम से ग्रामों की सफाई कराये जाने पर बल दिया गया जिससे ग्रामीणों में स्वच्छता की भावना विकसित हो सके तथा स्वच्छता स्थाई रूप से कायम रहे।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में ग्राम्य विकास, वन एवं पर्यावरण, शिक्षा, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन, पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि, संस्कृति, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, सिंचाई एवं जल संसाधन आदि विभागों के कार्यालय की स्वच्छता एवं इन विभागों द्वारा संचालित संस्थाओं में भी साफ-सफाई तथा स्वच्छता के परिसम्पत्तियों की मरम्मत, पेंटिंग, साफ-सफाई का कार्य किया जायेगा, जिसकी प्रगति आख्या फोटोग्राफ सहित सम्बंधित जनपद के जिलाधिकारी के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। यह रिपोर्ट एसएचएस-2023 पोर्टल पर अपलोड की जायेगी। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त ने सभागार में उपस्थित लोगों को स्वच्छ भारत बनाये जाने हेतु शपथ भी दिलाई।

पसमांदा हितों के लिए कार्य कर रहा एआइपीएमएम : परवेज

हमारा संगठन भी पसमांदा मुसलमानों के लिये कार्य करेगा: हाजी मेहदी

अवधनामा संवाददाता

■ अक्टूबर में होगा हाजी सम्मान समारोह का आयोजन: नफीस

लखनऊ। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज तत्वावधान में दिल्ली स्थित हजरत निजामुद्दीन दरगाह पर हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ, दिल्ली प्रभारी नफीस मंसूरी और मंसूरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मेहदी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में भारतीय मूल के पसमांदा मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक व राजनीतिक हिस्सेदारी की बात हुई। एआइपीएमएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा कि हम चाहते हैं मंसूरी फेडरेशन ऑफ इंडिया और इस जैसे कई संगठन जो पिछड़े मुदसलमानों के लिये कार्य कर रहे हैं, वह एक प्लेटफार्म पर आयें, जिससे कि पसमांदा मुसलमानों की आवाज़ पूरे देश में और अच्छी तरह से पहुंचे। और वह संगठन किसी एक का नेतृत्व चाहता है तो वह उस पर भी बात करें, उन्होंने आगे कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज इन संगठनों का पसमांदा हितों के लिये नेतृत्व कर सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा संगठन कोई भी हो हमें सिर्फ और सिर्फ पसमांदा मुसलमानों के हितों को आगे ले जाना है।

एआइपीएमएम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नफीस मंसूरी ने कहा कि आज मंसूरी फेडरेशन आफ इंडिया ने हमें यह अवसर दिया है कि हम मिलकर पसमांदा हितों के लिये काम करें। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन अक्टूबर, 2023 में इसी के मद्देनजर बुन्देलखण्ड हाजियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें बुन्देलखण्ड की धरती से पूरे देश के पसमांदा मुसलमानों को ये संदेश देने की कोशिश रहेगी कि आप हमारे साथ जुड़ें और हमें मजबूत करें, जिससे की आपकी मजबूती हो सके।

मंसूरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मेहदी ने एआइपीएमएम के इस पहल को सराहा, उन्होंने कहा कि आज मंसूरी फेडरेशन आफ इंडिया भी पिछड़े वर्ग के हितों के लिये काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों संगठनों का मकसद एक ही है और आने वाले दिनों में होने वाले प्रोग्रामों में एक दूसरे के साथ शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं आश्वस्त करता हूं कि हमारा संगठन भी पसमांदा मुसलमानों के लिये कार्य करेगा। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश कॉर्डिनेटर सादाब आलम एवं प्रदेश सचिव यामीन सैफी के साथ दिल्ली में मंसूरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव नियाज मंसूरी, राष्ट्रीय प्रभारी राशिद मंसूरी और उनकी टीम उपस्थित रही।

खाद्यान्न वितरण की सतत् निगरानी की जा रही

लखनऊ। प्रदेश में उचित दर विक्रेताओं से प्रत्येक कार्डधारकों को पूरी मात्रा और निर्धारित मूल्य पर खाद्यान्न उपलब्ध करवाने हेतु विक्रेताओं के वितरण की सतत् निगरानी की जा रही है। वितरण के दौरान उपभोक्ता के बायोमेट्रिक के उपरान्त ई-पॉस मशीन से पर्ची निकलती है, जिस पर उपभोक्ता को देय खाद्यान्न की मात्रा व मूल्य अंकित रहता है। साथ ही वितरित खाद्यान्न की सूचना विभाग के एमआईएस पोर्टल पर ऑनलाइन देखी जा सकती है। समय-समय पर बाट-माप विभाग के साथ टीम बनाकर दुकानों की जाँच भी करायी जा रही है। वितरण सम्बन्धी कोई अनियमितता पाये जाने पर प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जा रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जुलाई, 2023 तक प्रवर्तन कार्यवाही के तहत लगभग 4,25,594 निरीक्षण एवं 40,390 छापे की कार्यवाही की गयी है। इसके अलावा 2,761 एफ0आई0आर0 कराते हुए 294 व्यक्तियों की गिरफ्तारी व 2,424 व्यक्ति अभियोजित किये गये।

'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के पहले चरण में व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले 'वीरों' को श्रद्धांजलि देने के लिए 9 अगस्त को एक राष्ट्रव्यापी अभियान मेरी माटी मेरा देश शुरू किया गया। यह अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का समापन कार्यक्रम है, जो 12 मार्च 2021 को शुरू हुआ और पूरे भारत में 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों में व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली। इस अभियान में स्वतंत्रता सेनानियों और सुरक्षा बलों को समर्पित शिलाफलकम की स्थापना जैसे कार्यक्रमों के साथ-साथ पंच प्रण प्रतिज्ञा, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन पहल के माध्यम से हमारे बहादुरों के वीरतापूर्ण बलिदानों का सम्मान किया गया।

शाहजहांपुर : इसी क्रम में शाहजहांपुर जिले के तिलहर मे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कई स्थानों पर एक मुट्ठी मिट्टी और एक चुटकी अक्षत कलश में संग्रहित किया गया। ग्राम पंचायत तलवीपुर दियुरिया में विधायक सलोना कुशवाहा ने घरों में जाकर मिट्टी और अक्षत लिया। इस दौरान बीडीओ ब्रजेश मिश्र भी साथ रहे। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने पंजाबी कॉलोनी सहित नगर के अन्य मोहल्ले में पालिकाकर्मियों के साथ जाकर मिट्टी और अक्षत एकत्र किया। मोहल्ला दातागंज में वार्ड सभासद राखी गुप्ता के साथ उनके पति हितेश गुप्ता तथा पालिका कर्मचारियों ने संग्रहण किया।

कानपुर : जनपद कानपुर देहात के विकासखंड मलाशा में मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुलंदर में माटी और कलश यात्रा को लेकर के ग्राम प्रधान प्रीति तिवारी व ग्राम सचिव नम्रता राव के नेतृत्व में कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सभी लोगो ने आकर इस कलश यात्रा को सफल बनाने में अपने-अपने यहां से एक-एक मुट्ठी माटी लेकर इस कलश में डाला गया जो ब्लॉक स्तर के द्वारा नई दिल्ली में पहुंचाया जाएगा।

कराटे चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्रा ने जीते दो गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रतिभाशाली छात्रा सानवी मिश्रा ने 7वीं डिस्ट्रिक्ट वाडो-काई कराटे चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप का आयोजन स्थानीय चौक स्टेडियम में किया गया, जिसमें सानवी ने काटा एवं क्यूमिटे प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल अर्जित कर अपनी अभूतपूर्व खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय की इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। बताया कि इस चैम्पियनशिप में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कराटे में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते दो गोल्ड मेडल अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

नफरतों को मिटाकर चलो हम एक हो जाएं

संदेश के साथ क़ौमी यकजहती पर मुशायरे का सफ़ल आयोजन

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर, बाराबंकी। सभी धर्म मानवता एवं प्रेम का सन्देश देते हैं। मनुष्य अपने निजी स्वार्थ के लिए धर्म से हटकर बात करता है, जिससे समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित होता है। उक्त विचार मौलाना सिराज अहमद क़मर की तीसवीं बरसी के अवसर पर फतेहपुर में आयोजित कौमी यकजहती के शीर्षक से होने वाले महफिले मुशायरा में मुख्य अतिथि इरशाद अहमद कमर चैयरमेन नगर पंचायत फतेहपुर ने व्यक्त किये। उन्होंने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि ईर्ष्या तथा नफरत की समाप्ति किये बगैर अम्न व मोहब्बत का सपना साकार नहीं हो सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदुरु आश्रम के महन्त लक्ष्मेन्द्र दास ने अपने उदबोधन में कहा कि क़ौमी एकता का प्रतीक क़मर फाउंडेशन जिस प्रकार से सभी धर्म और जातियों के लोगों को अपने गले लगाकर इन्सानियत की मिसाल पेश कर रहा है, वो प्रशंसा के लायक़ है। आप सभी लोग कमर फाउंडेशन से जुड़कर समाजसेवी कार्यों में मौलाना मेराज अहमद कमर को सहयोग प्रदान करें। हाफिज अब्दुल हई व मौलाना वक़ार अहमद क़ासमी ने भी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने पर अपने विचार रखे और मौलाना सिराज अहमद कमर की जीवनी से भी परिचित कराया।

क़मर फाउंडेशन के संस्थापक व संरक्षक मेराज अहमद क़मर ने कमर फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे समाजसेवी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सोशल मीडिया के ज़रिए हमारी नई नस्ल ग़लत रास्तों पर जा रही है हमें उसे बचाना होगा। कमर फाउंडेशन की जानिब से मुख्य अतिथि इरशाद अहमद कमर के हाथों प्रसिद्ध शायर एवं सासाहिक अख़बार सदा-ए-बिस्मिल के एडीटर ज़की तारिक को मौलाना सिराज अहमद कमर एवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। मशहूर युवा शायर व कवि अहमद सईद हर्फ़ के संचालन में महफिले-मुशायरा में शायरों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया।

कुछ सिसकते लफ्ज़ भी हैं और कुछ ज़ख़्मी ग़ज़ल, और कुछ मजरूह अंदाज़े-बयाँ है इन दिनों।

सलमान अतहर

दुनिया भर का है नूर उस पे फिदा,
वो जो इक हबशी काला काला है। -ज़की तारिक़

कौन हिन्दू है कौन मुस्लिम है,
बन्द अब, ये सवाल हो जाएं। -अहमद सईद हर्फ़

मिटाकर नफरतों को आओ हम सब एक हो जाएं,
इसी में अम्न है और अम्न में सब कुछ सलामत है। -मुतिउल्लाह हुसैनी

किसी मज़लूम की पगड़ी न उछाली जाए,
आओ बैठो कोई तरकीब निकाली जाए। -हसन नईमी

हम इन्सां हैं बहुत कुछ हमसे अच्छा हो नहीं सकता,
मगर जितना भी बन पाए वो अच्छा कर लिया जाए। - मास्टर इरफान बाराबंकवी

इसके अलावा अदील मंसूरी, राही सिद्दीकी, अतहर कमलापुरी, कारी परवेज़ यज़दानी, आफ़ताब जामी, सलीम अखतर पैंतेपूरी, शादाब अनवर, नसीम अखतर कुरैशी ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब सीएमएस छात्र को

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के कक्षा 12 के छात्र पियूष त्रिपाठी ने हिन्दी साहित्य महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित अन्तर-विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन एक स्थानीय विद्यालय द्वारा किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग के अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया। सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्र ने विषय के विपक्ष में अपने विचार रखते हुए तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास व अभिव्यक्ति की क्षमता का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर शानदार सफलता अर्जित की। निर्णायक मंडल ने सी.एम.एस. छात्र की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने पियूष के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है। इन्ही प्रयासों की बदौलत सी.एम.एस. के मेधावी छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर अपने मेधात्व का परचम लहरा रहे हैं।

इस्लामिया कॉलेज में हुई जनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। हाफिज़ मोहम्मद सिद्दीक इस्लामिया इंटर कालेज में सोमवार को जनपदीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे इस्लामिया इंटर कालेज,राजकीय इंटर कालेज, जनसहयोगी बालिका इंटर कालेज बसरेहर,ज्ञान स्थली इंटर कालेज के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के सभी खिलाड़ियों में इस्लामिया कालेज से प्रशांत एवं नितिन, जनसहयोगी बालिका इंटर कालेज बसरेहर से पुष्पा एवं खुशबू,राजकीय इंटर कालेज से विकास का चयन मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए किया गया। इस्लामिया इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने सभी चयनित खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित कर उनकी हौसला अफजाई की।

पीएम के जन्मदिन पर भाजयुमो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भारत के सशक्त यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक सरिता भदौरिया,प्रवासी कार्यकर्ता के रूप भारतीय जनता युवा मोर्चा कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री मनीष बाजपेई एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष विवेक चौधरी (संजू)रहे।रक्तदान शिविर का उद्घघाटन सदर विधायक सरिता भदौरिया,क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री मनीष बाजपेई एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष विवेक चौधरी (संजू) ने फीता काट कर किया।सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि पिछली जितनी भी सरकारें रहीं है,वो चाहे कांग्रेस हो सपा हो या बसपा किसी के लिए भी कभी युवाओं ने इतनी ऊर्जा के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन नही किया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मात्र ऐसे प्रधानमंत्री है जिनके लिए युवा उनसे प्रेरणा लेकर रक्तदान करने के लिए स्वयं आगें निकल कर आगे रहें है और रक्तदान कर रहे है।भाजयुमो क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री मनीष बाजपेई ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया । क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री मनीष बाजपेई ने कहां कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।भाजयुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में 50 युवाओं ने रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया।उन्होंने बताया कि इस वर्ष मोदी जी के जन्मदिन पर युवाओं में एक अलग ही जोश है युवाओं का मानना है कि मोदी जी से मजबूत प्रधानमंत्री देश को नही मिला।रक्तदान शिविर में अजय भदौरिया ,अंकुर यादव,सचिन यादव,अशोक चौबे भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष डंपी चौहान, सौरभ भदौरिया,आकाश अवस्थी, मृत्युंजय चौधरी,कुशल चौधरी जिला महामंत्री मोनू चौहान,रजत शाक्य जिला मंत्री प्रीति दुबे,बंटू चौहान,अंकित सैनी, श्रेयश मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी भाजपा रोहित शाक्य जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो अनुरुद्ध गुप्ता जिला सोशल मीडिया प्रभारी गिर्राज चौधरी मंडल अध्यक्ष नया शहर सार्थक सक्सैना मंडल अध्यक्ष पुराना शहर अर्पित तिवारी सहित सभी जिले एवम मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्या के निलम्बन रद्द करने को लेकर शिवपाल सिंह यादव से मिले शिक्षक

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ(एकजुट)के शिक्षक साथियों ने सेवा सुरक्षा की धारा-21तदर्थ प्रधानाचार्य के वेतन की धारा-18 व शिक्षकों की पदोन्नति की धारा-12 की बहाली व तिवारी ज्वाला प्रसाद आर्य कन्या इण्टर कॉलेज,इटावा की प्रधानाचार्या मनोरमा रानी के निलम्बन को तत्काल रद्द करने को लेकर जसवन्त नगर विधान सभा क्षेत्र के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री,उत्तर प्रदेश सरकार शिवपाल सिंह यादव से चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज,हैवरा में मिलकर ज्ञापन सौंपा।शिवपाल सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए आश्वस्त किया शिक्षकों की समस्याओं को निश्चित रूप उनके द्वारा सदन में उठाया जायेगा।प्रधानाचार्या मनोरमा रानी के निलम्बन को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से फोन वार्ता कर शीघ्र उचित कार्रवाई कर प्रधानाचार्या को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

इटावा में बेल्ट परीक्षण व प्रमाण पत्र वितरण संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। इटावा जिला ताइक्वांडो संघ की मुख्य शाखा में बेल्ट परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।परीक्षण में विभिन्न श्रेणियों में कुल 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव रहे तथा अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने भी अपनी प्रमुख उपस्थिति दर्ज कराई।परीक्षण कार्यक्रम का आरंभ मुकेश जी को तिलक लगाकर तथा माला पहनाकर किया गया।इसी क्रम में सचिव हिमांशु यादव तथा सहसचिव हरिगोविन्द सिंह ने उनको स्मृति चिन्ह भेंट किया।परीक्षण में व्हाइट से येलो में बेल्ट सुनैना,पारुल, कौस्तुब दीक्षित, मो.अनस,सौरभ चंद्र,अंश राजावत, कृष्णा आदित्य,पार्थवी सक्सेना, आरोही सक्सेना,स्वास्तिक,शिवांश, भाग्या सिंह,मानवी सिंह,येलो से ग्रीन बेल्ट में हर्षित भदौरिया,शिवांशु,अक्षय प्रताप, आयुष बघेल,अयांश बंसल, जैसमिन चौहान, अर्णव सिंह,प्रियांशु, ओमजी, श्यामजी,गर्व,सक्षम,ग्रीन से ग्रीन वन में श्रेष्ठा,मनुराज आराध्या नागाइच, अपरिमेय गुप्ता तथा वैष्णवी द्विवेदी; ग्रीन वन टू ब्लू में ओम शर्मा,प्रियदर्शन शाक्य, दिव्यांश पाल,पलक पाल,श्रद्धा गोयल, दीपांजलि,हर्ष तिवारी।ब्लू वन से रेड बेल्ट में सोनाक्षी और रुद्र प्रताप तथा रेड से रेड वन में अंशुमन कुमार और आराध्या सिंह ने हिस्सा लिया। इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने ताइक्वांडो की प्रगति पर खुशी जाहिर की।वहीं सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र वितरित कर कार्यकम का समापन किया।उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा शिक्षा विभाग की तरफ से खेलों को हर संभव प्रोत्साहन देने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर महासचिव हिमांशु यादव,कोषाध्यक्ष नबीला, सहसचिव हरीगोविंद सिंह, सहसचिव रोहित द्विवेदी,जिला संघ मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता,सदस्य श्यामजी सक्सैना व दीपक पाल उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण रैली निकल गई

मथुरा। पोषण माह के अंतर्गत जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । केन्द्रों पर पोषण वाटिका के प्रचार प्रसार को प्रोत्साहन के लिए गतिविधियां आयोजित की गई ।उपस्थित महिलाओं बच्चों और किशोरियों को घर में किचन गार्डन बनाने के लिए प्रेरित किया गया ।घर में ख़ाली पड़े ज़मीन/आँगन में हरी पत्तेदार साग सब्ज़ियां उगाने के लिए प्रेरित किया गया । आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया ।छोटे छोटे बच्चों ने हाथों में तख्तियां लिए हुई थी जिसमें पौष्टिक भोजन ,सही पोषण देश रोशन ,सफ़ाई एवं स्वच्छता ,जंक फूड से दूर रहने से सम्बंधित सलोगन लिखे हुए थे। इसी प्रकार केंद्रों पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य ग्राम स्तरीय कर्मचारियो ने सभी घरों से भी थोड़ी अक्षत/चावल और मिट्टी कलश में एकत्रित किया।

प्रथम साबिया,द्वितीय इजना खानम व तृतीय स्थान पर वरीशा खानम रही

वहाज अली निहाल

इटावा,जसवंतनगर। गुलामाने वारिस मुस्लिम वेलफेयर एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा इक़रा इस्लामिक क्विज कंपीटिशन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सफीपुर निवासी सैय्यद फैज़ हसन सफ़वी ने कहा कि इस्लाम में शिक्षित बनने के लिए जगह-जगह ज़ोर दिया गया है।हमे चाहिए कि अपने बच्चों को अच्छी तालीम के लिये कोशिश करें और डॉक्टर, इंजीनियर,आई ए एस के साथ-साथ इस्लामिक शिक्षा की तालीम दे।हज़रत मोहम्मद ने शिक्षा का संदेश दिया है।इस तरह के कार्यक्रमों से अच्छा संदेश मिलता है।कमालुद्दीन अशरफी व मौलाना फरहान ने बताया कि प्रतियोगिता में 300 से ज्यादा बच्चों भाग लिया था।जिसमे प्रथम साबिया को सैमसंग टेबलेट,द्वितीय इजना खानम को वाटर आर ओ,तृतीय वरीशा खानम को ट्राली बेग आदि पुरुस्कार दिए गए।यह पुरुस्कार मोहम्मद जानिब राजा मेडिकल फार्मेसी समेत अज़ीम खान,पूर्व सभासद शाहबुद्दीन कुरैशी, इमरान, निज़ाम व जावेद हसन की ओर से दिया गया तथा बाकी सभी प्रतिभागियों को ज़ेबा खान की तरफ से गिफ्ट दिया गया।कार्यक्रम में आये सभी हाजीयों का स्वागत वारसी फाउंडेशन द्वारा किया गया।इस मौके पर संस्था सरपरस्त क़ारी हमीदुल्ला,मौलाना वाजिद,सराफत अशरफी,हाफिज सईद आलम, हाफिज आसिफ चिश्ती, संस्था प्रदेश अध्यक्ष फ़राज़ अहमद वारसी, प्रदेश उपाध्यक्ष नसीम सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष मेहबूब अशरफी, मो जानिब सफ़वी, फईम चिश्ती,नदीम क़ादरी, अकबर वारसी,हाजी शमीम,हाजी सलीम, सोहेल,ज़ीशान सफ़वी आदि मौजूद रहे।

श्रमिकों ने वेतन चोरी के मुद्दे को डीएम को अवगत कराया

मथुरा। मथुरा रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों से उनके पारिश्रमिक की अवैध लूट और उनका उत्पीड़न तमाम विरोध और उच्चाधिकारियों के आदेशों के बाबजूद थमे नहीं हैं । ठेकेदारों और भ्रष्ट अफसरों के अपवित्र गठजोड़ ने श्रम मंत्रालय और पूर्व जिलाधिकारी पुलकित खरे के आदेशों को भी प्रभाव में नहीं आने दिया तथा इस मामले में मुखर हुए श्रमिकों को निलंबन , स्थानांतरण और अन्य अमानवीय तरीकों से प्रताड़ित किया है । आज पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन कांट्रेक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट ने नवागत जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह से भेंट कर उन्हें सम्पूर्ण प्रकरण से अवगत कराया । केंद्रीय श्रम मंत्रालय के अधीन सहायक श्रमायुक्त झांसी के पत्र दिनाँक 22 मार्च 23 के अनुक्रम में तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर 04 अप्रैल 23 को कार्यवाही के लिए कहा था।

श्रद्धापूर्वक मनी भगवान विश्व कर्मा की जयंती

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सृष्टि के निर्माण की रूपरेखा व आकार देने वाले शिल्पकार,ब्रह्मांड के प्रथम अभियंता व यंत्रों के देवता देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती रविवार को इटावा नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष नगरपालिका परिषद ज्योति गुप्ता की मौजूदगी में श्रद्धा पूर्वक हवन पूजन करके एंव भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण करके मनायी गयी,इस अवसर पर प्रसाद वितरण एंव भंडारे का आयोजन भी किया गया।इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू,ई.ओ.नगर पालिका विनय कुमार मणि त्रिपाठी,नगर पालिका के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित,सभासद शरद बाजपेयी, अरविंद यादव, शिवम पाल,राहुल यादव,अर्पित गुप्ता सहित नगरपालिका के अधिकारी एंव कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

कंस्ट्रक्शन कंपनी में की गई विश्वकर्मा की पूजा

मथुरा। शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उनकी पूजा कर भवन निर्माण से जुड़े इंजीनियरों और मजदूरों ने पूजा अर्चना कर उन्हें भावपूर्ण स्मरण किया। जानकारी के अनुसार महान शिल्पकार औजारों की कल्पना कर उन्हें इजाद करने वाले भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के अवसर पर भवन निर्माण कार्य में मथुरा की अग्रणी कंपनी संचित एसोसिएट एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के पास स्थित कार्यालय पर कंपनी के डायरेक्टर इंजीनियर बलबीर सिंह और उनके सहयोगियों ने भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की गई तथा औजारों की भी पूजा की गई ।

केक काटकर व मरीजों को फल वितरित कर मनाया जन्मदिन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन के मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी रामशरण गुप्ता ने केक काटकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की।प्रधानमंत्री की तस्वीर को केक खिलाते हुए उन्होंने एक बार फिर से उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ जिला अस्पताल जाकर मरीजों को फल वितरित किए।साथ ही उनके भी जल्द स्वस्थ होने की कामना की।इस मौके पर सदन राजावत,अजय गुप्ता,नरेंद्र बरुआ, गुंजन राजावत,अखिलेश शर्मा, चंचल पांडेय,अशोक गुप्ता, शैलेंद्र भदौरिया,गौरव पोरवाल, प्रदीप गुप्ता, अनुज कुशवाहा आदि शामिल रहे। जिला अस्पताल के सीएमएस ने उन्हें धन्यबाद दिया।

बीएलएस, सीपीआर कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस को लेकर रोगी सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पोस्ट ग्रैजुएट स्टूडेंट्स एमबीबीएस स्टूडेंट्स व नर्सिंग एडं पैरामेडीकल साइंसेज के छात्राओं ने मॉडल के माध्यम से भाग लिया उल्लेखनीय रहे कि केएम हॉस्पिटल में 18 सितम्बर से 24 सितम्बर तक रोगी सुरक्षावार को इमरजैंसी कोडस, बीएलएस, सीपीआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। केएम हॉस्पिटल में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस को लेकर पेसेंट सेफ्टी वीक के तहत सोमवार सुबह इमरजेंसी कोडस, बेसिक लाइफ स्पोट (बीएलएस), कॉर्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) कार्यशाला का कार्यक्रम लैक्चर थियरेटर में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने किया। श्री चौधरी ने पेंसेट सेफ्टी वीक कार्यक्रम की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि वर्ष 2023 में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस की थीम रोगी सुरक्षा के लिए रोगियों को शामिल करना है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

- रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक पूरन प्रकाश ने फीता काट कर किया

अवधनामा संवाददाता

मथुरा । बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन पर लाइफ केयर चैरिटेबल ब्लड बैंक हाईवे प्लाजा के सामने मथुरा पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर का शुभारंभ समिति के प्रदेश संरक्षक व बलदेव विधायक पूरन प्रकाश ने फीता काटकर किया । शुभारंभ के अवसर पर विधायक पूरन प्रकाश ने कहा आज हमारे प्रधानमंत्री के 73 वें जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन समिति के द्वारा किया गया है , उन्होंने सभी रक्त वीरों को उनके सराहनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए का रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इसलिए हर व्यक्ति को समय-समय पर दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए करना चाहिए । संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी समिति लगातार समाज की सेवा कर रही है, किसी सेवा के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आज दिन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इसमें बड़ी संख्या में युवाओं में अपना रक्तदान किया है इसके लिए उन्होंने सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र के साथ के साथ हेलमेट दिया । आज पहले रक्तदाता गौरव सक्सेना ने अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया समिति ने गौरव सक्सेना का जन्मदिन ब्लड बैंक में धूमधाम के साथ मनाया विधायक पूरन प्रकाश ने उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें अपना आशीर्वाद देते हुए प्रशस्ति पत्र और हेलमेट दिया? रक्तदान शिविर में युवा पत्रकारों ने अपना रक्तदान किया ! रक्तदान शिविर में गौरव सक्सेना, आशीष कृष्णा अग्निहोत्री ,गोपाल गिरी, हर्षित सिंह,केशव , प्रवीण शर्मा, मनीष चौधरी चंदन सैनी, धर्मवीर शर्मा, नरेश सिंह, आदि लोगों ने अपना रक्तदान किया ।

तीन अधिवक्ताओं की समिति गठित की

मथुरा। अपर जिला जज 7 ने राधाष्टमी महोत्सव को देखते हुए लाडलीजी मंदिर की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए विशेषज्ञों की तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। इसी टीम की निगरानी में वर्तमान रिसीवर रासबिहारी गोस्वामी अपने दायित्वों का निर्वाहन करते रहेंगे। उन्होंने आगामी सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर की तिथि तय की है। यह आदेश अपर जिला जज संजय चौधरी ने ध्रुवेश गोस्वामी बनाम हरिओम गोस्वामी के मध्य चल रहे वाद की सुनवाई में दिए। रिसीवर के दायित्व का निवर्हन करते हुये ही निगरानीकर्ता के विरुद्ध मन्दिर की गोलक / दान पात्र की चोरी का मुकदमा न्यायालय के आदेश पर दर्ज होने की जानकारी पत्रावली पर है। ब्रज का प्रसिद्ध श्री लाडली जी मन्दिर बरसाना है।

आयोग की ओर से प्रशिक्षण संस्थान की मान्यता प्रदान की गई

लखनऊ। भारतीय रेल यातायात प्रबंधन संस्थान आईआरआईटीएम को क्षमता निर्माण आयोग की ओर से अति उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान की मान्यता प्रदान की गई है। आईआरआईटीएम एक केन्द्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान है।

वृंदावन के कई मार्गों के भवन व प्रतिष्ठान दिखेंगे हल्के पीले रंग में

अवधनामा संवाददाता

- गोवर्धन का बड़ा परिक्रमा मार्ग व बरसाना राधारानी मंदिर प्रंट एलीवेशन भी एक ही रंग में

मथुरा। कमिश्नर रितु माहेश्वरी ने मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मथुरा के कृष्णानगर की तर्ज पर धर्मनगरी वृंदावन व गोवर्धन के परिक्रमा मार्ग के दोनों और भवनों को एक ही कलर से रंगने सहित मथुरा वृंदावन के दो–दो मार्गों व बरसाना के राधारानी मंदिर को हल्का पीला रंगने की मांडल योजना को अपनी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने विप्रा के अधिकारियों से कहा ब्रज का विकास व सौंदर्यीकरण यहां की धार्मिकता के आधार पर हो। प्राधिकरण क्षेत्र सुंदर बने ताकि यहां आने वालों को सुखद अनुभव हो सके। कमिश्नर ने जिसमें मास्टर प्लान फाइनल किया गया 350 से 400 हेक्टेयर का लैंड बैंक बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया रेजिडेंशियल और इंडस्ट्रियल लैंड बैंक को भी स्वीकृति दी है।मंडल आयुक्त रितु माहेश्वरी ने जानकारी देते हुए बताया स्थापना निधि के करीब 20 करोड़ के प्रपोजल अनुमोदित किए गए हैं। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नगेन्द्र प्रताप ने उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप 22 जुलाई को हुई 90 वीं बोर्ड बैठक में दो क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत अंगीकार किया गया था। आज हुई बोर्ड बैठक में मथुरा वृंदावन महायोजना 2031 के विकास क्षेत्र में एक रूपता लाने का प्रस्ताव पेश किया। बीसी ने प्रथम चरण हेतु चिन्हित क्षेत्रों में आवासीय एवं गौर आवासीय भवनों के स्वामियों द्वारा अपने खर्चे से भवन के अग्र भाग में रंगाई पुलाई का कार्य व समरूपता में साइनेज बोर्ड स्थापति किये जाने का प्रस्ताव पेश किया गया। वीसी के प्रस्ताव पर कमिश्नर ने वृंदावन परिक्रमा मार्ग के दोनों ओर भवनों के अग्र भाग में हल्का पीला अर्थात पोस्टकार्ड कलर एवं साइनेज बोर्ड हेरिटेज कलर के लगाए जाएं। इसी प्रकार छटीकरा तिरोहे के तीनों ओर लगभग 200 मीटर स्थित भवनों के अग्रभाग में , मथुरा स्थित क्वालिटी तिराहे से होलीगेट तक फ्रंट एलीवेशन, वृंदावन स्थित रमनरेती पुलिस चौकी चौराहे से विद्यापीठ चौराहे तक , मथुरा में पुलिस लाइन स्थित पैट्रोल पम्प तिराहे से तीनों ओर लगभग 100–100 मीटर तक, गोवर्धन बड़ी परिक्रमा मार्गा में हल्का पीला व साइनेज बोर्ड हेरिटेज कलर में लगाएं जाएंगे। वहीं बरसाना के प्रसिद्ध राधारानी मंदिर के फ्रंट एलीवेशन पर हल्का पीला कलर किया जाएगा। बैठक में डीएम शैलेन्द्र सिंह, विप्रा सचिव, सीडीओ मनीष मीना, नगर आयुक्त अनुनय झा आदि अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर ने जिसमें मास्टर प्लान फाइनल किया गया 350 से 400 हेक्टेयर का लैंड बैंक बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया रेजिडेंशियल और इंडस्ट्रियल लैंड बैंक को भी स्वीकृति मिली है।

महिला घायल, घंटा घर बन रहा दुर्घटना स्थल

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। थाना ठाकुर गंज तहत घंटा घर और छोटा इमामबाड़ा का इलाक़ा तेज़ रफ़्तार वाहनों की वजह से दुर्घटना स्थल बनता जा रहा है शायद ही कोई दिन हो जिस दिन एक्सीडेंट न होता हो इसके बावजूद पुलिस इस पर लगाम लगाने में नाकाम है ऐसा नहीं की यहाँ पर पुलिस नहीं रहती यह सब पुलिस की मौजूदगी में हो रहा बीती रात भी पत्रकार ताहिर हुसैन हाशमी की पत्नी ।घंटा घर के सामने बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गई। वह अपने पति के साथ बाइक से मुफ्ती गंज एक रिश्तेदार के घर मजलिस में गई थीं। वहां से लौटते वक्त घंटाघर के सामने रूमी गेट की तरफ से, आ रही तेज़ रफ़्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित हो कर गिर गई।उनके दाहिने पैर में चोट लगने से पैर से खून निकलने लगा। मौक़े पर मौजूद नव युवकों की मदद से उनके पति उनको ठाकुरगंज स्थित राज नर्सिंग होम ले गए। वहां डॉक्टर ने उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। हुसैनाबाद के अज़ादारी रोड से रूमी गेट तक जाने वाली रोड पर तेज़ रफ़्तार चालकों को नियंत्रण करने के लिए पुलिस प्रशासन को ठोस व्यवस्था नहीं करी है । सिग्नल की सबसे ज़्यादा ज़रूरत होते हुए यहाँ पर सिग्नल नहीं लग सका ।

उत्तर रेलवे और सेतू निगम के बीच एमओयू

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ । राज्य सेतू निगम के मुख्यालय में सोमवार को उत्तर रेलवे और सेतू निगम के बीच एमओयू हुआ। यह समझौता लखनऊ मंडल के तीन समपारों पर नये स्वीकृत हुए आरओबी के रेलवे पोर्शन के निर्माण को सिंगल एंटिटी एकल इकाई के आधार पर किया जायेगा। राज्य सेतू निगम के प्रबंध निदेशक राकेश सिंह ने बताया कि जिन समपारों के निर्माण के लिए एमओयू हुआ है उनमें अयोध्या में 108 एसी, प्रयागराज में 76 और लखनऊ में 8 पारा शामिल किया गया है। इन समापारों पर रेलवे के पोर्शन की लगात 490 करोड़ है। यह धनराशि रेलवे की तरफ से राज्य सरकार को दे दी जायेगी। इससे पूर्व उत्तर रेलवे एवं सेतू निगम के बीच प्रथम चरण में 12 मई को 17 आरओबी के लिए एमओयू हुआ था। जिसमें अयोध्या में 7 समपार, प्रयागराज में महाकुम्भ के द्रष्टिगत 2 समपार और मिशन रफ्तार के तहत लखनऊ में 8 समपार शामिल हैं। एमडी ने बताया कि इस एमओयू से रेल उपरिगामी सेतुओं के निर्माण त्वरित गति से पूर्ण हो सकेंगे। प्रदेश सरकार की सर्वाच्च प्राथमिकता के अनुसार अयोध्या के रेल उपरिगामी सेतुओं का समय से निर्माण सम्भव हो सकेगा वहीं आगामी वर्ष में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ के समय तीर्थ यात्रियों के लिए सुलभ आवागमन उपलब्ध हो जायेगा। साथ ही लखनऊ से कानपुर के मध्य कुछ रेल सम्पारों पर उपरिगामी सेतुओं के निर्माण से मिशन रफ्तार के अन्तर्गत 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से रेलगाडियों के आवागमन का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा।

4 दिन का चिरगांव स्टेशन पर प्रयोगात्मक आधार पर ठहराव का निर्णय

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ । यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने अहमदाबाद दरभंगा के मध्य चलने वाली ट्रेन नम्बर 19165 व 19166 साबरमती एक्सप्रेस त्रिसाप्ताहिक का बबीना स्टेशन पर और अहमदाबाद वाराणसी सिटी के बीच संचालित होने वाली 19167 व 19168 साबरमती एक्सप्रेस सप्ताह में 4 दिन का चिरगांव स्टेशन पर प्रयोगात्मक आधार पर ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि 20 सितम्बर को अहमदाबाद से चलकर दरभंगा जाने वाली 19165 साबरमती एक्सप्रेस अगले दिन 21 सितम्बर को बबीना स्टेशन शाम 5:01 बजे पहुंचकर दो मिनट ठहराव के बाद 5:03 बजे रवाना होगी। वापसी में 20 सितम्बर को दरभंगा से रवाना होकर अहमदाबाद जाने वाली 19166 साबरमती एक्सप्रेस बबीना स्टेशन अगले दिन 21 सितम्बर को सुबह 5:17 बजे पहुंचकर 5:19 बजे रवाना होगी।

कार्य को तीव्र गति से किया जाएः प्रमुख सचिव दिव्यांग

लखनऊ। प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चन्द्र शर्मा ने जनपद गोरखपुर में दिव्यांगजनों हेतु संचालित संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम बीआरडी मेडिकल कालेज के प्रागंण में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा निर्माणाधीन केंद्रीय पुनर्वास केन्द्र, गोरखपुर का निरीक्षण किया गया। सीआरसी के निर्माणाधीन भवन की स्वीकृत लागत 23.26 करोड़ रुपये है जिसके सापेक्ष 18.86 करोड़ की धनराशि सीपीडब्लूडी को अवमुक्त हुई है। कार्य की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत हो चुकी है। कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य को पूर्ण कर 20 दिसम्बर तक भवन को हस्तगत कर देने का आश्वासन दिया गया। मौके पर फॉलसीलिंग का कार्य कराया जा रहा था इसके अतिरिक्त भवन के दिवारों पर ग्लास वर्क किया जा रहा था। कार्य की धीमी गति पर रोष व्यक्त करते हुये कार्य को तीव्र गति से करने के निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त नार्मल कैम्पस गोरखपुर में निदेशक एवं संयुक्त निदेशक के साथ दिव्यांग विभाग अन्तर्गत संचालित मानसिक मंदित बच्चों के आश्रय गृह हेतु संचालित संस्था एमआर होम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था को सुदृढ करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नार्मल कैम्पस में अन्य नवनिर्मित भवन संकेत राजकीय मूक बधिर विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया।

पार्टनर संग रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान, साथ में बिता सकेंगे क्वालिटी टाइम

अगस्त के महीने में देश के अलग-अलग राज्यों में रिमझिम बारिश होती रहती है। वहीं रिमझिम बारिश के चलते मौसम काफी सुहावना हो जाता है। मानसून में कुछ जगहें बेहद खूबसूरत और रोमांटिक नजारा पेश करती हैं। वहीं कपल्स का भी यह सपना होता है कि वह किसी रोमांटिक जगह पर घूमने के लिए जाएं। ऐसे में अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ किसी रोमांटिग जगह पर जाने की सोच रही हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसी खूबसूरत और रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ आराम से क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं।

मालशेज घाट

पार्टनर संग हसीन पल बिताने के लिए आप अगस्त के महीने में मालशेज घाट जा सकते हैं। यह महाराष्ट्र की सबसे खूबसूरत और हसीन जगह है। कपल्स नेचर लवर्स के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। अगस्त के महीने में रिमझिम बारिश इस जगह को और भी खूबसूरत बना देती है। आप यहां पर पार्टनर के साथ कुछ हसीन पल बिताने के साथ ही ट्रैकिंग का भी आनंद उठा सकते हैं। यहां पर आप अजोबा पहाड़ी किला, मालशेज वॉटरफॉल और पिंपलगांव जोगा बांध जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना ना भूलें।

कुमारकोम

दक्षिण-भारत के केरल राज्य में घूमने के लिए कई खूबसूरत और हसीन जगहें हैं। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर के साथ केरल को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आपको कुमारकोम जरूर जाना चाहिए। बता दें कि कई छोटे-छोटे द्वीपों से मिलकर बना कुमारकोम केरल का एक रोमांटिक डेस्टिनेशन है। यहां पर आप बैकवाटर, पारंपरिक व्यंजन, धान के खेत और हसीन दृश्यों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह जगह रोमांटिक रिसॉर्ट्स के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप कुमारकोम नेशनल पार्क, कुमारकोम बैकवाटर्स, वेम्बानाड झील और कुमारकोम बीच जैसी जगहों पर घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं।

नागौर में घूमने की जगहें

राजस्थान में आप जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर या माउंट आबू जैसी फेमस जगहों पर तो कई बार घूमने के लिए गए होंगे। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर के साथ किसी शांत व रोमांटिक जगह पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको नागौर जरूर पहुंचना चाहिए। अजमेर से 149 किमी की दूरी और रेगिस्तान के बीच स्थित नागौर शहर ऐतिहासिक और मनमोहक शहर है। यहां पर आप दीपक महल, अमर सिंह स्मारक, खिमसर किला, नागौर किला और सैंड ड्यून विलेज जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। अगर आप भी अपने हमसफर के साथ उत्तराखंड की हसीन वादियों में समय बिताना चाहते हैं, तो आपको मसूरी और नैनीताल की जगह मर्चुला पहुंचना चाहिए। नैनीताल से करीब 99 किमी की दूरी पर स्थित मर्चुला नेचर लवर्स के लिए जन्नत से कम नहीं है। यहां की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि इस जगह पर कई टीवी शो और फिल्मों की भी शूटिंग हो चुकी है। हिमालय की पहाड़ियों के घिरा यह शहर बेहद हसीन नजारे प्रस्तुत करता है। यहां पर आप बारसी गांव, मगरमच्छ व्यू पॉइंट, रामनगर नदी और गर्जिया देवी मंदिर आदि घूम सकते हैं।

इन बातों का रखें खास ख्याल

अक्सर मानसून में हम सभी का मन बाहर घूमने का होता है। कई बार कार लेकर हम लॉन्ग ड्राइव पर निकल जाते हैं। मानसून में बाहर घूमने का अपना ही मजा होता है। हालांकि अगर आपने कहीं दूर जाकर छुट्टियां बिताने का मन बनाया है। तो ऐसे में कुर्ग जाना एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। बता दें कि मानसून में कुर्ग की खूबसूरती काफी बढ़ जाती है। यह साउथ इंडिया का सबसे फेमस और पॉपुलर हिल स्टेशन है। वैसे तो आप पूरे साल में यहां पर घूमने के लिए कभी भी जा सकते हैं। लेकिन मानसून में कुर्ग की खूबसूरती अपने चरम पर होती है। जून से सितंबर तक कूर्ग में मानसून रहता है। यह क्षेत्र काफी हरा-भरा है, इसलिए बारिश में यहां की सुंदरता काफी हद तक बढ़ जाती है। लेकिन अगर आप मानसून में कुर्ग घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको इस दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कुर्ग में घूमते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

अगर आप भी मानसून में कुर्ग घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप को कपड़ों की पैकिंग पर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। बेहतर होगा कि कपड़ों की पैकिंग के दौरान आप हल्कि रेनकोट या फिर पोंचो, जल्दी सूखने वाले कपड़े और वॉटरप्रूफ जूते जरूर रखें। इसके अलावा आप छाता भी रख सकते हैं।

मौसम को लेकर रहें अपडेट

मानसून में कुर्ग घूमना एक अच्छा ऑप्शन है। लेकिन घर से निकलने के दौरान कुर्ग के मौसम की जानकारी लेते रहें। क्योंकि कुर्ग में भारी बारिश होती है। जिसके कारण सड़कें बंद हो जाती हैं। इस दौरान आपको किसी तरह की परेशानी न हो, इसलिए मौसम का अपडेट लेना न भूलें। वैसे तो कुर्ग में करने के लिए काफी कुछ है। लेकिन अगर आप ट्रैकिंग आदि के शौकीन हैं, तो आपको यहां पर मानसून में नहीं आना चाहिए। क्योंकि मानसून में भारी बारिश की वजह से ट्रैकिंग जैी एक्टिविटीज सेफ नहीं मानी जाती हैं। इसलिए मौसम के हिसाब से अपनी ट्रिप बनाएं। मानसून में आप कॉफी बागानों और वॉटरफॉल आदि को देख सकते हैं। इसके अलावा लोकल मार्केट्स और म्यूजियम आदि भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

घूमने के दौरान लोकल ड्राइवर करें हायर

अगर आप भी घूमने के दौरान किसी परेशानी का सामना नहीं करना चाहते हैं, तो आपको लोकल ड्राइवर हायर करना चाहिए। क्योंकि मानसून में कुर्ग की सड़कें काफी फिसलन भरी हो सकती हैं। इसलिए खुद वाहन चलाना काफी दिक्कत और रिस्की साबित हो सकता है। ऐसे में आप लोकल ड्राइवर की मदद से कुर्ग में घूम सकते हैं। बता दें कि वहां के लोकल ड्राइवर सड़कों की कंडीशन और इलाके के बारे में जानकारी रखते हैं।

जरूर ले जाएं ये चीजें

मानसून में कुर्ग घूमने के दौरान आपको कुछ जरूरी चीजों को अवश्य लेकर जाना चाहिए। इनसेक्ट रिपेलेंट, सनस्क्रीन और फर्स्ट एड किट और रेन गियर आदि ले जाना ना भूलें। मानसून में यह चीजें मच्छरों के प्रकोप और तेज धूप आदि से बचाव करेगा। इसलिए यात्रा के दौरान इन चीजों की आपको जरूरत पड़ सकती है।

हम कब तक पालेंगे साम्प्रदायिकता का रोग

कांग्रेस और उसके नेता लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव आने से पहले अपनी राजनीति चमकाने के लिए समाज को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम शुरु कर दिया हैं। लेकिन धार्मिक व जातीय आधार पर की जा रही इस तरह की जहर उगलने वाली राजनीति के चलते धार्मिक सौहार्द बिगड़ा रहा है। पार्टी के ही एक बुर्जुग नेता और पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी ने विदिशा के एक जलसे में शिरकत करते हुए सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने कड़वे बोल बोले है। क्या उनका भाषण कांग्रेस की विचारधारा को पोषित करने वाला है या पार्टी की उम्मीदों को पलीता लगाने वाला भी साबित हो सकता है। कुरैशी ने कहा कि ह्रिन्दुस्तान में 22 करोड़ मुसलमान हैं और एक-दो करोड़ मर भी जाएं तो कोई बात नहीं... ाज् यह विडंबना ही है कि ऐसे वक्त पर, जब देश और समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को बढावा देने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर शांति-मार्च निकाल रहे हैं ऐसे वक्त में उनके नेता साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक ताने-बाने को गहरी चोट पहुंचा रहे हैं।

एक तरफ कुरैशी उन्मादी भाषण दे रहे थे, तो दूसरी ओर उसी मध्यप्रदेश के सागर में अपनी चुनावी संभावनाओं को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बड़े वादे व दावे कर रहे थे। क्या यह कांग्रेस का दोगला चरित्र नहीं है? लगता तो यही है कि कुरैशी कांग्रेस की परम्परा एवं सोच को ही आगे बढ़ा रहे हैं। वरना पार्टी में ऐसी संकीर्ण एवं राष्ट्र-विरोधी सोच पर सख्त पहरेदारी होती तो क्या कुरैशी ऐसा दुस्साहस कर पाते। निश्चित ही पार्टी ही साम्प्रदायिकता एवं जातीयता को बल देती है, तभी एक बुजुर्ग एवं जिम्मेदारी नेता कुरैशी का च्मुसलमानों ने चूड़ियां नहीं पहन रखींज् जैसे बयानों पर पार्टी मौन रह जाती है। ऐसे एक समुदाय विशेष को उकसाने वाले बयान निश्चित ही राजनीतिक प्रेरित होते हैं। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जायेगा, समुदायों को भड़काने वाले बयानों में तीव्रता एवं उग्रता देखने को मिलेगी। चुनावी छाया में लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में सामाजिक समरसता को धोने की कुचेष्टाएं बढ़-चढ़ कर देखने को मिलेगी। यह पहली बार बार नहीं है, जब अजीज कुरैशी ने कोई आपत्तिजनक बयान दिया है। गवर्नर पद पर रहते हुए भी वह भाषायी मर्यादाओं का उल्लंघन कर चुके हैं। लेकिन इस वक्त उनके बयान से उनकी ही पार्टी को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मध्यप्रदेश में चुनावी प्रक्रिया भले न शुरू हुई हो, मगर दोनों मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टियां- भाजपा और कांग्रेस जोर-शोर से प्रचार में जुट गई हैं। ऐसे में, अपने बड़बोलेपन एवं उच्छृंखलता से कुरैशी ने विरोधी दल के हाथों में धार्मिक ध्रुवीकरण का एक मुद्दा तो थमा ही दिया है। वैसे इस तरह के उन्मादी एवं विषवमन करने वाले बयानों से कितनी राजनीतिक लाभ की रोटियां सिकती है, कहा नहीं जा सकता, लेकिन इनसे सामाजिक समरसता निश्चित ही धुंधलाती है। ऐसा नहीं कि कुरैशी इस हकीकत से अनभिज्ञ है, मगर सस्ती लोकप्रियता की चाह और तालियों की भूख सियासी लोगों को हमेशा जिम्मेदारी एवं राष्ट्र के प्रति वफादारी से दूर करती है। भले ही कुछ लोग जाति, धर्म के नाम पर समाज में घृणा फैलाते हों पर इसी समाज में ऐसे लोग भी हैं जिनकी बदौलत देश और समाज में परस्पर प्रेमपूर्वक मिल-जुल कर रहने की भावना जिंदा है। जहां एक ओर देश में जाति और धर्म के नाम पर कुछ लोग नफरत फैला कर अपने कृत्यों से माहौल बिगाड़ रहे हैं, वहीं अनेक स्थानों पर हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के सदस्य भाईचारे और सद्भाव के अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रहे हैं। जहां हरियाणा के मेवात क्षेत्र का नूंह बजरंग दल-विहिप के जुलूस के दौरान सांप्रदायिक हिंसा से दहल गया था, वही देश और समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को बढावा देने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर शांति-मार्च निकाल रहे हैं। बीते शुक्रवार को ही मुंब्रा कौसा के शांति-मार्च में हजारों मुस्लिमों ने शिरकत की थी। उससे पहले नूंह, मेवात में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद दोनों समुदायों के लोग हाथ में हाथ डालकर जिस तरह खड़े हुए, उससे देश के अमनपसंद लोगों का यह यकीन फिर बहाल हुआ कि चंद सिरफिरे लोग अपनी हरकतों से इस देश के सामाजिक ताने-बाने को गहरी चोट नहीं पहुंचा सकते। ऐसे में, कुरैशी के आपत्तिजनक बयान की निंदा ही नहीं, घोर भर्त्सना की जानी चाहिए। देश आज चांद पर अपने यान उतारने के जश्न की तैयारी में जुटा है, दिल्ली में जी-20 का विश्व हस्तियों का आयोजन हो रहा है तब किसी संकीर्ण साम्प्रदायिकता को पंख फैलाने से रोकना जरूरी है। मगर जिस तरह से कुरैशी ने देश में अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का हवाला देते हुए विषवमन किया, उसको सहजता में नहीं लिया जा सकता। कुरैशी जैसे संकीर्णतावादी लोगों को यह याद दिलाने की जरूरत है कि भारत की तरक्की में सभी समुदायों के होनहार-समर्पित, अमन परस्ती लोगों का योगदान है लेकिन कुरैशी जैसे तथाकथित अवसरवादी एवं साम्प्रदायिकतावादी अपने राजनीतिक लाभ के लिये देश तोड़क बातों से अपने-अपने समुदायों का ही नुकसान करते हैं। भारत को अपनी गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए सामाजिक भाईचारे की आज पहले से कहीं ज्यादा आवश्यकता है। आज भारत आगे बढ़ रहा है, तरक्की कर रहा है, गरीबी दूर हो रही है, शिक्षा का विस्तार हो रहा है, विकास की नयी गाथाएं लिखी जा रही है, जिसका लाभ सभी को मिलेगा, मुस्लिम समुदाय भी उसमें बराबर का हिस्सेदार होगा। बावजूद इससे यह वाकई अफसोसजनक है कि उम्र के जिस पड़ाव पर कुरैशी आज खड़े हैं, उन्हें अपने अनुभवों से अपनी समुदाय के लिए सौहार्द एवं सद्भावना की नई खिड़कियां खोलनी चाहिए थी, मगर वह उकसाने वाली बोली बोल रहे हैं। हालांकि, यह एक मजहब या बिरादरी की बात नहीं है, सभी धर्मों और बिरादरियों में ऐसे ख्याल के लोग मौजूद हैं। जरूरत उन्हें आईना दिखाते रहने की हैं कि तरक्की एवं अमन का रास्ता खून-खराबे से नहीं, भाईचारे, सौहार्द और साझेदारी से होकर ही नये दरवाजे खोलता है।

ज्वॉइंट पेन से हो चुके हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खा, रोजाना सेवन से मिलेगा आराम

आमतौर पर जोड़ों के दर्द को बुढ़ापे से जोड़कर देखा जाता था। आपने भी बुजुर्ग लोगों को कई बार कहते हुए सुना होगा कि उम्र बढ़ने के साथ ही उन्हें जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है। लेकिन वर्तमान समय में गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण लोगों को कम उम्र में ही जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है। मुश्किल से 30 की उम्र पार करने के बाद से ही लोगों को जोड़ों का दर्द परेशान करने लगा है। जोड़ों के दर्द होने के पीछे फ्ल्यूड और कोलेजन का कम होना है। हालांकि अपनी डाइट में बदलाव कर ज्वॉइंट पेन की समस्या से राहत पाई जा सकती है। साथ ही इसके लिए एक्सरसाइज भी जरूरी मानी जाती है। ऐसे में अगर आप ज्वॉइंट के दर्द से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे खास मिक्चर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसके इस्तेमाल से जोड़ों के दर्द को दूर करने में मदद मिल सकती है।

जोड़ों के दर्द को दूर करने वाले मिक्चर की सामग्री

बादाम- 1/2 कटोरी
मखाना- 1/2 कटोरी
भुने हुए चने- 1/2 कटोरी
सौंठ- 1/2 टीस्पून
अजवाइन- 1 टीस्पून
दालचीनी- 1/2 टीस्पून
सूखा हुए खजूर- 5
मिश्री- 1/4 कटोरी

ऐसे बनाकर करें तैयार

इन सभी चीजों के ग्राइंडर कर महीन पाउडर बना लें। फिर 1 चम्मच पाउडर को 1 गिलास पानी में मिलाएं। इसके बाद रोजाना दिन में एक बार इसका सेवन करें।

जोड़ों के दर्द से निजात पाने का घरेलू नुस्खा

मखाना शरीर में कैल्शियम लेवल को बढ़ाने में मदद करता है। इसके साथ ही आस्टियो आर्थराइटिस के लक्षणों को भी कम करता है। बादाम में कैल्शियम और मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा पायी जाती है। यह ज्वॉइंट्स के इंफ्लेमेशन को मजबूत करने के साथ ज्वॉइंट के दर्द में राहत देता है। भुने हुए चने में विटामिन-के पाया जाता है। यह शरीर को कैल्शियम प्रदान करने के साथ जोड़ों के दर्द में भी आराम देता है। सूखे हुए खजूर में विटामिन सी और विटामिन डी की भरपूर मात्रा पायी जाती है। इसके सेवन से कोलेजन प्रोजक्शन बूस्ट होता है और ज्वॉइंट में लचीलापन आता है। अजवाइन में विटामिन-के की प्रचुर मात्रा पायी जाती है। यह मांसपेशियों को आराम पहुंचाता है और जोड़ों का दर्द और सूजन खत्म करता है। दालचीनी में सिनेमिक एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से जोड़ों के दर्द और इंफ्लेमेशन से राहत मिलती है। मिश्री डाइजेस्टिव जूस को रिलीज करने में सहायक होती है। इससे गैस की समस्या नहीं होती और पाचन में सुधार होता है। सौंठ में एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज पाया जाता है, यह ज्वाइंट में होने वाली ऐंठन को कम करती है।

मुंहासे ठीक करने से लेकर सूजन कम करने तक, चेहरे पर बर्फ लगाने के ये हैं बड़े फायदे

जब त्वचा की देखभाल की बात आती है, तो हर कोई चाहता है कि उनका चेहरा बेदाग हो, इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। यूवी रेडिएशन, वायु प्रदूषण, अनहेल्दी जीवनशैली और तनाव हमारे चेहरे की खूबसूरती को कम करते हैं। इससे मुंहासे, चेहरे पर महीन रेखाएं और झुर्रियों के साथ रूखी त्वचा जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। फेस आइसिंग हेल्दी, चमकदार और पिंपल फ्री स्किन पाने के सबसे आसान तरीकों में से एक है। हालांकि, आज कल बाज़ार में स्किन केयर के कई प्रोडक्ट मिलते हैं, आप बिना पैसे खर्च किए घर बैठे इस उपाय से अपने चेहरे पर निखार ला सकती हैं।

मुंहासे को ठीक करता है

बर्फ लगाने से सूजन कम होती है, जो मुंहासों को कम करने और ठीक करने में मदद करते हैं। यह स्किन में होने वाली सूजन को शांत करती है और आपके छिद्रों के आकार को भी बढ़ने से रोकती है।

चेहरे को चमकदार बनाता है

चेहरे पर बर्फ लगाने से भी आपको बिना किसी ब्लश या हाइलाइटर के चमकदार स्किन पाने में मदद मिल सकती है। चेहरे पर बर्फ रगड़ने से आपकी त्वचा में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है, जिससे ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ता है और त्वचा में प्राकृतिक चमक आती है।

आंखों की सूजन को कम करता है

चेहरे पर नियमित रूप से बर्फ लगाने से चेहरे की सूजन कम होती है। इस प्रकार, यह आंखों के नीचे होने वाली सूजन को कम करती है।

सनबर्न और रैशेज से आराम दिलाएं

बर्फ लगाना सनबर्न का इलाज करने का एक शानदार तरीका है, क्योंकि ऐसा करने से धूप के कारण होने वाली लालिमा और सूजन से छुटकारा पाने में मदद करके आपकी त्वचा को आराम मिलता है।

डार्क सर्कल कम करने में मददगार

फेस आइसिंग से डार्क सर्कल की समस्या खत्म होती है। आप थोड़ा सा गुलाब जल में खीरे का रस मिला सकते हैं। इस मिश्रण को फ्रीज में कुछ देर रखें और फिर बर्फ के टुकड़े को अपनी आंखों के नीचे लगाएं। इसे कुछ दिन तक लगातार करते रहें, आपको डार्क सर्कल से राहत मिल सकती है।

पीरियड्स के कारण ब्रेस्ट फीडिंग की मात्रा में कमी आने पर ले डाइट

नवजात बच्चा जन्म से लेकर 6 महीने तक सिर्फ मां का दूध पीता है। यदि उसे किसी कारण से मां का दूध नहीं मिलता है, तो बच्चे को कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। मां का दूध बच्चे को बीमारी और इंफेक्शन से बचाकर रखता है। ब्रेस्टफीडिंग की प्रक्रिया प्रभावित होने पर उसका असर बच्चे की सेहत पर देखने को मिलता है। वहीं कुछ महिलाओं का मानना है कि पीरियड्स के दिनों में बच्चे को स्तनपान करवाने में उन्हें समस्या का सामना करना पड़ता है। बता दें कि पीरियड्स होना महिला के शरीर में हार्मोनल परिवर्तनों की एक प्रक्रिया है। इस दौरान महिला के शरीर में होने वाले बदलाव की वजह से महिलाओं को बच्चे को स्तनपान करवाने में समस्या होती है। वहीं कुछ महिलाएं पीरियड्स के दौरान ज्यादा दर्द को अनुभव करती हैं। ऐसे में उनको स्तनपान करवाने में परेशानी होती है।

पीरियड्स में स्तनपान की प्रक्रिया

पीरियड्स के दौरान मिल्क सप्लाई कुछ हद तक प्रभावित हो सकती है। पीरियड्स के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन और एस्ट्रोजन हार्मोन के स्तर में परिवर्तन होने के कारण यह हार्मोन मिल्क सप्लाई को प्रभावित करता है। वहीं कुछ महिलाओं को पीरियड्स के समय कम मिल्क सप्लाई का अनुभव होता है। इसे स्तनपान के दौरान महसूस किया जा सकता है। बता दें कि स्तनपान या फिर पीरियड्स से संबंधित कोई असामान्य लक्षण नजर आने पर फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर स्थिति का सही मूल्यांकन कर सकेंगे। लेकिन इस दौरान आपको धैर्य रखना होगा। इस दौरान बच्चे के स्वास्थ्य पर भी गौर रखना चाहिए। हर महिला को ऐसे लक्षण

लगे, ऐसा जरूरी नहीं है। लेकिन इस दौरान दूध की गुणवत्ता पर कोई असर पड़ता है या नहीं, इस पर कोई ठोस रिसर्च नहीं की गई है।

पीरियड्स के दौरान ऐसे कराएं शिशु को ब्रेस्टफीडिंग

महिलाएं अपनी डाइट में हेल्दी फूड शामिल करें जैसे- सब्जियां, अनाज, फल, दूध, दही और प्रोटीन युक्त आहार आदि। मिल्क सप्लाई बढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। क्योंकि पीरियड्स के दौरान शरीर को पानी की जरूरत होती है। हेल्दी हैबिट्स को जरूर फॉलो करें। जैसे- तनाव न लें, समय पर सोएं और हल्की एक्सरसाइज करें। पीरियड्स के दौरान स्तन में दर्द या किसी भी तरह का असामान्य लक्षण लगने पर डॉक्टर से सलाह लेना न भूलें।

मिल्क सप्लाई कम होने पर

सबसे पहले तनाव लेना कम करें, क्योंकि ज्यादा स्ट्रेस लेने से मिल्क सप्लाई की कमी हो सकती है। पीरियड के दर्द को कम करने के लिए दवा या पेनकिलर का सेवन न करें। बता दें कि दवा का असर भी मिल्क सप्लाई को घटा सकता है। बच्चे को नियमित रूप से स्तनपान कराएं। जब तक आप ब्रेस्ट को पूरी तरह से खाली नहीं करेंगी, तो मिल्क सप्लाई सही से नहीं हो सकेगा। ब्रेस्ट की मालिश करें। इससे आपको स्तनपान कराने में मदद मिलेगा। साथ ही इससे मिल्क सप्लाई को भी बढ़ाया जा सकता है।

सही तरह से लैच न कर पाना

यह तो हम सभी जानते हैं कि नवजात शिशु के लिए मां के दूध से बेहतर आहार कोई दूसरा हो ही नहीं सकता है। आमतौर पर, जब मां अपने शिशु को ब्रेस्टफीड करवाती है तो इससे सिर्फ शिशु ही नहीं, बल्कि मां को भी लाभ मिलता है। इससे मां और शिशु दोनों का आपसी बॉन्ड भी मजबूत होता है। हर मां को अपने शिशु को ब्रेस्टफीड करवाना चाहिए। हालांकि, इसे सही तरह से करना भी उतना ही जरूरी है। कई बार मां ब्रेस्टफीड के दौरान कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठती हैं। बच्चा सही तरह से ब्रेस्टफीड करे और उसको पेट भर जाए, इसके लिए सही तरह से लैचिंग जरूरी है। कई बार शिशु सही तरह से ब्रेस्ट को नहीं पकड़ पाता है, जिससे मां और शिशु दोनों को परेशानी हो सकती है। हो सकता है कि मां को निपल में दर्द की शिकायत भी हो। इसलिए यह सुनिश्चित करें कि शिशु का मुंह केवल निपल ही नहीं, बल्कि एरिओला के एक महत्वपूर्ण हिस्से को भी ढक ले।

गलत पोजिशन में ब्रेस्टफीड करवाना

यूं तो ब्रेस्टफीड कई पोजिशन में करवाया जा सकता है, लेकिन आपके और आपके बच्चे के लिए सबसे अच्छा क्या काम करता है, यह जानने के लिए आपको अलग-अलग पोजिशन को ट्राई करके देखना चाहिए। कई बार महिला एक ही पोजिशन में ब्रेस्टफीड करवाती है। लेकिन ऐसा

करने से दोनों को ही असुविधा हो सकती है। साथ ही साथ, इससे बच्चे को सही तरह से दूध नहीं मिल पाता है।

एक ही स्तन से दूध पिलाना

यह एक कॉमन मिसटेक है, जो अधिकतर महिलाएं करती हैं। जब वह अपने बच्चे को दूध पिलाती हैं तो हर बार एक ही ब्रेस्ट से दूध पिलाती है। ऐसा करना उन्हें अधिक कंफर्टेबल लगता है। जबकि आपको वास्तव में ऐसा नहीं करना चाहिए। बारी-बारी से दोनों ब्रेस्ट से फीड करवाएं। अन्यथा आपको दूसरी ब्रेस्ट में दर्द की शिकायत हो सकती है।

डकार ना दिलवाना

यह एक जरूरी टिप है, जिसे नजरअंदाज करना बच्चे के लिए काफी मुश्किल भरा हो सकता है। अमूमन जब बच्चा दूध पीता है तो निप्पल को चूसते समय दूध के साथ-साथ कुछ हवा भी उसके पेट में जाती है। इसलिए, जब बच्चा दूध पी ले तो उसे उल्टा करके कमर को हल्का रब करें या फिर उसे कंधे से लगाकर डकार दिलवाएं। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो इससे बच्चे को पेट में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

अधीर रंजन चौधरी के भाषण पर सोनिया गांधी बोलीं वेरी गुड

नेहरू की दूरदर्शिता और विक्रम साराभाई की अगुवाई में इसरो बना

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद विपक्ष की तरफ से बोलते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को मॉडर्न इंडिया का आर्किटेक्ट बताते हुए कहा कि उन्होंने एक कठिन समय में देश की बागडोर संभाली थी।

चौधरी ने 14-15 अगस्त, 1947 को आधी रात में संविधान सभा में जवाहर लाल नेहरू द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' को याद करते हुए कहा कि जवाहर लाल नेहरू के साथ ही उस समय संविधान सभा के हर सदस्य ने यह शपथ ली थी कि सब मिलकर देश को आगे बढ़ाएंगे।

नेहरू की दूरदर्शिता और विक्रम साराभाई की अगुवाई में इसरो बना, 1975 में देश ने आर्यभट्ट सैटेलाइट



लॉन्च किया। लेकिन, आज इंडिया और भारत की बात करने वाले बताएं कि चंद्रयान-3 की कामयाबी के बाद अब इसरो को क्या कहेंगे, उसमें भी इंडिया लगा है। अधीर रंजन चौधरी के भाषण के दौरान सोनिया गांधी लगातार उन्हें गाइड करती रहीं और महत्वपूर्ण पॉइंट्स बताती रहीं। भाषण के दौरान ही सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी को महिला आरक्षण पर बोलने की याद दिलाई, जिसके बाद चौधरी ने मोदी सरकार से महिला आरक्षण बिल पारित करने की भी मांग की। बाद में सोनिया गांधी ने अधीर रंजन चौधरी के भाषण की तारीफ करते हुए उन्हें वेरी गुड' भी कहा। अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा में एनडीए के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जमकर तारीफ करते हुए मोदी सरकार पर निशाना भी साधा।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह मौन नहीं थे, वह बात कम और काम ज्यादा करते थे। चौधरी ने मोदी सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यह 75 साल का अमृतकाल कहां से लाया गया? विपक्षी दलों के प्रति मोदी सरकार के रवैये पर सवाल खड़ा करते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वे तो यह चाहते हैं कि आज की हालत में संसद में ऐसी परंपरा शुरू की जाए कि विपक्ष के लिए भी एक दिन रखा जाए, जिस दिन सिर्फ विपक्ष ही बोले। उसी समय सदन में उनके बगल में अलग और दूसरी टेबल पर बैठी सोनिया गांधी ने उन्हें महिला आरक्षण पर बोलने को कहा। सोनिया गांधी की सलाह मानते हुए अधीर रंजन चौधरी ने सरकार से महिला आरक्षण विधेयक पारित करने की मांग करते हुए कहा कि उनकी नेता सोनिया गांधी ने कई बार महिला आरक्षण लाने की मांग की, उन्हीं (सोनिया गांधी) की अगुवाई में उनकी सरकार के समय राज्यसभा से महिला आरक्षण बिल पास हुआ था, लेकिन, यह अभी तक साकार नहीं हो पाया है, यह देशवासियों की मांग है कि सरकार महिला आरक्षण बिल को पारित करें।

सोनिया गांधी बीच-बीच में अधीर रंजन चौधरी को इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह सरकार की उपलब्धियों की भी याद दिलाती रही, जिसे वह अपने भाषण में शामिल करते रहे। उन्होंने सदन की गरिमा का मसला उठाते हुए कहा कि उन्हें पता नहीं है कि यह नॉर्मल सत्र है या विशेष सत्र है। उन्हें मीडिया से पता लगा कि यह विशेष सत्र है। अधीर रंजन चौधरी ने जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मसला उठाते हुए मणिपुर और जम्मू कश्मीर के हालात का भी जिक्र किया।

अगर वन्नियार आरक्षण में देरी हुई तो पीएमके विरोध प्रदर्शन करेगी: डॉ. रामदास

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी पीएमके के संस्थापक-नेता डॉ. एस. रामदास ने कहा कि अगर राज्य सरकार वन्नियार समुदाय के लिए 10.5 प्रतिशत आंतरिक आरक्षण को लागू करने में देरी करती रही तो व्यापक विरोध प्रदर्शन होगा। यहां एक बयान में उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य सरकार अगले विधानसभा सत्र से पहले तमिलनाडु पिछड़ा वर्ग विभाग से एक सिफारिश प्राप्त करेगी और वन्नियारों के लिए आंतरिक आरक्षण की गारंटी देने वाला कानून बनाएगी।

उन्होंने कहा, राज्य में लागू किए जा रहे 69 प्रतिशत आरक्षण में सरकार को प्रत्येक श्रेणी में प्रतिनिधित्व करने वाले समुदायों का विवरण प्रदान करना चाहिए। उसे 31 प्रतिशत आरक्षण बनाने वाले समुदायों के बारे में समान डेटा भी जारी करना चाहिए। पीएमके इसके लिए इंतजार नहीं कर सकता वन्नियारों का आंतरिक आरक्षण हमेशा के लिए। उन्होंने कहा, मैं जहां भी जाता हूं, मुझसे वन्नियार के लिए 10.5 प्रतिशत आरक्षण की स्थिति के बारे में पूछा जाता है। मेरे पास इस सवाल का जवाब नहीं है। मैं वन्नियार युवाओं को बहुत लंबे समय तक नियंत्रित नहीं कर सकता और सरकार को इसे समझना होगा। .

पीएमके नेता ने यह भी कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को कई पत्र लिखे हैं और उनसे इस मामले को लेकर कई बार बात भी की है। उन्होंने कहा कि स्टालिन ने हमेशा आश्वासन दिया है कि वन्नियार आरक्षण के संबंध में कानून पारित किया जाएगा, लेकिन इसके कोई संकेत नहीं थे। डॉ. रामदास ने यह भी कहा कि जब तमिलनाडु पिछड़ा वर्ग पैनल को वन्नियार आरक्षण देने वाली सिफारिशें देने की समय सीमा बढ़ा दी गई थी, तो पीएमके ने इसका कड़ा विरोध किया था। उन्होंने चेतावनी दी कि वह लंबे समय तक वन्नियार युवाओं को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं और वे विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का इंतजार कर रहे थे और वह भी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक थे।

क्विक न्यूज

इराक में तुर्की के ड्रोन हमले में मारे गए 4 कुर्द आतंकवादी

बगदाद। उत्तरी इराक में तुर्की के ड्रोन हमले में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के एक वरिष्ठ सदस्य और तीन आतंकवादी मारे गए। अर्ध-स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र की आतंकवाद-रोधी सेवा ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि स्थानीय समय अपराह्न 3.00 बजे उन्हें उस समय ढेर कर दिया गया जब एक तुर्की ड्रोन ने निनेवेह की प्रांतीय राजधानी मोसुल से लगभग 120 किमी पश्चिम में सिंजर पर्वत के चलमीर क्षेत्र में एक सड़क पर उनके वाहन पर हमला किया। तुर्की सेना अक्सर पीकेके के खिलाफ उत्तरी इराक में जमीनी कार्रवाई, हवाई हमले और तोपखाने बमबारी करती रहती है, खासकर समूह के मुख्य आधार कंदील पर्वत में। तुर्की, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके तीन दशकों से अधिक समय से तुर्की सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहा है।

अमेरिकी में रेनो एयर शो के दौरान 2 विमान टकराए

वाशिंगटन। अमेरिकी राज्य नेवादा में रेनो एयर शो में हवाई दौड़ के दौरान 2 विमान टकरा गए, जिससे दोनों पायलटों की मौत हो गई। रेनो एयर रेसिंग एसोसिएशन (आरएआरए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। संगठन ने सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म एक्स' पर कहा, यह बहुत दुख के साथ है कि रेनो एयर रेसिंग एसोसिएशन ने घोषणा की है कि आज दोपहर लगभग 2.15 बजे, टी-6 गोल्ड रेस के समापन पर, लैंडिंग पर, 2 विमान टकरा गए और यह पुष्टि की गई है कि दोनों पायलट घायल हो गए हैं। मर चुके हैं। बयान में कहा गया है कि एसोसिएशन राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, स्थानीय अधिकारियों और अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन के साथ मिलकर घटना के कारणों की जांच कर रहा है। संगठन ने कहा कि दुर्घटना के कारण कोई

करुवन्नूर बैंक घोटाला मामला: ईडी ने त्रिशूर में दो और सहकारी बैंकों पर मारे छापे

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। प्रवर्तन निदेशालय ने केरल में करुवन्नूर सेवा सहकारी बैंक ऋण घोटाला मामले में सोमवार को त्रिशूर में दो और सहकारी बैंकों पर छापेमारी की। ईडी की कार्रवाई शीर्ष सीपीआई (एम) विधायक और पूर्व मंत्री ए.सी. मोइदीन की मंगलवार को कोच्चि में निर्धारित उपस्थिति से एक दिन पहले हुई है। केरल बैंक के उपाध्यक्ष और शीर्ष पूर्व सीपीआई (एम) विधायक एम.के. कन्नन को उन सहकारी बैंकों में से एक में उपस्थित रहने के लिए भी कहा गया था जहां छापेमारी चल रही है।

एक आश्चर्यजनक कदम में, जांच अधिकारी आज सुबह त्रिशूर सेवा सहकारी बैंक और अयानथोल सहकारी बैंक पहुंचे। रिपोर्ट के अनुसार, ईडी अधिकारी त्रिशूर और एर्नाकुलम जिलों में आधा दर्जन अन्य स्थानों पर इसी तरह के ऑपरेशन में लगे हुए हैं। कुछ हफ्ते पहले बैंक घोटाले के संबंध में 150 करोड़ रुपये से अधिक का खुलासा होने के बाद से केंद्रीय एजेंसी मोइदीन जैसे शीर्ष सीपीआई (एम) नेताओं के रडार पर आने के कारण अलर्ट पर है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने सीपीआई (एम) और उसके नेतृत्व पर इस बड़े घोटाले में मुख्य भूमिका निभाने का आरोप लगाया है। इस महीने की शुरुआत में त्रिशूर स्थित उनके घर पर छापेमारी के बाद से मोइदीन ईडी के रडार पर है और वह पहले ही एक बार कोच्चि कार्यालय में जांच एजेंसी के सामने पेश हो चुके हैं। ईडी इस मामले में काफी सक्रिय है और अब तक पी.सतीश कुमार और पी.किरण को गिरफ्तार कर चुकी है। जारी छापेमारी को गिरफ्तार दोनों लोगों से पूछताछ के तौर पर देखा जा रहा है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि दो बार के पूर्व सीपीआई (एम) लोकसभा सदस्य पी.के.बिजू को केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा जा सकता है।

इंजीनियरिंग कॉलेज में हंगामे के मामले में कांग्रेस विधायक और उनके समर्थक पर एफआईआर

एजेंसी

अल्मोड़ा। उत्तराखंड में अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज में विधायक मदन सिंह बिष्ट और उनके समर्थकों द्वारा किए गए हंगामे के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने द्वाराहाट से कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट और उनके एक समर्थक के खिलाफ धारा 452, 427, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट और द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ केकेएस के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद यह हंगामा हुआ। विधायक बिष्ट ने अपने समर्थकों के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में घुसकर निदेशक के आवास पर गाली गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दे डाली। इसके बाद द्वाराहाट इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक की तहरीर पर कांग्रेस विधायक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक विधायक बिष्ट के एक समर्थक नारायण सिंह रावत ने फोन पर विधायक की बात निदेशक इंजीनियरिंग कॉलेज से करवाई थी। जिसमें विधायक ने उनके कार्यालय सम्बन्धी टेंडर के बारे में पूछताछ की।

निदेशक के मुताबिक जिसकी जानकारी विधायक को दे दी गई। लेकिन इसके बाद अन्य नंबरों से लगातार उनके फोन पर कॉल आते रहे जिन्हें उन्होंने रिसीव नहीं किया। इस बात से झल्लाये कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट अपने समर्थकों के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर स्थित निदेशक के आवास पर पहुंच गए और उन्होंने वहां पर निदेशक को गाली गलौज की और उनकी पत्नी व बेटी के सामने ही उन्हें जान से मारने की धमकी दे डाली।

उन्होंने निदेशक पर भाजपा के इशारे पर मनमानी कार्य करने का आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि 15 दिन के भीतर निदेशक का स्थानांतरण नहीं किया गया तो इंजीनियरिंग कॉलेज के गेट पर समर्थकों के साथ धरना-प्रदर्शन व आमरण अनशन करेंगे। साथ ही इसे विशेषाधिकारी हनन मामले के तहत विधानसभा सत्र के दौरान सदन में उठाएंगे। थाना प्रभारी द्वाराहाट राजेश कुमार यादव ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। निदेशक की तहरीर पर विधायक मदन सिंह बिष्ट व नारायण रावत के खिलाफ धारा 452, 427, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 25 को जयपुर में करेंगे सभा को संबोधित

एजेंसी

बीकानेर। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला कार्यालय में आज भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक हुई जिसमे प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की सेवा पखवाड़ा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा उसके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 सितंबर को जयपुर में होंगे चार परिवर्तन यात्राओं के समापन पर राजधानी में समारोह होगा इसे पीएम मोदी संबोधित करेंगे इसमें बीकानेर से पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल होंगे। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बताया सेवा पखवाड़ा सप्ताह में युवा मोर्चा द्वारा 20 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा उसके साथ स्वच्छता अभियान, मोर्चा सम्मेलन और भी जनकल्याण के कार्यक्रम पार्टी द्वारा किए जाएंगे इसके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार परिवर्तन यात्राओं के समापन समारोह को संबोधित करने के लिए 25 सितंबर को जयपुर में होंगे बीकानेर के प्रत्येक बूथ से 10 कार्यकर्ता शामिल होंगे परिवर्तन संकल्प महासम्मेलन नामक मुख्य समापन समारोह होगा यह यात्रा एक ऐतिहासिक समारोह होगी और इसमें एक विशाल सभा होगी बीकानेर के पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक भाग लेंगे। पूर्व विधानसभा प्रभारी प्रदीप खीचड़ ने बताया 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जयपुर रिंग रोड(वाटिका) में होने वाले इस विशाल आयोजन में बीकानेर शहर से बसों व चार पहिया वाहनों से कार्यकता रवाना होंगे। बैठक का संचालन महामंत्री मोहन सुराणा ने किया। आज की बैठक में महामंत्री शयाम सुंदर चौधरी नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, सरिता नाहटा, अर्जुन कुमावत, वीरेंद्र करल उपस्थित रहे।

शिवसेना विवाद: सुप्रीम कोर्ट ने अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले में देरी पर महाराष्ट्र स्पीकर की आलोचना की

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके खेमे के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट द्वारा दायर याचिका पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की आलोचना की।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने उन सांसदों की अयोग्यता पर फैसले में देरी के मुद्दे पर कड़ी आलोचना की, जिन्होंने ठाकरे गुट को छोड़ दिया और शिंदे समूह के साथ गठबंधन कर लिया। सीजेआई ने कहा कि स्पीकर को सुप्रीम कोर्ट की गरिमा का पालन करना होगा और उनके फैसले को चार महीने बीत चुके हैं।

उन्होंने कहा, और हम केवल नोटिस के स्तर पर हैं। अदालत ने पूछा कि उसके 11 मई के फैसले के बाद क्या कार्रवाई की गई, जिसमें उसे उचित समय के भीतर याचिकाओं पर फैसला देने के लिए कहा गया था। अदालत ने टिप्पणी की कि अध्यक्ष अपने पैर खींचना जारी नहीं रख सकते और निर्देश दिया कि वह संबंधित मामले की सुनवाई एक सप्ताह से पहले नहीं करेंगे। शीर्ष अदालत ने 14 जुलाई को नोटिस जारी किया था और नार्वेकर और शिंदे से दो सप्ताह की अवधि के भीतर जवाब मांगा था। शिवसेना-यूबीटी नेता सुनील प्रभु द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि स्पीकर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री के रूप में अवैध रूप से जारी रखने की अनुमति देने के लिए अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी कर रहे हैं, जिनके खिलाफ अयोग्यता याचिकाएं लंबित हैं।

शिंदे और उनके खेमे के खिलाफ लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अध्यक्ष द्वारा की गई देरी के खिलाफ ठाकरे गुट ने 4 जुलाई को शीर्ष अदालत का रुख किया था। 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने निर्देश दिया था कि महाराष्ट्र स्पीकर को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपी शिंदे सहित 16 शिवसेना विधायकों के खिलाफ उचित समय में अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने 29 जून को अपने फैसले में उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद पर बहाल करने से इनकार कर दिया था, क्योंकि उन्होंने सदन में शक्ति परीक्षण का सामना करने से पहले स्वेच्छा से अपना इस्तीफा दे दिया था।

कट्टरपंथी इस्लामी समूह अल-शबाब के आतंकियों ने घात लगाकर किया हमला

मोगादिशु। पश्चिमी सोमालिया में कट्टरपंथी इस्लामी समूह अल-शबाब के आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में कम से कम 167 इथियोपियाई सैनिक मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार समूह ने कहा कि जीवित इथियोपियाई सैनिकों को पकड़ लिया गया है और इथियोपियाई सैनिकों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादियों ने इथियोपियाई सैन्य उपकरणों को भी नष्ट कर दिया और बड़ी मात्रा में हथियार जब्त कर लिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि इथियोपियाई सशस्त्र बलों और सोमालिया में अफ्रीकी संघ संक्रमण मिशन (एटीएमआईएस) ने अभी तक हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इथियोपियाई सेना ने वाजिद शहर में अपने फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस को मजबूत करने की कोशिश की, जो लगभग एक दशक से आतंकवादियों के नियंत्रण में है।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने पंचायत चुनाव हिंसा पीड़ितों के मुआवजे पर बंगाल सरकार से मांगा हलफनामा

एजेंसी

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार से हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा में मारे गए 54 लोगों के परिवारों को दिए गए मुआवजे का विवरण एक हलफनामे में दाखिल करने को कहा।

मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इस संबंध में 26 सितंबर तक हलफनामा दायर करने को कहा।

हलफनामे में, पीठ ने राज्य सरकार को ग्रामीण निकाय चुनाव हिंसा में मारे गए व्यक्तियों के नाम और अन्य विवरण प्रदान करने का निर्देश दिया।

पीठ ने उन परिवारों का विवरण भी मांगा, जिन्हें दो लाख रुपये का एकमुश्त मुआवजा प्रदान किया गया है और उन पीड़ित परिवारों का भी विवरण मांगा गया है, जिनके एक सदस्य को राज्य सरकार के वादे के अनुसार होम-गार्ड के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है।

अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पार्टी के अनुभवी लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें राज्य सरकार पर इस संबंध में घोषणा के बाद प्रक्रिया में देरी करने का आरोप लगाया गया था।

अपनी याचिका में चौधरी ने आरोप लगाया कि हालांकि मुआवजे की घोषणा इस साल 14 जुलाई को की गई थी, लेकिन अब तक केवल 17 परिवारों को ही मुआवजा मिला है। चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि यह भी स्पष्ट नहीं है कि राज्य सरकार के वादे के मुताबिक वास्तविक पीड़ितों के परिवारों को मुआवजा मिला या नौकरियां। उन्होंने ग्रामीण चुनावी हिंसा में घायल पीड़ितों के लिए मुआवजे के भुगतान के संबंध में प्रगति पर भी सवाल उठाया।

तीन महीने में ही उतरा प्यार का बुखार

सताने लगी बच्चों की चिंता- अब पाकिस्तान से भारत लौटेगी अंजू

एजेंसी



पेशावर। इसी साल जुलाई में अपने फेसबुक फ्रेंड से मिलने पाकिस्तान गई अंजू को अब भारत की याद आ रही है। इस्लाम कबूल कर फातिमा बनी अंजू के पति नसरुल्ला ने दावा किया है कि अंजू को अपने दो बच्चों की याद आ रही है और वह मानसिक रूप से बिल्कुल ठीक नहीं है। अंजू के अगले महीने अक्टूबर में भारत लौटने की उम्मीद है। 34 वर्षीय अंजू उर्फ फातिमा, जुलाई से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में रह रही है। पाकिस्तानी मीडिया ने खबर दी थी कि अंजू ने इस्लाम धर्म अपना लिया है और अपने फेसबुक मित्र नसरुल्लाह से शादी कर ली है।

अंजू के पति नसरुल्लाह ने खुलासा किया कि उनकी पत्नी मानसिक रूप से परेशान हैं और अपने बच्चों को बुरी तरह याद कर रही हैं।' नसरुल्ला ने कहा कि अंजू मानसिक रूप से परेशान है और अपने बच्चों को बुरी तरह याद कर रही है और उसके पास वापस जाने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अंजू के पति नसरुल्लाह ने अंजू के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चिंता व्यक्त की और कहा कि उनका भारत लौटना बेहतर होगा। बता दें कि अंजू के दो बच्चे हैं, एक 15 साल की बेटी और एक छह साल का बेटा। नसरुल्लाह ने बताया कि पाकिस्तान में आवश्यक दस्तावेजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंजू भारत लौट आएंगी। उसने यह भी कहा कि अगर उसे वीजा मिल जाए तो वह अंजू के साथ भारत आ सकता है।

अंजू राजस्थान के भिवाड़ी जिले की निवासी थी और वह पहले से ही शादीशुदा थी। 2019 में अंजू की फेसबुक के जरिए पाकिस्तान के नसरुल्लाह से दोस्ती हुई और धीरे-धीरे ये प्यार में तब्दील हो गई। वह जुलाई में नसरुल्लाह से मिलने के लिए पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत तक चली गई और अभी वहीं रह रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक आज

दुनिया भर के नेता विकास व जलवायु परिवर्तन पर करेंगे चर्चा

इसमें 2030 तक शांति और न्याय लाते हुए गरीबी और भूख से लेकर जलवायु परिवर्तन और असमानता की समस्या का समाधान समेत 17 महत्वाकांक्षाएं

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। दुनिया के विभिन्न देशों के राष्ट्र व राज्य प्रमुखों में सोमवार को न्यूयॉर्क में विकास और जलवायु परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक शुरू हो रही है। ये दोनों मुद्दे ग्लोबल साउथ(विकासशील देशों) की प्राथमिक चिंताएं हैं, इनमें से कई देशों को चुनौतियों का सामना करने में गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ता है, जबकि उनकी समस्याएं कोविड महामारी और रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के कारण और बढ़ गई हैं। यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस औद्योगिक देशों पर विकास और जलवायु परिवर्तन के लिए फंडिंग बढ़ाने के लिए दबाव डालेंगे।

वे सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर शिखर सम्मेलन के साथ अपने व्यस्त कार्यक्रमों के सप्ताह की शुरुआत करेंगे। इसमें 2030 तक शांति और न्याय लाते हुए गरीबी और भूख से लेकर जलवायु परिवर्तन और असमानता की समस्या का समाधान समेत 17 महत्वाकांक्षाएं हैं। गुटेरेस ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे पूरी उम्मीद है कि एसडीजी शिखर सम्मेलन वास्तव में एसडीजी के कार्यान्वयन के संबंध में अब तक देखी गई नाटकीय विफलताओं की प्रतिक्रिया में एक लंबी छलांग का प्रतिनिधित्व करेगा। एसडीजी को 2015 में विश्व नेताओं द्वारा अपनाया गया था और जैसे ही वे 2030 के मध्य में सोमवार को मिलेंगे, वे पाएंगे कि अधिकांश समय सीमा तक पहुंच से बाहर हैं और उन्हें विशेष रूप से औद्योगिक देशों से पुनः सक्रिय प्रतिबद्धताओं की आवश्यकता होगी। प्रतीकात्मक रूप से, यह बैठक पारंपरिक महासभा की बैठक से एक दिन पहले शुरू होती है, जो परंपरा के अनुसार मंगलवार को शुरू होगी, जिसमें ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा का पहला संबोधन होगा, इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन वक्ता होंगे। बाइडन इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के एकमात्र शीर्ष नेता होंगे।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के व्लादिमीर पुतिन और फ्रांस के इमैनुएल मैक्रॉन और ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक व भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले रहे हैं। परिषद के स्थायी सदस्यों के नेताओं की अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर गुटेरेस ने कहा, जो मायने रखता है, वह उनकी उपस्थिति नहीं है, बल्कि उनकी सरकारों की प्रतिबद्धताएं हैं। महासभा की बैठक अधिक राजनीतिक है और यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर प्रमुखता से चर्चा होगी। राष्ट्रपति व्लादिमिर ज़ेलेंस्की इस बार व्यक्तिगत रूप से वहां होंगे।

बेटियों के भविष्य को आकार दे रही है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना

- कन्या सुमंगला योजना में यूपी में प्रयागराज ने हासिल किया अव्वल स्थान
- जिले में एक साल में 59,635 बेटियों को मिला लाभ

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शिक्षा और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में संगम नगरी प्रयागराज ने पहला स्थान हासिल किया है। इस योजना को धरातल पर उतरने में प्रयागराज सबसे आगे रहा है। प्रयागराज के जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह के मुताबिक यूपी के सभी 75 जिलों की जारी सूची में प्रयागराज ने अव्वल स्थान हासिल किया है। यह पहली बार हुआ है जब इस योजना में प्रयागराज ने पहला स्थान हासिल किया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यहां 59,635 को इस योजना का लाभ मिला है। वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 में प्रयागराज में 54,809 को इस योजना का लाभ मिला था । इस प्रकार प्रयागराज में इस साल सबसे अधिक लाभार्थी इस योजना से आच्छादित हुए हैं। बात अगर वित्तीय वर्ष 2023-24 की करें तो अभी तक प्रयागराज से 6538 बेटियों का इस योजना का चयन हुआ है। राज्य सरकार की तरफ से जारी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में उन्नाव दूसरे स्थान पर, वाराणसी तीसरे स्थान पर, हरदोई चौथे और फतेहपुर पांचवे स्थान पर रहा है। जारी सूची में प्रदेश में उन्नाव ने 6354 वाराणसी ने 6125 हरदोई ने 56023 और फतेहपुर ने 5447 बेटियों का चयन इस वित्तीय वर्ष में किया था।

कैसे हासिल कर सकते हैं योजना का लाभ

प्रयागराज। इस योजना दिलाने के लिए शुरू की गई इस योजना में कन्याओं के जन्म से लेकर उनकी शादी तक का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा उठाया जाता है। इस योजना में कन्याओं को 15000 की आर्थिक मदद मिलती है। जल्दी ही यह राशि बढ़ाकर 25 हजार रुपए की जा रही है। योजना में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों की पढ़ाई का खर्च भी राज्य सरकार खुद उठाती है। प्रयागराज के जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह बताते हैं कि इस योजना के तहत सरकार पात्र परिवार की दो बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। पहली किस्त लड़की के जन्म के समय दी जाती है। दूसरी किस्त लड़की के टीकाकरण के लिए दी जाती है। नवजात बालिकाओं, जिनका जन्म 1 अप्रैल 2019 या उसके बाद हुआ है, उन्हें 2000 एक मुश्त धनराशि दी जाएगी। द्वितीय श्रेणी में वो बालिकाएं शामिल हैं, जिनका एक वर्ष के भीतर पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और उनका जन्म 1 अप्रैल 2018 से पहले न हुआ हो। इन्हें 1000 की धनराशि दी जाती है। सरकार कन्या के जन्म के समय 2001 वर्ष का टीकाकरण होने पर 1000 ,पहली कक्षा में दाखिला होने पर 2000, छठवीं में 2000 ,नवी कक्षा में 3000 देती है। इसी तरह सरकार की तरफ से दसवीं 12वीं की पढ़ाई या डिप्लोमा के लिए 5000 लाभार्थी के खाते में भेजे जाते हैं।

तिहरे हत्याकांड के पीड़ितों से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। कौशांबी के मोहिद्दीनपुर गौस गांव राजनीतिक दलों का अखाड़ा बन गया है। तीन हत्याओं के बाद यहां पर पीड़ित परिवार को सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल के नेतृत्व में छब्बीस सदस्यी कांग्रेसियों का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुचें। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल सोमवार को दिल्ली से बमरौली हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। यहाँ पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल में शामिल लोग सीधे घटनास्थल पर पहुचे। यहाँ पर मृतकों के परिजनों को को ढाढ़स बंधाया। प्रदीप नरवाल ने कहा की योगी सरकार में दलितों पर अन्याय, अत्याचार बढ़ा है। कहा की पार्टी जल्द ही इस घटना के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। वहीं पूर्व विधयाक विजय प्रकाश ने कहा की इस सनसनीखेज वारदात पर अभी तक ऐसी कोई कार्यवाही नजर नहीं आई जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद दिख सके। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश संघठन सचिव अनिल यादव ने पार्टी के नेताओं से पीड़ित परिवार की न्यायिक लड़ाई में साथ देने का आवाहन किया। इस दौरान आलोक प्रसाद, सुरेश यादव, राघवेंद्र सिंह, मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, हंजला उस्मानी, सुशील पासी, हसीब अहमद, गौरव पाण्डेय, मनोज पासी, राकेश पटेल, बलवंत राव, शीश अहमद समेत आदि लोग शामिल रहे।

जलीय विज्ञान की गहराई की खोज

- सीएमपी कॉलेज के एमएससी जूलॉजी के छात्र शैक्षिक यात्रा पर निकले

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। चौधरी महादेव प्रसाद डिग्री कॉलेज के उत्साही एमएससी तृतीय सेमेस्टर जूलॉजी के छात्रों का एक समूह लखनऊ में प्रतिष्ठित नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज (एनबीएफजीआर) की शैक्षिक यात्रा पर निकला। यह यात्रा इन उभरते प्राणीविज्ञानियों के लिए मछली आनुवंशिकी और जलीय जीवविज्ञान की आकर्षक दुनिया में प्रत्यक्ष अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुई। डॉ. हेमलता पंत और डॉ. ज्योति वर्मा प्राणीशास्त्र विभाग, चौधरी महादेव प्रसाद डिग्री कॉलेज द्वारा आयोजित शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान करके उनके सीखने के अनुभव को समृद्ध करना है। प्राणीशास्त्र का. एनबीएफजीआर की अपनी यात्रा के दौरान छात्रों को इंटरएक्टिव सत्र, प्रयोगशाला दौरे, अनुसंधान प्रस्तुतियाँ, फील्ड विजिट और शोधकर्ताओं के साथ बातचीत का सौभाग्य मिला। छात्र सक्रिय रूप से विशेषज्ञों के साथ जुड़े रहे, व्यावहारिक प्रश्न पूछे और अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग का पता लगाने के अवसर के लिए अपनी सराहना व्यक्त की। हम एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ. यूके सरकार और पूरी एनबीएफजीआर टीम की उनकी उदारता, ज्ञान साझा करने और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक सराहना करते हैं।

हिंदी रत्न सम्मान से नवाजे गये कवि-कलाकार रवीन्द्र

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। हिंदी रत्न सम्मान-2023 के लिए दो हिंदी सेवी संस्थाओं हिंदी कृति कुंज एवं पत्रिका अनिल अभिव्यक्ति धामपुर बिजनौर उत्तर प्रदेश की तरफ से भारतवर्ष के हिंदी कवियों एवं साहित्यकारों की कृतियां (पुस्तकें) आमंत्रित की गई थी

जो देवनागरी लिपि राष्ट्रभाषा हिंदी की सतत सेवा में कृतियां प्रकाशित हुई हों। जिसमें प्रयागराज के वरिष्ठ कवि-कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा को कृति रोटी कविता पुस्तक पर यह गौरवपूर्ण सम्मान हिंदी रत्न सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया तथा अन्य कवियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। हिंदी कृति कुंज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित नरेंद्र शर्मा एवं पत्रिका अनिल अभिव्यक्ति के संपादक डॉ अनिल शर्मा अनिल की जूरी ने रोटी कविता पुस्तक की सराहना करते हुए बताया कि रोटी पुस्तक हिंदी जगत की अनमोल रचना है। इस हिंदी रत्न सम्मान के लिए हिंदी सेवा में लगे हिंदी कृति कुंज तथा पत्रिका अनिल अभिव्यक्ति का कवि-कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया।

लाठी डंडे को लेकर आधा दर्जन दबंगों ने विवादित वृक्ष को काट गिराया

जौनपुर (खुटहन) लखने पुर गाँव में सोमवार की दोपहर लाठी डंडे लेकर जुटे मनबढ़ दबंगों ने विवादित वृक्ष को काट गिराया डरा सहमा पिडित पक्ष अपने घर में दुबका रहा।

गाँव निवासी अशोक तिवारी पुत्र गौरीशंकर तिवारी व उनके पट्टीदार विपिन विकास पुत्र स्व दिनेश नारायण तिवारी बशिष्ट नारायण तिवारी दिन दयाल तिवारी के बीच उक्त भुमि पर वर्षो से विवाद होता चला आ रहा है जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है।

मामले में खुटहन इंसपेक्टर योगेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच चल रही है दोषी पाए जाते पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

ट्रक में लदे 16 राशि भैंस के साथ एक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर आजमगढ़ । चौकी प्रभारी लोहरा उ0नि0 नरेन्द्र विक्रम सिंह मय हमराह को सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से भैसों को काफी क्रूरता पूर्वक लादकर गाजीपुर की तरफ से लखनऊ की ओर जा रहा था जिसका पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पीलर नं0 252 पर एक्सीडेन्ट हुआ है।

वह सभी जानवरों को इसी गाड़ी पर लादकर ले जाने के फिराक मे है यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर उ0नि0 नरेन्द्र विक्रम सिंह मय हमराह पुलिस बल के मुखबिर की निशादेही पर पुर्वांचल एक्सप्रेसवे पीलर नं0 252 पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक न0 श्र्र11ळ। 8198 को कब्जा पुलिस मे लिया गया जिसपर क्रूरता पूर्वक बंधी हुई तीन राशी मृत भैंस व दो राशि घायल भैंस तथा शेष 11 राशि जिन्दा भैंस बरामद की गयी। ट्रक के भीतर सो रहे ट्रक चालक सज्जाद कुरैशी पुत्र निजामुद्दीन कुरैशी निवासी ग्राम पारा थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को कारण गिरफ्तारी पूर्वांचल एक्स प्रेसवे के पीलर नं0 252 से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

हरिऔध कला केंद्र में आजमगढ़ महोत्सव-2023 का आगाज

आजमगढ़। हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में दिनांक 18 से 24 सितंबर 2023 तक आजमगढ़ महोत्सव-2023 के अंतर्गत चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती अंगीरा भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सर्वोदय पब्लिक स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई। साथ ही सर्वोदय पब्लिक स्कूल की छात्राओं द्वारा राजस्थानी गाने पर फेक डांस की प्रस्तुति की गई। इसी के साथ ही हुनर संस्थान आजमगढ़ द्वारा आजमगढ़ महोत्सव की थीम सॉन्ग पर नृत्य तथा राहुल संस्कृत्यायन जन इंटर कॉलेज आजमगढ़ द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई, जो काफी मनमोहक रहा। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद वासियों, सांस्कृतिक कलाकारों से अनुरोध किया कि इस महोत्सव में बढ़ चढकर प्रतिभाग करें, जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

जौनपुर के अमन ने गाजीपुर के पवन को दिखाया आसमान

- तीज पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने अखाड़े में आजमाने दांव पेंच

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। धर्मापुर स्थित अखाड़े में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीज पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता में क्षेत्र से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। एक तरफ जहां कई कुश्तियो में पहलवान विजई रहे तो वहीं कई कुश्ती बराबरी पर भी छुटी। इसी क्रम में जौनपुर धर्मापुर के पहलवान अमन ने पतरही गाजीपुर के पहलवान पवन को पहले ही कुश्ती में आसमान दिखया।, वही सरैया गाजीपुर के अभिषेक और पतर ही गाजीपुर के हरिश्चंद्र के बीच की कुश्ती बराबरी पर छूटी, इरशाद गाजीपुर तथा धरमपुर के पहलवान बालवीर की कुश्ती भी बराबरी पर छूटी , इस दौरान रेफरी की भूमिका में कमलेश यादव मौजूद रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन पहलवानों का हाथ मिलवा कर विधायक जफराबाद जगदीश राय ने किया। पूर्व विधायक डॉक्टर हरेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर अरविंद सिंह, जौनपुर नगर पालिका अध्यक्ष के पति राम सूरत मौर्य, विकास सिंह ग्राम प्रधान धर्मपुर जय हिंद यादव, विमलेश यादव ब्लॉक प्रमुख धर्मापुर, नरेंद्र यादव, बुलट सिंह, अनिल यादव, मुन्ना यादव इत्यादि प्रतियोगिता में मौजूद रहे तथा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। कुश्ती दंगल के संयोजक जय हिंद यादव तथा अध्यक्ष बबलू सिंह प्रवीण ने कार्यक्रम में आए लोगों का आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त समाचार

विधायक ने इंटरलॉकिंग मार्ग का किया लोकार्पण

जौनपुर(महराजगंज) विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने लोहरियांव के नहर से मौर्य बस्ती तक बने इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण सोमवार फीताकाट कर किया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर विधायक का जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हैं। अपनी निधि से तथा शासन से अपने प्रयासों द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ेंगे।वहीं ग्रामीणों ने विधायक द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की।मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति विनय कुमार सिंह, उमापति सिंह,ग्राम प्रधान, अम्बुज तिवारी,धीरज चौबे,संदीप सिंह प्रभाकर मिश्र सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

फर्मासिस्ट की मौत से शोक

जौनपुर (खुटहन) रविवार को खुटहन स्वास्थ्य केंद्र पर डा0 रोहित लाल की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें समस्त स्वाथ्य कर्मी उपस्थित रहें खुटहन स्वास्थ्य केंद्र में सन 2013 से अपनी सेवाएं देने वाले अशोक कुमार मिश्र की लम्बी बिमारी के कारण शनिवार को शाहगंज के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई वे बलिया के निवासी थे घर में पत्नी के अलावा दो बच्चे भी है उनकी मौत से जहाँ स्वजनों पर विपत्तियों का पहाड़ टुट पडा है वही स्वास्थ्य केंद्र के सहकर्मी दुखी है रविवार को मृत आत्मा की शांति के लिए सभी ने मौन रखा इस अवसर पर डा0 रोहित लाल डा0 अमित प्रशांत मिश्रा आकाश पाल अजय कुमार राजेश पंकज भारतीय आदि मौजूद रहे।

अलोपी बाग गुरुद्वारा में मनाया गया प्रकाश पर्व

प्रयागराज। अलोपी बाग गुरुद्वारा साहेब में प्रकाश पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री गुरुग्रंथ साहेब जी का अखंड पाठ का आयोजन किया गया। रविवार को निशान साहिब की सेवा कीर्तन एवम लंगर का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कीर्तन में उपस्थित भक्तों ने लंगर चखा। तत्पश्चात अरदास, एवं गुरु नानक देव जी महाराज द्वारा चलाए गए लंगर महिमा का बखान किया गया और इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। इस संबंध में परमजीत सिंह (परम भाई) ने बताया कि लंगर में शहर के सभी गणमन लोगों ने शिरकत किया और लंगर चखा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व की सेवा हमारे पूज्यनीय स्वर्गवासी सरदार बलवंत सिंह बग्गा द्वारा वर्षों से की जाती रही है इस वर्ष की सेवा भी बग्गा परिवार की तरफ से ही की जाएगी।

बड़ौदा यू पी बैंक यूनियन्स के समर्थन में गुजरात और राजस्थान में भी होगा आंदोलन

आजमगढ़। नई दिल्ली बड़ौदा यू पी बैंक द्वारा लाभप्रद 268 शाखाओ को बंद करने के विचार के विरोध में और विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती सहित अन्य मांगों को लेकर ज्वाइंट फोरम ऑफ़ बड़ौदा यू पी बैंक यूनियन्स के बैंक गोरखपुर प्रधान कार्यालय पर 25 सितम्बर को धरना एवं 3 अक्टूबर को हड़ताल कार्यक्रम का समर्थन करते हुये बड़ौदा गुजरात और राजस्थान बैंक यूनियनो ने अपने अपने बैंक प्रधान कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है और भविष्य में तीनों बैंकों की यूनियन एक साथ संयुक्त आंदोलन करेंगी। राजेंद्र प्लेस स्थित के के नायर लर्निंग सेंटर में अरबिया, इंटक, बी एम एस, ए आई बी ई ए, ए आई बी ओ ए, आईबाक से सम्बद्ध तीनों बैंकों के सभी यूनियनों की एक बैठक हुयी, जिसके मुख्य अतिथि इंबाक के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कंसल जी थे और संचालन प्रकाश सोनी ने किया।

इलाहाबादी भौकाल वेब सीरीज नवंबर में होगी रीलीज

प्रयागराज। आज कल फेसबुक और यूट्यूब के ज़माने में वेब सीरीज पैसा कमाने का एक बेहतरीन जरिया बन गया है !प्रयागराज में ऐसे बहुत से युवा हैं जो फिल्म लाइन मे अपना भविष्य बनाना चाहते हैं अच्छे एक्टर भी हैं पर अच्छा प्लेटफार्म ना मिलने के कारण वो मायूस हो रहे हैं। एसडब्ल्यूएस आर्ट्स के सचिव सर्वन शुक्ला इन्ही जैसे युवाओं को साथ लेकर इल्लाहाबादी भौकाल वेव सीरीज बना रहे हैं। जिसमे करेली स्थित करामात की चौकी के साकिब सिद्दीकी इलाहाबादी भौकाल वेब सीरीज में अभिनेता के तौर पर काम रहे हैं। वेब सीरीज बन कर तैयार हो गई है। नवंबर में ये वेब सीरीज रीलीज होगी।

इलाहाबादी भौकाल वेब सीरीज के डायरेक्टर राहुल शुक्ला ने इस फिल्म में 1980 के बाद की तारीख को दर्शाया है। इस फिल्म में साकिब सिद्दीकी के साथ अन्नू विश्वकर्मा रोमांस वा एक्शन के रोल मे नजर आएंगी। सरवंत शुक्ला ने अभिनेता के तौर पर काम किया है।

इस में और भी बहुत से अदाकार हैं। जिन में अन्नू विश्वकर्मा, मनोज राजपूत , राम भवन, डॉ कुदरत उल्लाह, मल्लू पाल, अखलेश अखिल,चंदा देवी और विष्णु राजपूत आदिज शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले साकिब सिद्दीकी और भी कई बड़ी फिल्मों में काम कर चुके हैं और फिल्म एक्टर नाना पाटेकर के साथ लाल बत्ती वेब सीरीज में भी शामिल रहे हैं। इलाहाबादी भौकाल वेब सीरीज की शूटिंग राजरूपपुर, करहंदा, सैदपूर और करैली साठ फीट रोड पर हुई है।

दलसिंगार यादव को दी गयी श्रद्धाजली

अवधनामा संवाददाता-

आजमगढ़। नेहरू हाल में पूर्णतिथि श्रद्धेय स्व0 दलसिंगार यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धाजली दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हवलदार यादव समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तथा संचालन तेज बहादुर यादव ने किया। सपा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि स्व0 दलसिंगार यादव की पूर्णतिथि में सभी वर्गो के लोग उपस्थित रहे स्व0 दलसिंगार यादव गरीब परिवार से राजनैतिक में ईमानदारी व सादगी विचारधारा प्रतिक थे। स्व0 यादव सोशित गरीब व वंचितों के मसिहा रहे। उनके रास्तो पर चल कर समाज को जगाने का काम उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। इस कार्यक्रम के आयोजक उनके पुत्र दिनेश यादव जी उनके पद चिन्हों पर चलने का जो प्रयास किया है वह सराहनीय है और उनसे यह उम्मीद की जाती है वे अपने पिता के राह चल कर जनता के प्रति अपनी सेवा देगें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि स्वर्गीय दलसिंगार यादव के विचारों को मजह्बूती देकर उनके बताये हुए रास्ते पर समाज के लोग चले। यही आज के कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। मुबारकपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश यादव ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज की राजनिति के लिये स्व0 दलसिंगार यादव जैसा विचार होना आवश्यक ही नही बल्कि समाज के लिये मार्गदर्शन का कार्य करेगी। श्रद्धांजली सभा में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यकौशल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना राय ने कहा कि स्व0 दलसिंगार यादव का राजनैतिक जीवन गरीब शोषिते की सेवा का प्रतीक है जिसके नाते इतनी बड़ी संख्या मे लोग यहॉ उपस्थित है यह राजनैतिक व्यक्तियों अनुकरणीय है। इस अवसर पर पतिराम यादव, सुरेन्द्र सिंह, बेलाल अहमद एडवोकेट, मूलचन्द चौहान, श्यामदेव यादव, दीपचन्द विशारत, सुरेन्द्र मिश्रा, रामकेश यादव, रामबचन यादव, जूल्फेकार बेग, नामी चिरैयाकोटी, जगदीश यादव, राजेश यादव, लालू यादव गेलवार, संजय पाण्डेय, सानेआलम बेग, कैलाश यादव, धमेन्द्र यादव, मोहम्मद रहमान एडवोकेट, मंसूर अहमद, रियाजुल हसन, मुन्नु यादव, मुन्नू मौर्य, पप्पू यादव, पंकज सिंह, रमाकान्त तिवारी, मंसूर आलम, योगेन्द्र यादव, श्यामनरायन यादव, रमाकान्त तिवारी, अरूण कुमार यादव, बृजेश पाण्डेय, भोला यादव, रामधनी यादव, गोरख यादव, अनिल यादव, प्रभुनाथ सिंह, मालती मिश्रा, शीला भारती, ज्ञानमति मौर्य, बेगमी अब्बासी, शमा खांन, शमा सुल्ताना, सीमा भारती, प्रेमा चौहान, निशा यादव, रामहर्ष यादव, जाहिद खान उर्फ आजाद, बासदेव उर्फ बी0डी0 कुमार, सुनील गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

पूर्वांचल जन मोर्चा के तत्वाधान में दिया गया धरना

अवधनामा संवाददाता-

आजमगढ़। पूर्वांचल जनमोर्चा के तत्वाधान में अखिल भारतीय ठठेरा, कसेरा, ताम्रकार महासभा, एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा कि संयुक्त एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन डॉ, भीमराव अम्बेडकर कलेक्ट्री कचहरी आजमगढ़ पर आहूत की गई धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम मोर्चा एवं महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमोहन शिल्पकार के नेतृत्व में संपन्न हुआ और धरने को संबोधित करते हुए कहा कि आजमगढ़ जनपद में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आज धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जल्द से जल्द हमारे मांग पत्रों पर विचार नहीं किया गया तो निश्चित रूप से सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जाएगा इसी कड़ी में श्री शिल्पकार ने कहा कि आज हम लोग महासभा एवं मोर्चा के संयुक्त बैनर पर 21 सूत्री मांग पत्र जिला मजिस्ट्रेट सक्षम अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम से संबोधित पत्र में निम्नलिखित मांग की गई।

अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

अवधनामा संवाददाता-

जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)। हरतालिका तीज पर सोमवार को सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखा। महादेव और माता पार्वती की पूजा करके अखंड सौभाग्य का वर मांगा। दोपहर के बाद शिव मंदिरों दर्शन-पूजन के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। तीज व्रत की कथा का श्रवण किया गया। घरों में मिट्टी की बनी शिव, पार्वती और गणपति की पूजा की।

मुंगरा बादशाहपुर में शाम को सोलह श्रृंगार कर व्रती महिलाओं ने क्षेत्र के साहबगंज मोहल्ला स्थित शक्तिपीठ मां काली जी का मंदिर,मुगरडींह विश्वनाथ मंदिर, चौराहा के शिव मंदिर व नईगंज स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव माता पार्वती व गणेश जी की प्रतिमा बनाकर विधिवत पूजा अर्चना की। और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। हरितालिका तीज का निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं में प्रिया गुप्ता, खुशबू मोदनवाल, छाया देवी, पूजा जायसवाल, आरती जायसवाल, अनुपम साहू, पूजा गुप्ता, निर्मला देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, सरिता देवी, शशि जायसवाल,सीमा मिश्रा, गुड़िया, व छाया देवी ने शाम होने से पहले ही सजना संवारना शुरू कर दिया था। पूजा सामग्री की व्यवस्था पहले से कर ली गई थी शाम होते ही महिलाओं ने सोलह सिंगार कर पूजन की तैयारी शुरू कर दी।

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर जौनपुर का प्रदेश में बढ़ा सम्मान

अवधनामा संवाददाता-

जौनपुर। प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत टीबी रोग से ग्रसित बच्चों को गोद लेकर सेवा पहुंचाने पर महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 आनंदीबेन पटेल जी ने रविवार देर शाम राजभवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित समारोह में जौनपुर के दो निक्षय मित्र लायन्स क्लब जौनपुर से सर्विस चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा और ठाकुर बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति से डा. अंजु सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रदेश में दस सर्वश्रेष्ठ जिला क्षयरोग अधिकारी को भी सम्मानित किया गया जिसमें जौनपुर के क्षयरोग अधिकारी डा. राकेश सिंह को भी सम्मानित किया गया। जौनपुर में बड़े पैमाने पर समाज सेवी संस्थाओ, कालेजो, अधिकारियों कर्मचारियों, शिक्षको व समाज सेवियों ने टीबी मरीजों को गोद लेकर सेवा पहुंचा रहे हैं। ज्ञात हो कि प्रदेश से दस सर्वश्रेष्ठ निक्षय मित्रो को सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया, जिसमें जनपद जौनपुर से दो संस्थाओ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह, क्षयरोग विभाग के सलिल यादव व सुशील अग्रहरि सहित पूरी टीम ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मान से जनपद जौनपुर का गौरव बढ़ा हैं और टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में अन्य संस्थाओ को भी कार्य करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगा।

जेएसडब्लू ग्रुप 13 साल बाद ला रहा नया आईपीओ, प्राइस बैंड 113 रुपये से 119 रुपये तय

नई दिल्ली। भारत के बड़े कारोबारी समूह जिंदल ग्रुप की ओर से जेएसडब्लू इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड आईपीओ 25 सितंबर को खुलने जा रहा है। ये आईपीओ 27 सितंबर तक खुला रहेगा। कंपनी की ओर से सोमवार को ये जानकारी दी गई। इसका प्राइस बैंड 113 रुपये से 119 रुपये तय किया गया है।

भारत के बड़े कारोबारियों में से एक सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी 2800 करोड़ रुपये आईपीओ के जरिए जुटाने वाली है। जानकारी के मुताबिक, ये पूरा आईपीओ फ्रैश इश्यू होगा। सज्जन जिंदल और उनके परिवार की ओर से इसमें ज्यादातर हिस्सा होल्ड किया जाता है। जेएसडब्लू इन्फ्रास्ट्रक्चर, जेएसडब्लू ग्रुप से तीसरा आईपीओ होगा। इसके पहले जेएसडब्लू ग्रुप 13 साल पहले 2010 में जेएसडब्लू एनर्जी लिमिटेड का आईपीओ लेकर आया था। जेएसडब्लू ग्रुप का कारोबार सीमेंट, पेंट, वेंचर कैपिटल और स्पोटर्स में फैला हुआ है।जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, क्रेडिट सुइस सिक्योरिटीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड,

एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

जेएसडब्लू इन्फ्रास्ट्रक्चर देश की दूसरी सबसे बड़ी पोर्ट ऑपरेटर है। कंपनी के पास 158.43 मिलियन टन की कार्गो क्षमता है। वित्त वर्ष 20 से कंपनी की कार्गो वॉल्यूम 40 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है और यह 31 मार्च 2023 में 93 मिलियन टन थी।

कंपनी का वित्त वर्ष23 में मुनाफा 750 करोड़ रुपये रहा था। वहीं, कंपनी की टॉपलाइन 3,195 करोड़ रुपये रही थी। वहीं, Ebitda मार्जिन 53 प्रतिशत था।

शिवांशु पाण्डेयः शिक्षा और महत्वाकांक्षाओं के साथ सपनों को किया साकार

गुरूग्राम। गुरूग्राम की व्यस्त सड़कों में एक युवा और प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं शिवांशु पाण्डेय। उन्हें उनकी महत्वाकांक्षा, रचनात्कता और बेहतरीन परफोर्मेन्स देने की प्रबल इच्छा के लिए जाना जाता है। उनकी यह यात्रा गोरखपुर से शुरू हुई थी। टेक्नोलॉजी के प्रति उत्सुकता के चलते उनका झुकाव वेबसाईट डेवलपमेन्ट की तरफ हो गया, साथ ही उन्होंने गोरखपुर के एक कॉलेज से मैथेमेटिक्स में बैचलर की डिग्री भी ली। शुरूआत में उन्होंने वर्डप्रेस के ज़रिए छोटी वेबसाईट्स बनाना शुरू किया, ताकि उनका जेब खर्च निकल जाए। हीरोवायर्ड से मार्गदर्शन मिलने के साथ उनके इस शौक ने नया मोड़ लिया और उन्हें सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी मिल गई। फुल स्टैक डेवलपमेन्ट पर आधारित हीरो वायर्ड के प्रोग्राम ने उन्हें वेब प्लेटफॉर्म की बारीकियां सिखाईं और वे फुल-टाईम सॉफ्टवेयर डेवलपर बन गए। इंडस्ट्री में फ्रैशर होने की वजह से उन्हें हर कदम पर पूरा सहयोग मिला, उन्हें सफल फुल स्टैक डेवलपर बनने के लिए सर्वश्रेष्ठ सहयोग मिला। शिवांशु की सबसे बड़ी उपलब्धि थी, गुरूग्राम में कॉयनपेज में जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर बनना। उनका सपना साकार हो गया और उन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि शिक्षा, कड़ी मेहनत और उचित अवसर के साथ आप जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं।

शिवांशु की यात्रा कदम-दर-कदम तरक्की का उदाहरण हैं। उनके जीवन का हर अध्याय एक नई उपलब्धि और उनकी कड़ी मेहनत को दर्शाता है। उनकी कहानी बताती है कि अगर आप जुनून के साथ आगे बढ़ें और अवसरों का लाभ उठाएं तो आप करियर में ज़रूर सफलता हासिल करते हैं। और जब जुनून के साथ-साथ शिक्षा एवं सही मार्गदर्शन मिलाए तो सभी सपने साकार हो सकते हैं। एक ऐसी दुनिया में जहां, सामाजिक नियम हमेशा संभावनाओं के बीच रूकावट पैदा करते हैं, शिवांशु प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। उनकी कहानी बताती है कि आप महत्वाकांक्षाओं के साथ जीवन में उल्लेखनीय सफलता पा सकते हैं।

हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड ने लखनऊ में नया स्टोर खोला

लखनऊ। भारत में सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता उपकरण ब्रांडों में से एक, हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड ने लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपने नए ब्रांड स्टोर हिंदवेयर स्मार्ट एप्लायंस एक्सक्लूसिव गैलरी के लॉन्च की घोषणा की। स्टोर का उद्घाटन हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। स्टोर का उद्घाटन ग्राहक सेवा उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को कायम रखते हुए ग्राहकों के लिए व्यक्तिगत खरीदारी अनुभव प्रदान करने की कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शारदा नगर योजना रत्न खंड 1 में क्रिस्टल सिटी सेंटर में रणनीतिक रूप से स्थित, हाल ही में खोले गए ब्रांड स्टोर में हिंदवेयर स्मार्ट उपकरणों की पेशकशों की एक श्रृंखला है, जो समकालीन भारतीय घरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन की गई है। गैलरी में बड़े रसोई उपकरणों की एक पूरी श्रृंखला है, जिसमें रसोई चिमनी, कुक-टॉप, बिल्ट-इन हॉब्स, माइक्रोवेव, डिशवॉशर, सिंक और बहुत कुछ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यह हाई-टेक आईओटी आधारित चिमनी और गीजर प्रदान करता है, जो अंतरिक्ष में आराम का स्पर्श जोड़ता है। स्टोर के लॉन्च पर बोलते हुए, हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड के सीईओ, सलिल कपूर ने कहा कि गहन उपभोक्ता अंतर्दृष्टि के आधार पर उत्पादों को डिजाइन करने की हमारी प्रतिबद्धता ने कुछ अग्रणी नवाचारों को जन्म दिया है, जैसे कि अधिकांश साइलेंट और ऑटो क्लीन रसोई चिमनी, अत्यधिक टिकाऊ और स्मार्ट वॉटर हीटर आदि कुछ नाम हैं। एक मजबूत खुदरा आधार के साथ नवाचार और उत्पाद डिजाइन में हमारी ताकत ने हमें देश भर में सबसे तेजी से बढ़ते उपकरण ब्रांडों में से एक बना दिया है। उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और महत्वपूर्ण रूप से हमारे समग्र राजस्व में योगदान देता है। उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए, हम अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए नवीनतम नवाचार लाने और उत्तर प्रदेश में अपनी खुदरा उपस्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हिंदवेयर होम इनोवेशन लिमिटेड के वर्तमान में इस क्षेत्र में तीन अन्य ब्रांड स्टोर हैं। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024 तक राज्य में तीन और नए स्टोर खोलने का है। अपनी विकास रणनीति के हिस्से के रूप में, कंपनी ने ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से एक मजबूत खुदरा नेटवर्क सफलतापूर्वक बनाया है।

सेलेकोर गैजेट्स ने एंकर इन्वेस्टर्स से 14.60 करोड़ रुपये प्राप्त किए

नई दिल्ली। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सेलेकोर गैजेट्स ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की घोषणा की है, जिसकी बोली 15 सितंबर को खुलेगी और 20 सितंबर को 87-92 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निश्चित प्राइस बैंड पर बंद होगी। नारनोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज़ इसकी बुक रनिंग लीड मैनेजर है, और स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज़ इश्यू की रजिस्ट्रार है। अपने आईपीओ से पहले, कंपनी ने एंकर निवेशकों - इंडिया अहेड वेंचर ट्रस्ट, फाउंडर्स कलेक्टिव फंड, मेरु इन्वेस्टमेंट फंड पीसीसी - सेल 1 और एजी डायनेमिक्स- को 92 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 15,72,000 शेयर आवंटित किए हैं। इस आईपीओ इश्यू में 55.18 लाख नए इक्विटी शेयरों की बिक्री शामिल है, जिनमें प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपये है तथा कुल कीमत 50.77 करोड़ रुपये है। कंपनी के शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म (एसएमई) पर सूचीबद्ध करने का भी प्रस्ताव है। आईपीओ के लिए लॉट का आकार 1,200 इक्विटी शेयरों पर निर्धारित किया गया है, प्रत्येक लॉट की कीमत

प्राइस बैंड के अपर एंड पर 1,10,400 रुपये है। इसके चलते रिटेल इन्वेस्टर्स सिंगल लॉट के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के पास कम से कम दो लॉट के लिए बोली लगाने का ऑप्शन होगा। आईपीओ से प्राप्त आय का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने तथा मुद्दे से संबंधित खर्चों को कवर करने के लिए किया जाएगा। विशेष रूप से 2.76 लाख इक्विटी शेयर्स मार्केट मेकर्स पोर्शन्स के लिए आरक्षित किए गए हैं, जिसमें एसएस कॉरपोरेट सिक्योरिटीज़ और कांतिलाल छगनलाल सिक्योरिटीज़ पेशकश के लिए मार्केट मेकर्स के रूप में कार्यरत हैं। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए, सेलेकोर गैजेट्स ने 264.37 करोड़ रुपये के राजस्व के साथ 7.97 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। मार्च 2022 को समाप्त होने वाले पिछले वित्तीय वर्ष में, कंपनी ने कुल 121.29 करोड़ रुपये के परिचालन राजस्व के साथ 2.14 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट प्राप्त किया था। कंपनी के अनुसार, वर्तमान में ब्रांड के लिए शीर्ष रेवेन्यू योगदानकर्ता मोबाइल फोन (राजस्व का 47त्र), सुनने योग्य/पहनने योग्य उपकरण (राजस्व का 23त्र) और सहायक उपकरण (ड्डष्द्दह्यह्यशह्द्धद्दह्य) सम्मिलित हैं।

रवि अग्रवाल इस कंपनी के सीईओ और संस्थापक हैं। वह पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से इकनॉमिक ऑनर्स में शिक्षा प्राप्त की है। उनके पास टेलीकॉम इंडस्ट्री में 12 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने उपभोक्ताओं के लिए पॉकेट-फ्रेंडली दरों पर गुणवत्तापूर्ण गैजेट उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ 2010 में कंपनी की स्थापना की। पूर्व में यूनिटी कम्युनिकेशंस के नाम से पहचाने जाने वाले, सेलेकोर गैजेट्स को 2020 में बनाया गया था। कंपनी स्मार्ट टेलीविज़न, ट्रूली वायरलेस ईयरबड्स, स्मार्ट वियरेबल्स, मोबाइल फोन, मोबाइल एक्सेसरीज़ और नेकबैंड सहित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की खरीद, ब्रांडिंग और वितरण में लगी हुई है। वर्तमान में, सेलेकोर गैजेट्स के पास 1,200 से अधिक सेवा केंद्रों और 800 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स का नेटवर्क है। साथ ही, इसकी 24,000 से अधिक रिटेल स्टोर्स और अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर उपस्थिति है।

सेलेकोर गैजेट्स भारत में स्थित एक तेजी से बढ़ता उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड है। इनोवेशन, स्टाइल और क्वॉलिटी पर ध्यान देने के साथ, सेलेकोर गैजेट्स का लक्ष्य अपने इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से उपभोक्ताओं की डिजिटल लाइफस्टाइल को बढ़ाना है। कंपनी असाधारण उत्पाद देने के लिए प्रतिबद्ध है जो अत्याधुनिक तकनीक को यूज़र-सेंट्रिक डिज़ाइन के साथ जोड़ती है।

नवाबों के शहर - लखनऊ ने यामाहा मेगा माइलेज चैलेंज में भाग लिया

लखनऊ। इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) ने आज लखनऊ में 'मेगा माइलेज चैलेंज ऐक्टिविटी' का आयोजन अपनी अधिकृत डीलरशिप - स्टार यामाहाए लखनऊ ऑटोमोटिव्स ए आरएस मोटर्स और रिपब्लिक मोटर के साथ भागीदारी में किया। इस चैलेंज में यामाहा के 40 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया, जबकि लगभग 30 ग्राहकों ने ब्राण्ड के द्वारा आयोजित अन्य गतिविधियों में हिस्सा लिया। मेगा माइलेज चैलेंज ऐक्टिविटी को आयोजित करने के पीछे लक्ष्य है यामाहा हाइब्रिड स्कूटर्स, खासकर फैसिनो 125 की बेजोड़ ईंधन क्षमता पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करना। लखनऊ में मेगा माइलेज चैलेंज एक्टिविटी की शुरूआत उसमें भाग लेने वालों के लिये संक्षिप्त विवरण के एक सत्र से हुई। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने राइडिंग की सक्षम तकनीकों पर मूल्यवान जानकारी प्रदान की और राइड का पूर्व-निर्धारित मार्ग बताया। इसके बाद यामाहा स्कूटर्स को 20 किलोमीटर की राइड शुरू करने से

पहले ईंधन से भरा गया। इस यात्रा में ड्राइविंग की विभिन्न स्थितियों को शामिल किया गया था, जैसे कि शहरी यातायात, घुमावदार क्षेत्र और खुली सड़कें। इस प्रकार भाग लेने वालों ने स्कूटर के सस्पेंशन, मैनूवरैबिलिटी, ब्रेकिंग, ऐक्सीलरेशन और इनिशियल पिक-अप का हाथों-हाथ मूल्यांकन किया। राइड पूरी करने और अपनी जगह पर वापस लौटने के बाद स्कूटर्स में दोबारा ईंधन भरा गया, जो पहले जितना ही था और इस्तेमाल हुए ईंधन की मात्रा को दर्ज किया गया, ताकि राइड के दौरान मिले माइलेज की गणना की जा सके। भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आभार स्वरूप विशेष स्मृति-चिन्ह और सम्मानस्वरूप वाहन की एक बार धुलाई की सुविधा दी गई, ताकि वाहन नया लगे।

डिज़्नी+ हॉटस्टार के 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में दिखा मौनी रॉय का ग्लैमरस लुक



नई दिल्ली। ताकत पाने की ललक, दिल को सुकून देने वाली दोस्ती और 60 के दशक का जादू, डिज़्नी+ हॉटस्टार की आगामी दमदार सीरीज सुल्तान ऑफ दिल?ली में यह सब-कुछ है। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली- असेंशन बाय अर्णब रे ' पुस्तक पर आधारित इस सीरीज के स्स्प्रोड्यूसर

हैं रिलायंस एंटरटेनमेन्ट और इसका निर्देशन किया है दूरदर्शी निर्देशक मिलन लुथरिया ने। सुपर्ण वर्मा ने इसे सह-निर्देशित किया है और वो इसके सह-लेखक भी हैं। पुराने भारत की खूबसूरती को नई कल्पना देते हुए और पर्दे पर देखने लायक एक शाहकार बनाते हुए, मिलन लुथरिया 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' से ओटीटी में निर्देशन की शुरूआत कर रहे हैं। यह सीरीज 13 अक्टूबर 2023 को रिलीज होगी। इसे आम जनता का मनोरंजन करने और अपने आकर्षण से ध्यान खींचने के लिये तैयार किया गया है। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, अनुभवी एक्टर विनय पाठक और निशांत दहिया ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। इसके साथ ही अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरज़ादा जैसी अभिनेत्रियां भी प्रमुख किरदारों को पर्दे पर साकार करते नजर आयेंगी। अपने अभिनय कौशल और ग्लैमर के लिये अत्यधिक प्रशंसित और दर्शकों की चहेती अभिनेत्री मौनी रॉय ने अपने किरदारों से हर बार अपने प्रशंसकों का दिल जीता है। यह खूबसूरत अभिनेत्री डायरेक्टर मिलन लुथरिया के 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' से वेब सीरीज की दुनिया में कदम रख रही हैं। दर्शक इस सीरीज में उनकी अदाकारी देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें वह क्लासिक, खूबसूरत ड्रेसेज एवं केश सज्जा व अन्य चीजों के साथ रेट्रो वाइब को अपनाती नजर आयेंगी।

एचटेक ने भारत में ऑनर 90 5जी पेश किया; आरामदायक व्यूइंग और रचनात्मक स्वतंत्रता के नए मानक स्थापित किए

लखनऊ। विस्तृत समाधान प्रदाता, एचटेक ने आज भारत में ऑनर90 5जी का लॉन्च किए जाने की घोषणा की। इसमें एआई वीलॉग मास्टर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा और 3840 हट्र्ज़ की पीडब्लूएम डिमिंग टेक्नोलॉजी के साथ उद्योग का अग्रणी क्वाड-कर्व्ड फ्लोटिंग डिस्प्ले है। ऑनर90 5जी में आज की हमेशा सक्रिय रहने वाली जनरेशन को व्यक्तिगत अनुभव देने के लिये अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर दोनों एक ही डिवाइस में दिये गये हैं।

इस लॉन्च के बारे में एचटेक के सीईओ, श्री माधव शेठ ने कहा, ÷एचटेक में हम भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भर परिवेश के साथ एक मजबूत ब्रांड वापस लाने की उपलब्धि के लिए उत्साहित हैं। उपभोक्ताओं को अग्रणी टेक्नोलॉजी प्रदान करने पर केंद्रित रहते हुए ऑनर लगातार डिस्प्ले टेक्नोलॉजी, बैटरी टेक सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में इनोवेशन लाने की ओर काम कर रहा है, जो सशक्त अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं पर आधारित हैं। ऑनर के मजबूत नेटवर्क और वैल्यू

चेन का उपयोग करके हम ऑनर 90 5जी के साथ भारत में अपना पहला स्मार्टफोन लॉन्च कर रहे हैं। 200 मेगापिक्सल के अल्ट्रा-क्लियर कैमरा, एआई वीलॉग मास्टर और जीरो रिस्क आई-कम्फर्ट डिस्प्ले जैसे श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ इनोवेशंस एवं अत्याधुनिक एआई टेक्नोलॉजीज के साथ यह हैंडसेट स्मार्टफोन फोटोग्राफी और डिस्प्ले टेक्नोलॉजी के एक नये युग की शुरुआत कर रहा है। इसमें उन्नत टेक्नोलॉजी के साथ सॉफ़िस्टिकेटेड डिज़ाइन है, जो पूरी तरह से व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करता है। भारत में अपना रोमांचक सफ़र शुरू करते हुए हमें विश्वास है कि यूज़र्स ऑनर के इन बेहतरीन उत्पादों को बहुत पसंद करेंगे।÷ ऑनर के साथ अपने सहयोग के बारे में रंजीत बाबू, डायरेक्टर, वायरलेस एंड टीवी, अमेज़न इंडिया ने कहा, ÷अमेज़न में हम एचटेक द्वारा ऑनर की भारत में वापसी के लिए बहुत उत्साहित हैं, और हमें विश्वास है कि ऑनर 90 कई स्मार्टफ़ोंस में सर्वश्रेष्ठ बन जाएगा, जिससे ऑनर टेक को भारत में लोकप्रिय स्मार्टफ़ोन ब्रांड बनने में मदद मिलेगी। शक्तिशाली परफ़ॉर्मेंस, स्लीक डिज़ाइन, और सबसे अच्छे कैमरा सेटअप के साथ हमें विश्वास है कि ऑनर 90 उद्योग में हलचल मचा देगा। आज के लाँच के साथ हम भारत के पसंदीदा ऑनलाइन ई-कॉमर्स बाज़ार में अपना संग्रह और ज़्यादा मज़बूत कर रहे हैं, और त्योहारों की तैयारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। शक्तिशाली और बहु उपयोगी मल्टी-कैमरा अनुभव इसके ऑल-न्यू ट्रिपल कैमरा सिस्टम में 1/1.4-इंच सेंसर के साथ 200 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा है, जो बहुत ही स्पष्टता, एचडीआर क्षमता और लो-लाइट परफ़ॉर्मेंस के साथ शानदार फोटोग्राफिक परिणाम प्रदान करता है। इसके ट्रिपल कैमरा में 112 डिग्री फील्ड ऑफ़ व्यू के साथ 12 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड और मैक्रो कैमरा तथा 2 मेगापिक्सल का डेप्थ कैमरा है।

एल.पी.एस. फाउंडर्स डे पर हर्षित सिंह ने दिव्यांगों को बांटा उपहार

लखनऊ। पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की इकाई गोल फॉर आल के ट्रस्टीज़ - हर्षित सिंह व शिखर पाल सिंह ने महानगर स्थित रेनबो सोसायटी फॉर

डिफरेंटली एबल्ड में जाकर वहाँ की संस्थापक निदेशक स्वाति शर्मा, मेंटोर राकेश वर्मा (पूर्व आई. ए. एस.) एवं एल. पी. एस. निदेशक नेहा सिंह व गरिमा सिंह के साथ 70 बच्चों को स्कूल बैग्स, फिजियोथेरेपी बॉल्स व स्टेशनरी गिफ्ट हेम्पर्स वितरित किये । इसके अतिरिक्त लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज़ के संस्थापक दिवस के अवसर पर सभी 15 शाखाओं में लघु वनस्पति उद्यान बनाकर रुद्राक्ष, कपूर, अजान, करौंदा, मुरैया इत्यादि के पौधे लगाए गए ।

आचार्य मनीष एवं डा. अभिषेक ने लखनऊ में एम.एस.एम.ई. मंत्री एवं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष को आयुष्मान योजना में आयुर्वेद को शामिल करवाने हेतु ज्ञापन सौंपा

लखनऊ। आयुरंश की टीम के द्वारा लखनऊ में अटल बिहारी कन्वेंशन सेंटर केजीएमयू कैंपस में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 1500 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन का आरंभ दिनाक 16 सितंबर 2023 को किया गया, यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष मंत्रालय एवं आयुर्वेद फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा समर्थित है।

इस कार्यक्रम में शुद्धि हिम्स एवं ए.एफ.आई. के संस्थापक आचार्य मनीष एवं डा. अभिषेक विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम के वक्ता के रूप में उपस्थित हुए, कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश भा.ज.पा. के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौधरी जी एवं एम.एस.एम.ई. मंत्री श्री राकेश सचान जी ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर

से मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दोनों ही नेताओं ने आयुर्वेद की उपयोगिता एवं इससे जुड़ी उत्तरप्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता एवं योजनाओं के बारे में सभी उपस्थित चिकित्सकों को विस्तार से बताया। आयुर्वेद फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के संस्थापकों आचार्य मनीष, डा अभिषेक एवं संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों की ओर से प्रदेश में चल रही केंद्र सरकार की जनस्वास्थ्य को बिना किसी पैसे को देकर उपचार करवाने वाली ÷आयुष्मान योजना÷ एवं उत्तर प्रदेश कर्मचारियों के कैशलेस उपचार हेतु आयुर्वेद के अस्पतालों को भी शामिल करवाने के लिए ज्ञापन दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एम.एस.एम.ई. मंत्री जी ने वादा किया है कि वे निश्चित ही जनकल्याण के लिए फायदेमंद इस कार्य को शीघ्रता से प्रदेश में लागू करवाने के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे। आयुरांश एवं आयुर्वेद फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की टीम की ओर से ज्ञापन देने के लिए डा. प्रशांत तिवारी, डा.ऋषभ दीक्षित, डा.यश चौधरी, डा.अभिषेक द्विवेदी, डा.सुमित दोराया, डा.वेद द्विवेदी, डा.नरेश गर्ग, डा. अक्षय गोयल आदि भी उपस्थित रहे।

SRG फ़िल्म्स इंटरनैशनल ने पोस्टर लॉन्च के ज़रिए शानदार फ़िल्म हम तुम्हें चाहते हैं का किया ऐलान

नई दिल्ली। दिलचस्प किस्म की फ़िल्में बनाने के लिए मशहूर और एक प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस के रूप में अपनी पहचान रखने वाले SRG फ़िल्म्स इंटरनैशनल ने अपनी एक और उम्दा फ़िल्म हम तुम्हें चाहतें हैं के रिलीज़ का ऐलान एक पोस्टर लॉन्च के माध्यम से कर दिया है.? इसमें कोई दो राय नहीं है कि एक दूरद्रष्टा कहलाए जाने वाले निर्देशक द्वारा उम्दा कलाकारों के साथ बनाई गई और बढ़िया संगीत से सजी यह फ़िल्म तमाम दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा. गोविंद बंसल और रीमा लहिड़ी द्वारा संयुक्त

रूप से निर्मित हम तुम्हें चाहते हैं एक ऐसी फ़िल्म है जो बेहतरीन कहानी को दर्शकों के सामने पेश करने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है. राजन लायलपुरी के बेहतरीन निर्देशन से सजी यह फ़िल्म दर्शकों को एक ऐसे रोमांचक सफ़र पर ले जाएगी, जिसे वो कभी भुला नहीं पाएंगे. तमाम सितारों से सजी इस फ़िल्म के ज़रिए जनमेजाया सिंह अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं. फ़िल्म में रितुपर्णा सेनगुप्ता, गोविंद नामदेव, अनूप जलोटा, राजपाल यादव, ज़ाकिर हुसैन, अनुस्मृति सरकार, अरुण बक्शी, सुरेंद्र पाल, टीना घई, अनिल नागरथ, कौशल शाह, संगीता सिंह और हितेश सम्पाल जैसे उम्दा कलाकार भी फ़िल्म में अपने अभिनय से चार चांद लगाते नजर आएंगे जो दर्शकों का निश्चित तौर पर दिल जीत लेंगे।

नई सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की बुकिंग 15 सितंबर से 25,000 रु. की टोकन राशि में शुरू

लखनऊ। फ्रेंच कार निर्माता सिट्रोएन ने आज से अपनी आगामी सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की बुकिंग शुरू करने की घोषणा कर दी। ऑल-न्यू सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी का शुरुआती मूल्य 9.99 लाख रु. है। इसकी डिलीवरी 15 अक्टूबर, 2023 से की जाएंगी। ग्राहक इसकी बुकिंग पूरे देश में स्थित ला मेज़ों सिट्रोएन शोरूम्स पर या फिर सिट्रोएन इंडिया की आधिकारिक वेबसाईट ;ब्पजतवमदण्पदद्ध पर 25,000 रु. की टोकन राशि देकर कर सकते हैं।

इस बारे में संजय मिश्रा, सी ई ओ, ला मेसन सेट्रोएन ने बताया कि नई सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोकलाईज़ेशन किया गया है, और यह मिड साईज़ एसयूवी भारतीय ग्राहकों की विशेष जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है।

नई सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस एसयूवी के बारे में रोलैंड बूशारा, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर,

स्टेलैंटिस इंडिया ने कहा, ''सी3 एयरक्रॉस एसयूवी को अप्रैल 2023 में अपनी शुरुआत से ही बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हमें सी3 एयरक्रॉस एसयूवी की प्रि-लॉन्च बुकिंग शुरू करने की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है, और मुझे यह भी खुशी है कि हम यह 9.99 लाख रु. के शुरुआती मूल्य में पेश कर रहे हैं। इससे भारत में अत्यधिक लोकलाईज़ेशन के साथ बेहतरीन पेशकश देने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह हमारे ग्राहकों से प्राप्त की गई बहुमूल्य जानकारी और विस्तृत शोध का प्रमाण है। सी3 एयरक्रॉस एसयूवी को उन भारतीय ग्राहकों की विकसित होती जरूरतों और इच्छाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाईन किया गया है, जो ड्राईविंग का बेहतरीन अनुभव पसंद करते हैं। हमें विश्वास है कि यह वाहन उनके दिलों व घरों में अपनी एक अद्वितीय जगह बना लेगा।''सट्रोएन की खूबी के साथ इस मिडसाईज़ एसयूवी में सवारियों के आराम के लिए सिग्नेचर सिट्रोएन कम्फर्ट के साथ अद्वितीय, मस्कुलर, और बोल्ड डिज़ाईन है। इसके अलावा, इसमें 7 सवारियों तक के लिए अपनी श्रेणी की सर्वाधिक उपयोगिता है। नई सी3 एयरक्रॉस एसयूवी, सबसे ज्यादा डिज़ायरेबल 4,323 मिमी. लंबी मिडसाईज़ एसयूवी है, जिसका मजबूत और एक्सप्रेसिव डिज़ाईन आत्मविश्वास प्रदर्शित करता है। 200 मिमी की ग्राउंड क्लियरेंस, बड़े व्हील एवं टायरों के साथ मस्कुलर व्हील आर्च, और टिकाऊ प्रोटेक्टिव क्लैडिंग के साथ यह सबसे आकर्षक लगती है। इसके मजबूत बंपर और हाई ग्राउंड क्लियरेंस के कारण यह ऊबड़-खाबड़ जमीन पर भी आसानी से चलती है,

राशन को लेकर कोटेदार व कार्ड धारकों में मारपीट

अवधनामा ब्यूरो

कोटेदार गिरफ्तार

कुशीनगर। तमकुहीराज तहसील अंतर्गत ग्राम हफुआ चतुर्भुज में राशन लेने गए ग्रामीणों के साथ कोटेदार द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कोटेदार को गिरफ्तार कर थाने उठा लाए, बाद में उसका चलान किया। इस संबंध में पीड़ित कार्डधारक सफरुल्लाह पुत्र रईस का कहना है कि वह राशन लेने जब कोटेदार के यहां गया क्योंकि बीते दस दिन से कोटेदार उसे रोज बहाने बना रहा और बाकी लोगों को दे रहा था।

आज राशन मांगने पर वह गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया और उसके सहयोगी लाठी भाजने लगे जिससे हमें चोट भी आई। मामले की जानकारी होने पर तरया सुजान पुलिस ने कोटेदार को हिरासत में लेकर बहादुरपुर चौकी भेजा। पुलिस घटना की जांच कर रही है बताया जाता है कि इसके पूर्व भी उक्त कोटेदार द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा है लेकिन सप्लाई विभाग द्वारा मैनेज व्यवस्था के नाते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई। पीड़ित का कहना है कि अगर कार्यवाही नहीं हुई तो हम डीएम महोदय से मिल अपनी बात रखेंगे। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंदन ठाकुर ने कहा कि इसके पहले भी कोटेदार की शिकायत सप्लाई विभाग से की जा चुकी है लेकिन कार्यवाही में ढिलाई से मामला समाप्त होने के बजाय बढता जा रहा है।

रक्तदान महादान इसके लिए खुद आगे आएं लोग: सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता

पीएम मोदी के नेतृत्व में महाशक्ति बन रहा भारत

गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवारा के अंतर्गत सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में रक्तदान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदान करने वाले युवाओं का मनोबल बढ़ाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। इस महादान के प्रति लोग स्वतः स्फूर्त भावना से आगे आएं, इसके लिए समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। रक्तदान कर रक्त की कमी या रक्त विकार से ग्रसित लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त के अलग अलग तत्वों से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अभी बहुत से लोग रक्तदान के लिए आगे नहीं आते, जबकि किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने से कोई दिक्कत नहीं होती। स्वैच्छिक रक्तदान कम होने पर पेशेवर लोग जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने लगते हैं। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर पेशेवरों को रोका जा सकता है। सीएम योगी ने कहा कि 2005 में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में ब्लड बैंक की स्थापना हुई थी। तब ब्लड सेपरेटर की व्यवस्था नहीं थी। अब ब्लड सेपरेटर होने से जरूरत के अनुसार प्लेटलेट्स, प्लाज्मा आदि अलग-अलग कर रोगियों को उपलब्ध हो रहा है। इससे मरीजों को काफी राहत मिल रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवारा मनाया जा रहा है। आज रक्तदान का कार्यक्रम इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जीवन जनता और जन कल्याण को समर्पित है। उनके नेतृत्व में नया भारत दुनिया की महाशक्ति बन रहा है। जी-20 की अगुवाई के साथ दुनिया भारत का सामर्थ्य देख रही है। भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक मंचों पर तेजी से बढ़ती जा रही है। रक्तदान शिविर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्तदान कर रहे युवाओं से बात की, उत्साह बढ़ाते हुए उनके साथ तस्वीरें खिंचाई। इस दौरान गुरु गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सत्यार्थ मिश्रा, सत्येंद्र सिन्हा, राहुल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

पखवाड़े में किया उत्कृष्ट कार्य सीएमओ ने दिया सम्मान

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। इस साल 11 से 31 जुलाई तक चले विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद व ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों, अधिकारियों, अंग्रिमपंक्ति कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कर्मियों और सहयोगी संस्थाओं के बीच कुल 73 प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। अलग अलग श्रेणियों में यह प्रशस्ति पत्र प्रेरणा श्री सभागार में सोमवार को आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान दिये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने इस मौके पर कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम न केवल देश की तरक्की से जुड़ा है बल्कि मातृ शिशु स्वास्थ्य और पोषण से इसका गहरा सम्बन्ध है। यह दंपति के सुखमय जीवन के लिए भी एक महत्वपूर्ण तत्व है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि जब कोई नवदंपति विवाह बंधन में बंधे तो उसे प्रेरित करें कि शादी होने पर पहला बच्चा कम से कम दो साल बाद ही प्लान करें। जब पहला बच्चा गर्भ में हो तभी परिवार नियोजन के सभी साधनों के बारे में दंपति को बताएं ताकि प्रसव के तुरंत बाद दंपति किसी साधन का चुनाव करे और दो बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखा जा सके। अगर दो बच्चों में यह अंतर कम होता है तो मां की सेहत के साथ साथ बच्चे के पोषण स्तर पर भी इसका बुरा असर पड़ता है।

भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा प्रदेश के आपदा मित्र परियोजना का किया जा रहा संचालन

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। भारत सरकार गृह मन्त्रालय द्वारा प्रदेश के कुल 25 जनपदों में आपदा मित्र परियोजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत कुल 10200 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया जाना है। जनपद से शेष रह गये आपदा मित्रो का प्रशिक्षण 19 सितम्बर से 30 सितम्बर तक 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। जनपद में शेष रह गये 214 प्रशिक्षणार्थियों के बस को जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन राज्य आपदा मोचन बाल मुख्यालय एसडीआरएफ लखनऊ में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा एवं विभिन्न आपदाओं में क्या करें क्या ना करें का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। परियोजना के अन्तर्गत जनपद देवरिया में 500 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया जाना था, जिसमें 318 आपदा मित्रों का प्रशिक्षण पूर्व में जनपद देवरिया से कराया जा चुका है। प्रथम बैच में 06 दिसम्बर 2022 से 17 दिसम्बर 2022 तक 145 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया गया। द्वितीय बैच में 11 मार्च 2023 से 22 मार्च 2023 तक 173 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को हेलमेट, चश्मा, रेनकोट, मच्छरदानी, टार्च, एक छोटी चाकू, एक छोटी लाइटर, टीसर्ट, लाइफ जैकेट, बूट, गलब्स, प्राथमिक चिकित्सा किट एवं बैग प्रदान किया जायेगा। साथ ही साथ उनको एक परिचय पत्र तथा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण हेतु ले जाने तथा वापस लाने उनके ठहरने, भोजन व्यवस्था एसडीआरएफ मुख्यालय द्वारा की जायेगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विपिन कुमार द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सलेमपुर सीमा पाण्डेय, आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार, आपदा लिपिक रंजन पाण्डेय एवं विकास कुशवाहा उपस्थित थे।

हरितालिका तीज पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर अपने सुहाग के दीर्घायु की कामना की

अवधनामा ब्यूरो

भगवान को किया सुहाग सामग्रियां अर्पित

तीज व्रत के पावन पर्व पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। लाल चूड़ी, फीता, बिंदी, आलता, कंघी, शीशा, मेहंदी, बिछिया सहित सुहाग की अन्य सामग्रियां भगवान को अर्पित की। पूजा में चढ़ाई गई कुछ चूड़ियां महिलाओं ने स्वयं धारण कर अन्य सामान पुरोहितों को दान कर दिए। जो महिलाएं किसी कारणवश मंदिर नहीं जा सकीं वो घर में ही पूजा-अर्चना की।

कुशीनगर। सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को हरितालिका तीज पर निर्जला व्रत रख कर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग के अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाए दिनभर की तैयारी के बाद शाम को सोलह श्रृंगार से सजधज कर विधि विधान से देवाधिदेव महादेव और माता गौरी की विधिवत पूजा की। भगवान को अर्पित की गई सुहाग की सामग्रियों मे सुहागिन महिलाओ ने कुछ अपने पास रखा और कुछ पुरोहितों को दान दी। इस शुभ घडी मे शिवालय महिलाओं से गुलजार रही।

बेशक हरतालिका तीज हिन्दू धर्म में मनाए जाने वाला एक प्रमुख व्रत है। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरितालिका तीज मनाने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि भाद्रपद की शुक्ल तृतीया को हस्त नक्षत्र में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजन का विशेष महत्व है। पुराणों के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान मृत्युंजय (शिव) को अपने पति के रूप मे पाने के लिए किया था। हरितालिका तीज व्रत करने से महिलाओं को सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान निलकंठ, माता गौरी और मंगलकारी प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। पौराणिक कथा के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए 12 वर्षों तक वन में कठोर तपस्या की थी। तपस्या व पूजा के प्रभाव से प्रसन्न होकर देवाधिदेव महादेव ने माता पार्वती को दर्शन देते हुए उन्हे अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वचन दिया। इसी मान्यता को लेकर कुमारी कन्या सुयोग्य पति पाने के लिए एवं विवाहिता अपने पति के दीर्घायु होने की कामना के साथ तीज व्रत करती हैं। व्रत के दौरान निराहार रहकर शिव-पार्वती का पूजन किया जाता है। महिलाएं लगातार 24 घंटे तक निराहार रहती हैं। दूसरे दिन विधि पूर्वक पूजन कर व्रती महिलाए अन्न-जल ग्रहण करती है।

शिव मंदिरो में की पूजा

हरितालिका तीज का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह व्रत रखने से पहले भोर में महिलाओं ने मिठाई और फल खाया। पूरा दिन निर्जला व्रत रखा। दिनभर पूजा की तैयारी में महिलाएं व्यस्त रहीं। नगर के शिवालय शिव मंदिर, सिधुआ स्थान शिव मंदिर, कुबेरस्थान स्थित शिव मंदिर, सहित जनपद के विभिन्न शिवालयों पर तीज व्रती महिलाओं ने कथा श्रावण किया और पूजन-अर्चन के बाद दान-पुण्य किया।

सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत, बाइक सवार घायल

गोरखपुर। गोरखपुर महराजगंज बाडर के कुछ दूरी पर कतरारी श्मशान घाट पुल के पास ग्रामसभा कतरारी निवासी मोहम्मद नजरुल इस्लाम अंसारी की सोमवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कतरारी चौकी प्रभारी शैलेश प्रताप ने परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि मोटरसाइकिल सवार घायल को भटहट सीएचसी भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महराजगंज के कतरारी निवासी मोहम्मद नजरुल इस्लाम हैप्पी पब्लिक इंटर कालेज के बायोलॉजी के प्रवक्ता के पद पर शिक्षक थे। वह सोमवार को श्यामदेऊरवां से कतरारी अपने आवास पर जा रहे थे। जैसे ही वह श्यामदेऊरवां के कतरारी श्मशान घाट के पास पहुंचे थे की तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पल्सर मोटर साइकिल सवार ने शिक्षक को ठोकर मारी दी। जिससे शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। शिक्षक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। इस दुखद घटना से उनके चाहने वालों के साथ साथ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

ऊर्जा का स्रोत नारी है पुरुष नहीं: प्रो सत्यनारायण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ फूलकली की अध्यक्षता में पुराछात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि फ्लोरिडा विश्वविद्यालय अमेरिका के प्रोफेसर डॉ सत्यनारायण रहे।कार्यक्रम का प्रारम्भ पुरा छात्राओं का रोली टीका करके किया गया। मुख्य अतिथि ने पुरा छात्राओं को सम्बोधित करते हुए नारी शक्ति के महात्म्य के बारे में कहा कि नारी तो पूर्ण नारी है किन्तु पुरुष आधा नारी ओर आधा पुरुष होता है, इसके अतिरिक्त एक अद्भुत बात उन्होंने बताई कि चाहे कोई पुरुष हो लेकिन नारी ही सबके ऊर्जा का स्रोत होती है पुरुष नहीं। इस प्रकार उन्होंने नारी की सामाजिक, व्यवहारिक और आध्यात्मिक श्रेष्ठता को स्थापित किया। तत्पश्चात विद्यालय की पूर्व छात्राओं ने विद्यालय के उन्नयन हेतु हर सम्भव मदद करने का वचन दिया। पुरा छात्राओं में डा ऋचा देवी, ममता सिंह, महिमा सिंह, सन्तोष मिश्रा, मीरा गुप्ता, विजया सिंह, लीलावती, पूनम, मन्जरी, अनुपमा, विनीता, मनोरमा, प्रतिभा, अर्चना प्रिया श्रीवास्तव इत्यादि मौजूद रहीं। ममता कुमारी के नेतृत्व में तैयार किये हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया।

अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

अमेठी। जनपद में सोमवार को अखंड सौभाग्य की कामना लिए सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखा। हरतालिका तीज का महत्व सोमवार के दिन पड़ने के कारण और अधिक हो गया है, एक दिन पूर्व बाजारों में व्रत पूजा संबंधित सामान की लोगों ने जमकर खरीददारी की है। रविवार की शाम शुद्धता पूर्वक भोजन प्रसाद ग्रहण करने के बाद इस व्रत का शुभारंभ हुआ। सोमवार को विविध मुहूर्त में शिवजी और पार्वती जी की पूजा अर्चना की गई शिवालयों में भारी भीड़ रही। पूजन सामग्री में भगवान शिव को प्रिय समस्त वस्तुओं और माता पार्वती को 16 श्रृंगार की सामग्री के साथ भगवती पार्वती की पूजा अर्चना की गई। भादो मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को इस व्रत का विधान है जिसमें सुहागिनें 36 घंटे का निर्जला व्रत रहती हैं। द्वितीया की देर शाम को भोजन प्रसाद ग्रहण करने के बाद चतुर्थी को प्रातः जल चढ़ाकर व्रत का पारण करते हैं, व्रत पारण लाल मिष्ठान खाकर किया जाता है। पर्व को लेकर जिले में खासा उत्साह रहा।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चांदनी रही अव्वल

अमेठी अवधनामा संवाददाता। हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को हिंदी ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चांदनी यादव ने बाजी मारी। नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विवेक मिश्र के नेतृत्व में राजकीय हाईस्कूल अमेठी में हिंदी दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार मौर्य ने बच्चों को संबोधित कर उनका उत्साह वर्धन किया। हिंदी ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों से हिंदी के विविध प्रश्न पूछे गए एवं सबसे ज्यादा प्रश्नों के जवाब देने वाले प्रतिभागियों को प्रथम व द्वितीय व तृतीय स्थान निर्णायक दान बहादुर कश्यप राम अवध पाल के द्वारा प्रदान किया गया। जिनमें चांदनी यादव प्रथम,शिवानी यादव द्वितीय तथा वैशाली अग्रहरि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को उपनिदेशक नेहरू युवा केन्द्र डॉ आराधना राज और विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मौर्य द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। विद्यालय के सहयोगी स्टाफ परिक्रमा शंकर मिश्र प्रदीपकुमार यादव अशोक कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में शिवांश सोनी, गोविंद, रुस्तम, मुकेश कुमार, मो राजिक, समीर आदि प्रतिभागी शामिल रहे।

11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन संयुक्त एनएचएम संघ के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा

अवधनामा ब्यूरो

संघ द्वारा संविदा कर्मियों की समस्याओं के निवारण हेतु सीएमओ से की गई वार्ता

कुशीनगर। आगामी 27 सितम्बर को लखनऊ में भारतीय मजदूर संघ द्वारा संविदाकर्मियों की मांगों को लेकर विशाल रैली आयोजित है। उसी के घटक संयुक्त एनएचएम संघ द्वारा जनपद में कार्यरत समस्त एनएचएम कर्मियों के अधिकारियों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाध्यक्ष डॉ रोहित की अगुवाई में सोमवार को जिलाधिकारी डॉ उमेश मिश्रा को सौंपा गया। 11 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से समान कार्य समान वेतन, नियमितीकरण, बीमा एवं वेतन विसंगति, स्थानांतरण, कोविड-19 के अस्थायी कर्मियों का समायोजन, सामाजिक सुरक्षा, वार्षिक वेतन वृद्धि 5 से बढ़ाकर 10 प्रतिशत, आयुष्मान भारत योजना में कार्यरत समस्त कर्मियों को एनएचएम में समायोजन, आरोग्य मित्रो का मानदेय निर्धारित किया जाय आदि है। जिला अध्यक्ष डॉ रोहित एवं महामन्त्री अमित राय ने कहा कि जनपद में कार्यरत सभी एनएचएम कर्मी आगामी 27 सितम्बर को लखनऊ में आयोजित विशाल रैली में प्रतिभाग करेगे एवं अपनी मांगों को मनवाने के लिए आवाज बुलंद करेगे। ज्ञापन सौंपने के पश्चात सभी पदाधिकारियों ने सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया से मुलाकात कर जनपद में कार्यरत संविदा कर्मियों के समस्याओं से अवगत कराया तथा उसके लिए प्रतिमाह शिकायत निवारण समिति की बैठक कराकर समस्याओं के निदान के लिए वार्ता किया गया। जिसपर सीएमओ द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान संघ के प्रदेश सचिव आशुतोष मिश्र, जनपद संयोजक डॉ मनोज राय, उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल, महिला उपाध्याय सुश्री अमृता, योगिता कुशवाहा, जिला सचिव आनन्द त्रिपाठी, जिला लेखा प्रबंधक एस आर वर्मा, नलिन सिंह, प्रशांत सिंह, शिवम, डॉ दीपक, अजय दुबे, गंगेश, निहाल, अनिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

अभ्युदय कोचिंग हेतु लाइब्रेरी का होगा आधुनिकीकरण

देवरिया अवधनामा संवाददाता। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत आज जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अध्यापन कार्य करा रहे विषय विशेषज्ञों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने योजनान्तर्गत छात्रों की सफलता पर विशेष ध्यान केन्द्रित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कक्षाओं के दृष्टिगत आ रही किसी भी प्रकार की समस्या को वह स्वयं दूर करेंगे। योजनान्तर्गत एक बेहतर पुस्तकालय स्थापित किये जाने हेतु उन्होंने निर्देश प्रदान किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने अनुभव भी साझा किया। जिलाधिकारी ने विषय विशेषज्ञों से वार्ता के क्रम में कहा कि छात्रों की सफलता पर आपका ध्यान अत्यंत अपेक्षित है। उनके द्वारा कहा गया कि निर्धन एवं प्रतिभावान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में किसी भी प्रकार के संसाधन की कमी बाधा न बने, इस हेतु व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश प्रदान किया।

पांच अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

देवरिया अवधनामा संवाददाता। थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा नदावर पुल के पास संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान एक इनोवा चार पहिया वाहन से 01 विशिष्ट धातु की मूर्ति के साथ 05 अभियुक्तों क्रमशः 01.रमाकान्त कुशवाहा पुत्र स्व0 छद्दू कुशवाहा निवासी-टोला अहिबरन राय थाना श्रीरामपुर जनपद देवरिया, 02.आकाश यादव पुत्र बृजभान यादव निवासी-मुजफ्फरपुरथाना कन्धरापुर जनपद आजमगढ़ 03.सतीशचन्द्र ध्यानी पुत्र स्व0 फिरंती राम निवासी-राजेपुर थाना सराय ख्वाजा जनपद देवरिया 04.राधेश्याम गौतम पुत्र स्व0 कन्हैया लाल निवासी-देवपुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ़, 05.प्रशान्त पाटिल पुत्र विक्रम पाटिल निवासी-धरमपुर जिला जौनपुर को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त मूर्ति अष्टधातु कि है जिसकी बाजारू कीमत लगभग 01 करोड़ रूपये से अधिक है। पुलिस टीम द्वारा बरामद विशिष्ट धातु मूर्ति वनज 08 कि0ग्रा0 से अधिक, चार पहिया वाहन को कब्जे में लेते हुए अभियुक्तों के विरूद्ध थाना सलेमपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

आयुष्मान भवः अभियान के तहत भाजपाइयों ने किया रक्तदान

अवधनामा संवाददाता

रक्तदान सेवा एवं पुण्य का कामः डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी

देवरिया। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से भाजपा द्वारा मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयुष्मान भवः अभियान के तहत आज भाजयुमो देवरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कालेज ब्लड बैंक में रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी तथा जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया।

इस दौरान सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान करना सेवा और पुण्य का काम है।भाजपा कार्यकर्ता द्वारा किया रक्तदान किसी के जीवन को बचाने के काम आयेगा। इसलिये पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी के सेवा भाव से प्रेरणा लेकर रक्तदान कर रहे है। प्रधानमंत्री मोदी जिस संकल्प के साथ देश के जन-जन का सेवा कर रहे है उससे हर कार्यकर्ता सीख लेकर सेवा कार्य मे दिन रात जुटा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन आज विश्व के देशों के लिये ब्लू प्रिन्ट बन रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज का भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में अपनी एक नई पहचान बना रहा है। आज देश अपनी परंपरा को और भव्यता से प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई में लेकर बढ़ रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा में विभिन्न सेवा कार्य कर प्रधानमंत्री को जन्मदिन का उपहार देंगे। इस दौरान राजेश कुमार मिश्रा, गंगा कुशवाहा, श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, अम्बिकेश पाण्डेय, प्रवीण प्रताप मल्ल, मनमोहन सिंह, रंजीत सिंह, सुधांशु रंजन मिश्रा, जयदीप मणि, आदित्य मणि, अक्षत सिंह, अनुपम सिंह,अजय दूबे वत्स,संजय पाण्डेय, बृजेश गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, अरविन्द चौहान, अखिलेश मिश्रा, नीरज शाही, गंगा शरण पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, रामदास मिश्रा, दुर्गेशनाथ त्रिपाठी, विन्देश पाण्डेय, राज दीक्षित आदि रहे।

विश्वकर्मा जयंती पर हुए विविध आयोजन

अमेठी। जनपद में रविवार को विश्वकर्मा जयंती पर जगह-जगह विविध आयोजन किए गए। नगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर समिति की ओर से विधि विधान से विश्वकर्मा भगवान का पूजन अर्चन और भंडारे का आयोजन हुआ।शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के अंतू रोड स्थित अजय विश्वकर्मा के प्रतिष्ठान पर हवन पूजन कार्यक्रम के बाद सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें दर्जनों लोगों को विश्वकर्मा भगवान का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रवीण कुमार सिंह,अरुण कुमार द्विवेदी इंस्पेक्टर, अंबरीश मिश्र, संतोष श्रीवास्तव, रामकृष्ण मिश्र, डॉ जेपी विश्वकर्मा, चंद्रभान, ओमप्रकाश, राजेश पाल आदि रहे। यहां भी प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।कल कारखानो पर भी विश्वकर्मा पूजन का आयोजन हुआ जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एचएएल कोरवा में आयुध निर्माणी में शनिवार शाम विश्वकर्मा पूजन का शानदार आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य मेला का आयोजन

तरकुलवा देवरिया अवधनामा संवाददाता। विश्वामित्र व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा जनपद देवरिया के तत्वाधान में प्रशासन के निर्देशानुसार आज स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया था।उक्त अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अमित कुमार ने मेले में पधारे हुए रोगियों को एक-एक लड्डू खिला करके उनके संपूर्ण स्वास्थ्य होने की ईश्वर से कामना के बाद सबको मुफ्त में दवा मुफ्त में जांच किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव पर एक वार्ड डेंगू नियंत्रण पर भी स्थापित किया गया। अपने स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधन करते हुए डॉ अमित कुमार ने कहा कि आज मात्र देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस ही नहीं विश्व मित्र का जन्म दिवस है। अर्थात आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जो भी मरीज उपलब्ध हैं वह हमारे लिए वरदान ही नहीं भगवान भी है। कार्यक्रम का संचालन मुन्ना यादव के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर नितेश सिंह, मंडल महामंत्री धीरज मिश्रा भाजपा के साथ-साथ आनेको लोग उपस्थित थे। वहीं तरकुलवा विद्युत केंद्र पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन भी धूमधाम से किया गया विद्युत केंद्र तरकुलवा जेई ई संदीप कुमार ने समस्त उपभोक्ताओं को यह आश्वासन दिया कि सरकार के मनसा अनुसार रोस्टेड को पूरा करते हुए सप्लाई आम जनमानस को मिलती रहेगी। विश्वकर्मा पूजा के दौरान हाइडिल लैनमेन के रूप में सोनू यादव, महेंद्र यादव, अविनाश प्रसाद, राकेश शर्मा, विकास सिंह, नंदू यादव, अरुण कन्नौजिया, मोजरा देवी आदि लोग उपस्थित थे।

शिक्षक सदैव शिक्षक रहता है वह कभी रिटायर नहीं होता: योगेश

शिक्षक संघ क्षेत्र चित्तौरा द्वारा किया गया सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ क्षेत्र चित्तौरा द्वारा सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह स्थानीय भानी रामका अतिथिभवन में किया गया। जिसमें प्रांतीय व राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में रहे। वित्त एवं लेखा अधिकारी शिवेंद्र पांडे, प्रांतीय मुख्य संरक्षक राधा कृष्ण पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष शबनम बानो, प्रदेश संयुक्त मंत्री सिराजुद्दीन न्यूटन, खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर ने सेवानिवृत जीवन कृष्ण सरकार, रेहाना बेगम, इशरत खानम, सहला बेगम, मंजर सुल्तान, शिक्षक, शिक्षिकाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा महामंत्री उमेश त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज वर्मा कोषाध्यक्ष सगीर अहमद, प्राथमिक शिक्षक संघ चित्तौरा अध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी, मंत्री विश्वनाथ पाठक ने भी शिक्षकों का सम्मान किया। सभा का संचालन मंत्री भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने किया अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विद्या विलास पाठक रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रांतीय व राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कहा शिक्षक सदैव शिक्षक रहता है वह कभी रिटायर नहीं होता है। राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की प्रमुख भूमिका है। जिस राष्ट्र में शिक्षकों की उपेक्षा होगी वह पतन को प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के हर समस्याओं की लड़ाई लड़ी जा रही है हम आपके साथ हरदम खड़े हैं। उन्होंने शिक्षकों से एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है तो आगामी माह से वृहद आंदोलन चलाया जाएगा। और अगर जरूरत पड़ी तो लोकसभा निर्वाचन में शिक्षकों के हित को देखते हुए निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा वर्तमान समय सरकार का दृष्टिकोण शिक्षकों व कर्मचारियों के हित में नहीं है। शिक्षक समाज के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाता है। शिक्षकों का उत्पीड़न संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा उसके लिए जो भी लड़ाई लड़नी पड़ेगी संगठन लड़ेगा। प्रांतीय मुख्य संरक्षक राधा कृष्ण पाठक ने कहा सरकार आती हैं जाती हैं पर राष्ट्र को विकसित एवं सभ्य नागरिक शिक्षक ही देता है। राष्ट्र में सामाजिक परिवर्तन की दृष्टि शिक्षा की है शिक्षक के बिना समाज अधूरा है। हम सब अपने कर्तव्य का पालन करें और एक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक बने। वित्त एवं लेखा अधिकारी शिवेंद्र कुमार पांडे व खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर ने कहा की बेसिक शिक्षा में परिवर्तन के वाहक शिक्षक हैं। सेवानिवृत्ति शासन के नियमों में हुए हैं। पर समाज में वह अपने गुरूतर कार्य से सेवा कर रहे हैं। शिक्षकों की हर समस्याओं में हम उनके साथ हैं।सेवानिवृत शिक्षकों को धार्मिक पुस्तक मिष्ठान अंग वस्त्र आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। चित्तौरा इकाई द्वारा सभी आए अतिथियों का सम्मान किया गया। संघ अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने शिक्षक की महत्व पर प्रकाश डाला तथा आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संयुक्त मंत्री एम सिराजुद्दीन न्यूटन, शबनम बानो, आनंद मोहन मिश्रा, उमेश त्रिपाठी, संजय कुमार त्रिपाठी, प्रवीण श्रीवास्तव, राम कुमार पांडे, इंदीवर व शत्रुघ्न वर्मा अलीम अहमद, यादवेंद्र यादव, आशीष श्रीवास्तव, यतेंद्र त्रिवेदी, राधेश्याम कनौजिया, अश्वनी सिंह, दिनेश कुमार वर्मा, डॉक्टर उबेदुररहमान, जिलेदार वर्मा, जमाल अजहर सिद्दीकी, बलवंत सिंह, गौरव दुबे, सर्वेश श्रीवास्तव, भानुप्रताप मिश्रा, आशुतोष वर्मा, आसिफ, दारा सिंह, गिरीश राम, ने भी अपने विचार व्यक्त किया। तथा इन्हें जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ क्षेत्रीय इकाई चित्तौरा द्वारा सम्मानित किया गया।सभा अध्यक्ष राधाकृष्ण पाठक द्वारा समारोह समाप्त की घोषणा राष्ट्रगान के साथ किया गया।

समारोह को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष अनीस अहमद, उपाध्यक्ष कलीम अहमद, संयुक्त मंत्री अभिमन्यु प्रसाद, सुल्तान कौसर रिजवी, अंजनी पांडे, शालिनी सुमन, अमिता, नमिता, रीता कनौजिया, सनोवर कहकंशा संजय अनुज कुमार, जय देवी, अर्चना सिंह, रचना श्रीवास्तव, धर्मेंद्र, संतोष वर्मा, मोहम्मद जफर खा आदि का विशेष योगदान रहा।

लोधी जागृति मंच की जिला कार्यकारिणी गठित

अवधनामा संवाददाता

जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह लोधी ने की सूची जारी

ललितपुर। लोधी जागृति मंच की एक आवश्यक बैठक पिसनारी स्थित पीजी पब्लिक स्कूल में जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह लोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। बैठक में समाज को आगे बढ़ाने और मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया गया। बैठक के दौरान विचार-विमर्श करते हुये जिला कार्याकारिणी की घोषणा की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह लोधी ने जिला कार्यकारिणी को लेकर बताया कि जिला उपाध्यक्ष पद पर दीपेन्द्र राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक सिवनी, जिला प्रचार मंत्री मोहित लोधी, जिला मंत्री राहुल लोधी, जिला महामंत्री राजीव, जिला महामंत्री मनीष, जिला संगठन प्रचार मंत्री राघव, नगर अध्यक्ष कृष्ण प्रताप, सचिव राहुल सिंह लोधी, ब्लाक अध्यक्ष जखौरा आदित्य सीरोंन, छात्र संघ अध्यक्ष उदय, छात्र संघ उपाध्यक्ष आकाश, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा संजू बाबा भैलोनी लोध, बूथ अध्यक्ष महेन्द्र, अनुपम, सेक्टर अध्यक्ष कुलदीप, जिला महासचिव अमित लोधी, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह लोधी को कार्यकारिणी में घोषित किया गया है। जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह लोधी ने सभी मनोनीत जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वह समाज उत्थान की दिशा में कार्य करें। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज में एकजुटता का संदेश प्रवाहित करते हुये लोगों के बीच बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा के मुद्दों पर जागरूकता लानी है। इस दौरान उन्होंने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनायें दीं।

पराली जलाने के दुष्परिणामों के बारे में कृषकों को बताया जाये

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेण्ट ऑफ काप रेजिड्यू योजनान्तर्गत फसल अवशेष न जलाने के सम्बन्ध में कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से विकास खण्ड स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन 15 सितम्बर से 25 सितम्बर 2023 तक निर्धारित तिथियों मे किया जायेगा, जिसमें फसल अवशेष न जलाने के सम्बन्ध में कृषकों को जागरूक करने तथा फसल अवशेष/पराली जलाने से हो रहे दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 15 सितम्बर 2023 को प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार हरियावां, 16 शाहाबाद व भरखनी, 18 साण्डी, हरपालपुर, 19 पिहानी, टड़ियावां, 20 कोथावां, भरावन, 21 टोडरपुर, बावन, 22 बेहन्दर, मल्लावां, 23 बिलग्राम, माधौगंज, 24 सुरसा, अहिरोरी तथा 25 सितम्बर 2023 को राजकीय कृषि बीज भण्डार सण्डीला एवं कछौना में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि गोष्ठी खण्ड विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में आयोजित की जायेगी, जिसमें खण्ड विकास अधिकारी नोडल अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सहनोडल अधिकारी होगें सम्बन्धित प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार सभी से समन्वय कर मेले/गोष्ठी का आयोजन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि कृषक जागरूकता गोष्ठी स्थल पर बैनर लगाया जाये।

उतमानपुर में सांसद ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

सीएचसी में आयुष्मान भवः मेले का किया शुभारंभ

आयुष्मान वाई का किया उद्घाटन, लाभार्थियों को किया वितरित

अवधनामा संवाददाता

कुड़वार,सुल्तानपुर। रविवार को विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सांसद ने कुड़वार विकास खंड क्षेत्र के उतमानपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर गरीब व्यक्तियों को सांसद द्वारा अंगवस्त्र, बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। सीएचसी पहुंच कर सांसद मेनका गांधी ने आयुष्मान भवः मेले के शुभारंभ किया तथा आयुष्मान वार्ड का उद्घाटन व लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। सांसद मेनका संजय गांधी ने लोकसभा क्षेत्र के कुड़वार विकास खंड के उतमानपुर गांव के वैष्णो माता धाम पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया तथा उनके लंबी उम्र की प्रार्थना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्र पर तिलक करते हुए प्रभु से अनवरत देशसेवा करते रहने की प्रार्थना की। उसके बाद श्रीमती गांधी ने राम समुझ विश्वकर्मा व 21कन्याओं को अंगवस्त्र देकर मिष्ठान वितरित किया। कुड़वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंच कर शासन द्वारा आयोजित आयुष्मान भवः मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने स्वास्थ्य मेला सहित आंगनबाड़ी महिलाओं द्वारा लगाए गए मेले के निरीक्षण के बाद अस्पताल में बने आयुष्मान वार्ड का उद्घाटन व अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल्द ही अस्पताल में स्वचलित एक्सरे मशीन लगाई जाएगी, अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए शासन स्तर पर पैरवी चल रही है। जल्द ही इस 50बेड के अस्पताल को 100बेड के अस्पताल के रूप में परिवर्तित कराया जाएगा। उन्होंने सीएमओ ओमप्रकाश चौधरी को निर्देश देते हुए कहा कि गरीब लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पर ही निर्भर रहते हैं उनके इलाज में लापरवाही न होने पाए और अस्पताल के भवन में सीलन लग रही है उसे जेई को बुलवाकर सही कराया जाय। जिससे भवन की गुणवत्ता बरकरार रहे। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ वेदांत यादव, डॉ याहिया खान, डॉ अनिमेष, डॉ सुनील त्रिपाठी, प्रखर सिंह, समाजसेवी श्याम सुंदर सिंह (लहूरी सिंह), पूर्व इसौली विधानसभा प्रत्याशी व वरिष्ठ भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह (बब्लू), महावीर श्रीवास्तव, प्रदीप शुक्ला, शशिकांत तिवारी, यज्ञ प्रसाद सिंह, अवधेश शर्मा, रमेश तिवारी, अवधेश पाठक, सहित भाजपा कार्यकर्ता व समाजसेवी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

डीएम ने विभारपुर प्रधान के अधिकार को किया सीज

सुल्तानपुर। ग्राम पंचायत में बिना नीलामी प्रक्रिया अपनाये पेडों के काटने के मामले में डीएम ने ग्राम प्रधान सुरेश पांडेय के अधिकार को सीज कर दिया। जांच में ग्रामीणों के आरोपों की पुष्टि होने पर कार्यवाही की गई।विद्यालय व नवीन परती भूमि पर लगे सैकड़ो वृक्षों को काटने का मामला बताया जाता है। इसके पूर्व भी तत्कालीन डीएम ने भी ग्राम प्रधान को बर्खास्त किया था। हल्का लेखपाल मुन्नीलाल को भी दोषी पाया गया था। जयसिंहपुर विकास खंड के विभारपुर ग्राम पंचायत का मामला बताया जाता है। डीएम जसजीत कौर ने की कार्रवाई की पुष्टि की है।

संस्कृत विद्यालयों में साहित्य व हिंदी विषय के मानदेय शिक्षकों की भर्ती के लिए साक्षात्कार हुआ स्थगित

सुल्तानपुर। डीआईओएस रवि शंकर ने बताया कि जिले के कुछ संस्कृत विद्यालयों में मानदेय पर शिक्षक भर्ती हेतु18 सितंबर को साक्षात्कार होना था।विषय विशेषज्ञ नामित न होने के चलते साहित्य व हिंदी विषय का इंटरव्यू स्थगित कर दिया गया है।इसके अलावा नव्य व्याकरण,भूगोल व गणित का साक्षात्कार उक्त तिथि पर डीआईओएस दफ्तर में लिया जाएगा। दोनो विषयो के इंटरव्यू की तारीख की जानकारी बाद में दी जाएगी। इसकी जानकारी पटल के बाबू आशीष ओझा ने भी दिया हैं।

जिले के मनियारपुर में शब्बेदारी व जुलूस का आयोजन 19 सितंबर को

सुल्तानपुर। शब्बेदारी व जुलूस अमारी 19 सितंबर मंगलवार को शाम 7 बजे से शब्बेदारी,20 सितंबर बुधवार को सुबह बाद ए नमाज़ फज्र यानी सुबह 5 बजे से जुलूसे अमारी बमुक़ाम बड़ा इमामबारगाह मनियार पुर में होगा। शब्बेदारी की मिसराये तरह- आज भी इस्लाम तेरी ज़िंदगी ज़ैनब से है। सभी अंजुमन इसी तरह पर नौहा पेश करेंगी। ख़िताबत मौलाना सैय्यद काज़िम मेंहदी जौनपुरी करेंगे। जुलूस में मकामी अंजुमन के साथ साथ बेरुनी अंजुमन भी नौहाख्वानी करेंगी। निज़ामत ज़ाहिद कानपुरी करेंगे। अंजुमन मुहाफ़िज़ अज़ा कामठी नागपुर, अंजुमन अब्बासिया उन्नाव, अंजुमन जाफ़रिया बनारस, अंजुमन हैदरिया नगपुर जलालपुर शिरकत करेंगी और नौहा पेश करेंगी। दौराने जुलूस मौलाना मुशीर अब्बास, आज़म अली, सैय्यद नक़ी रज़ा, आज़म हुसैन, फकीह हैदर, मौलाना नादिर अली, तक़रीर करेंगे जुलूस का प्रोग्राम अंजुमने हैदरिया मनियारपुर की तरफ से होगा यह जानकारी अल्ताफ हुसैन ने दी है।

25 सितम्बर को होगा रोजगार मेले का आयोजन

हरदोई जिला सेवायोजन अधिकारी मीता गुप्ता ने बताया है कि शासन की मंशानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय दिव्य कृपाल पी.जी. कालेज, गोसवा, मल्लावा (हरदोई) में शिक्षित, प्रशिक्षित बेरोजगारों को सेवायोजित करने हेतु 25 सितम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी अपना पंजीयन पोर्टल पर करा लें। रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही हैं। जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये, सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नहीं की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये, सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसी स्थिति में सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय आकर सूचित करें। रोजगार मेले से सम्बन्धित जानकारी हेतु दूरभाष नं0 - 9956946318, 7607182599 पर सम्पर्क करें।

पुलिस की निष्क्रियता के चलते, दो पक्षों में चले लाठी डंडे

सुल्तानपुर। जिले के कुड़वार थाना अंतर्गत, मिठनेपुर गांव में जमीन के कब्जे को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडों द्वारा जबरदस्त मारपीट हुई।विवाद बढ़ता देखकर थाना कुड़वार के एस ओ के सीयूजी नंबर पर कॉल करने पर कुड़वार थाना के एसओ का सीयूजी नंबर नेटवर्क कवरेज क्षेत्र के बाहर बताता रहा।डायल112 नंबर भी मिलाने पर बात नहीं हो सकी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विवाद से कुछ देर पहले पुलिस मौके पर गई थी और विवादित जमीन पर निर्माण करने के लिए कह कर चली गई। जिसके परिणाम स्वरूप मारपीट की घटना कारित हुई।

आदि शिल्पाचार्य भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता

समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने पर विचार गोष्ठी में हुआ मंथन

ललितपुर। आदि शिल्पाचार्य भगवान विश्वकर्मा के पूजन दिवस को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें व्ही. 5 के अंतर्गत विश्वकर्मा भगवान के पुत्र (लौहकार, स्वर्णकार, काष्ठकार, ताम्रकार एवं शिल्पकार) आदि बन्धुओं ने एक जुटता का परिचय देते हुए संयुक्त रूप से तुवन मन्दिर प्रांगण में विशाल आयोजन किया, जिसके अंतर्गत सामूहिक सुंदर काण्ड पाठ, हवन, भगवान विश्वकर्मा पूजन, आरती, भजन कीर्तन के पश्चात सुसज्जित रूप से विश्वकर्मा भगवान शोभायात्रा जिसमें झांकियां, ढोल नगाड़ों, बैंड बाजे, डी.जे., रासलीला, अखाड़े, कीर्तन मण्डली आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

नगर के प्रमुख मार्ग से निकाला गया जो श्रीतुवन मन्दिर से प्रारम्भ होकर कोतवाली, नझाई गेट, घण्टाघर, सावरकर चौक से तालाबपुरा होते हुए, नामदेव समाज मन्दिर, साई बाबा मंदिर होते हुए तुवान मन्दिर के प्रांगण में समाप्त हुआ रास्ते मे अनेक जगह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, राजनैतिक दलों, प्रतिष्ठित नागरिकों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश नारायण डयोडिया ने की मुख्य अतिथि रामअवध विश्वकर्मा, विशिष्ठ अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, चंदशेखर पंथ, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत मुक्ता सोनी, एड अंकिता विश्वकर्मा छतरपुर, अर्चना सोनी, जगदीश सिंह लोधी, गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी, सौरभ यादव, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन चूना, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल यादव, बसपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान वेसरा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलवंत राजपूत, राजेश यादव, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, रामू कुशवाहा, भगवानदास प्रजापति, कन्हैया नामदेव, संतोष साहू, अमान साहू, कुंदन पाल पार्षद, लाखन सविता, राकेश कुशवाहा, कैलाश नारायण, रज्जन झा, बी.आर.विश्वकर्मा, द्वारिका प्रसाद झा, बृजकिशोर झा, लाखन लाल, अमरसिंह जमौरा, एड राजेंद्र बनयाना, कृष्णकांत सोनी, विकास सोनी, संजय ताम्रकार, अनूप ताम्रकार, जगदीश, बालचंद, कमल, नरेश, रवि, चुन्नीलाल, रामबाबू विरधा, अमान पेंटर, बबलू गुड़ा, हरिश्चंद झा, प्रागीलाल, राजकुमार विश्व, रामगोपाल, आवेश, अनिल, रामनरेश, देवेंद्र झा, सरमन, बलराम, अनंतराम बार, सुनील साहू, रमेश कुमार, शिवलाल, लालचंद झा, गोविंद, दाताराम, गौरव, राजेश, गणेश प्रसाद, सीताराम, अर्चना सोनी, सुमन, नीलम सोनी, सरोज, गौरीशंकर, नवलकीशोर सोनी, मथुरा प्रसाद, मज्जू सोनी, अजय डयोडिया, राधा बल्लभ, वीरेंद्र, शिवशंकर, मनीष, भारत, अरुण ताम्रकार, बृजेश सोनी, बद्री सोनी, रमेश सोनी, दिनेश, संतोष कुमार, राकेश कुमार, पेशू सोनी, दिनेश मुखिया, रवि त्रिमूर्ति, गिरीश, सेवा दल, चन्दन, रामप्रकाश, अरविंद तिसगना, संजय, प्रीतम लाल, हुकुम, महेश सर, प्रसन्न अध्यापक, नीरज, राजेंद्र, कमल कुमार, राहुल बाबा, राजेश सोनी, मनोज, अरविंद, विनय, अशोक, अरविंद ताम्रकार, रामकिशोर, जगन्नाथ, सत्येंद्र विश्वकर्मा, संचालन आचार्य लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा ने, सभी का आभार अमर विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य ने किया।

डीएम ने की ब्लाक विकास रणनीति तैयारी की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

बीडीओ हुजूरपुर को चिंतन शिविर आयोजित कराये जाने के दिये गये निर्देश

बहराइच। नीति आयोग द्वारा चिन्हित सूचकांकों की प्रगति एवं आकांक्षात्मक ब्लाक विकास रणनीति हुजूरपुर की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। चिन्हित सूचकांकों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ओवर आल डेल्टा रैंकिंग में जनपद चौथे स्थान पर है। जिसमें स्वास्थ्य एवं पोषण सेक्टर में 6ठवां, शिक्षा सेक्टर के 24वां, कृषि एवं जल संसाधन सेक्टर में 4था, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास सेकटर में 20वां तथा बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में 46वीं डेल्टा रैंक प्राप्त हुई है। डीएम ने निर्देश दिया मानक से कम डेल्टा रैंकिंग वाले सूचकांकों में सुधार लाया जाय।

आकांक्षात्मक विकास खण्ड हुजूरपुर की ब्लाक विकास रणनीति तैयार करने के सम्बन्ध में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में निर्देश दिये गये कि मानव व भौतिक संसाधन, स्किल डेवलपमेन्ट जागरूकता व सेवा क्षेत्र में गैप को पूरा करने हेतु करने की रणनीति तैयार कर उपलब्ध कराया जाय। पोषण क्षेत्र हेतु बाल विकास परियोजना अधिकारी हुजूरपुर को निर्देश दिये गये कि सैम, मैम बच्चों की संख्या में कमी हेतु प्रयास की रूपरेखा प्रस्तुत की जाय। बच्चों के जन्म के बीच अन्तर को चिन्हित कर अन्तर बढ़ाने की रणनीति प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। शिक्षा के क्षेत्र में निर्देश दिये गये कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की रणनीति तैयार की जाय। खण्ड शिक्षा अधिकारी हुजूरपुर को निर्देश दिये गये कि नीति आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी बुकलेट को पढ़कर पुनः शिक्षा क्षेत्र की ब्लाक विकास रणनीति प्रस्तुत की जाय। इसके अलावा कृषि, एलायट सेक्टर, बेसिक इन्फाटेक्चर व सोशल डेबलामेण्ट से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्टेट एवरेज एवं करंट स्टेटस के आकड़ों के अनुसार ब्लाक विकास रणनीति की बुकलेट का अध्ययन कर राज्य अवसत से आगे निकलने की प्रस्तावित रणनीति उपलब्ध करायी जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, पीडीडीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अर्चना सिंह, डीपीएम, एनएचएम सरजू खान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

विद्या म्यूजिक एण्ड डांस इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा के पांच वर्ष पूर्ण

स्थापना दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। विद्या म्यूजिक एंड डांस इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा के स्थापना होने के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जलवायु बिहार के कम्यूनिटी हाल में भारतीय शास्त्रीय संगीत पर आधारित कार्यक्रम संपन्न हुये।

इस समारोह में विद्या म्यूजिक एण्ड डांस इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा के छात्र-छात्राओं ने कत्थक, भरत नाट्यम, तराना, तीनताल में कायदे, पेशकार, राग भोपाली तथा राग देश और राग मियां मल्हार को प्रस्तुत किया। मेरठ से विशेष तौर पर पधारे बाल कलाकारों ने श्रीशबद साहिब का गान किया। मुख्य अतिथि उपदेश भारद्वाज, डा.भरत पाठक, रेखा शर्मा, लक्ष्मी शुक्ला एवं पूर्वी चक्रवर्ती, साहिल शर्मा और हरनीत सिंह गुलाटी कार्यक्रम में शामिल रहे और बच्चों का मनोबल बढ़ाया। विद्या म्यूजिक एण्ड डांस इंस्टीट्यूट ने अतिथियों को भेंट स्वरूप अंग वस्त्र, शॉल और श्रीफल देकर आभार जताया। आज की द्रौपदी नृत्य नाटिका ने बेहतरीन शास्त्रीय नृत्य कत्थक से पूर्ण पेशकश दी और सभी आगंतुकों का मन मोह लिया। र्यक्रम समापन के समय विद्या म्यूजिक एण्ड डांस इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा के विनय सिन्हा ने उपस्थित सभी कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुये बताया कि विद्या म्यूजिक एण्ड डांस इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा का शास्त्रीय संगीत नृत्य-गायन-वादन सीखने का एकमात्र केन्द्र है तथा विद्या म्यूजिक एण्ड डांस इंस्टीट्यूट हर माह विभिन्न शहरों में ऐसे ही संगीत कार्यक्रम आयोजित करता रहता है तथा संगीत से जुड़े नवोदित कलाकारों को एक मंच उपलब्ध कराता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

सुल्तानपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष जनपद के सुप्रसिद्ध फिजिशियन नवंबर के रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर ए वर्मा का वॉकर्स क्लब के सभी सदस्यों ने सोमवार की सुबह पारिजात वृक्ष परिसर पर माल्यार्पण कर अंग वस्त्र पहनकर स्वागत किया। सोमवार की सुबह 8:00 वॉकर्स क्लब के वरिष्ठ सदस्य डॉक्टर सुभाष चंद्र, डॉ सी बी एन त्रिपाठी, डॉक्टर बीके शुक्ला,अनिल अग्रवाल, डॉक्टर ए एन सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। डॉ वर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो हमारे ऊपर विश्वास जताया है, उस पर हम इस कार्यकाल में भी खरा उतरेंगे।

एनटीपीसी NTPC रोशन करे जीवन

एन टी पी सी लिमिटेड NTPC Limited (A Govt. of India Enterprise)

एनटीपीसी टाण्डा अम्बेडकरनगर

सूचना संख्या - AM-TANDA 2023-24/01 दिनांक- 19-09-2023

राख ईटो के विक्रय हेतु डीलर बनने के लिए सूचना

उद्योग/कंपनियों आदि को एनटीपीसी टांडा (जिला - अम्बेडकरनगर, उत्तर प्रदेश 224238) द्वारा उत्पादित राख ईटों के विक्रय हेतु डीलर बनने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। राख ईटों की दर न्यूनतम RS 3.94 / ईट (GST @ 6% अतिरिक्त) निर्धारित की गई है।

इक्षुक उद्योग/कम्पनियों को अपने प्रस्ताव को बंद लिफाफे में दिनांक 30/09/2023 तक एनटीपीसी टांडा के समक्ष प्रस्तुत करना होगा ।

नियम एवं शर्तें निम्नलिखित व्यक्ति से संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं ।

संपर्क करने का विवरण -

1. श्री राजेश सिंह परिहार (वरिष्ठ प्रबंधक, NTPC TANDA) मो.- 9450925385
2. श्री अजय कुमार मौर्या (जूनियर इंजिनियर, NTPC TANDA), मो.- 7068973283

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर -बहराइच

पत्रांक- 896/मनरेगा/दीवाल लेखन/2023-24 दिनांक : 16.09.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजनान्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर में मनरेगा में अनुमन्य कार्यों की सूची का प्रचार प्रसार विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में पेंटिंग का कार्य पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालय पर किया जाना है। इच्छुक फर्में जो कार्य करना चाहती हैं अपनी दरें टेण्डर/कोटेशन दिनांक 17.09.2023 से 25.09.2023 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। टेण्डर उसी दिन 25.09.2023 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष सांय 5 बजे खोली जायेगी। टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर को निहित होगा। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें तथा निविदा फार्म व कार्य का विवरण कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी/
कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा
शिवपुर-बहराइच

आदिशिल्पी का अगाध श्रद्धा से किया गया पूजन-अर्चन

सोनभद्र/अनपरा अवधनामा संवाददाता। हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन, रेणुसागर स्थित पावर प्लांट के मुख्य द्वार पर संगमरमर से निर्मित दिव्य आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की वैदिक मंत्रोच्चार एवं घंटे घड़ियाल द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गयी, तथा उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा आदिशिल्पी की जय, विश्वकर्मा भगवान की जय के गगनभेदी उद्घोषों से पूरा पंडाल गूँज उठा। ततपश्चात हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आरपी सिंह सपत्नीक द्वारा शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का विधिवत पूजन हवन एवं आरती किया तथा शिल्पी भगवान विश्वकर्मा से संस्थान मे कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा, संमृद्धि एवं हिण्डालकों रेनूसागर पावर डिवीजन के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की । उक्त पूजा हनुमान मंदिर के वरिष्ठ पंडित मनोज पाण्डेय द्वारा कराया गया, पुजारी ने बताया कि हिंदू धर्म मे आदिशिल्पी विश्वकर्मा भगवान को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है तथा कार्य एवं श्रम के देवता होने के कारण औद्योगिक क्षेत्र मे विशेष स्थान प्राप्त है । संस्थान के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना के साथ व्यालर मेंटीनेंस, टरवाईन मेंटीनेंस, संचालन, सिविल बिभाग, एरियल रोपवे एवं सी.एच.पी. कैंटीन सहित विभिन्न विभागों में भी आदि देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजनोत्सव बड़े ही उत्साह से किया गया।

भगवान विश्वकर्मा की कृपा से देश विज्ञान के पथ पर बढ़ रहा आगे

अवधनामा संवाददाता

बांदा। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहिया नगर में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया साथ ही आत्म सम्मान आंदोलन के जनक तर्कवादी प्रेरणा स्रोत महानायक पेरियार जी की जयंती जिला अध्यक्ष डा. मधुसूदन कुशवाहा की अध्यक्षता मे संपन्न हुई तथा मुख्य अतिथि रूप में राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद विशंभर प्रसाद निषाद उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा का समाजवादी साथियों ने कार्यालय के सामने फूल माला पहनाकर एवम फूलवर्षा के साथ मुंह मीठा कराते हुए भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डा. मधुसूदन कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर बधाई देते हैं भगवान विश्वकर्मा जी की कृपा से देश विज्ञान के पथ पर आगे बढ़ रहा है। परंतु बीजेपी सरकार कर्मकारियो को पीछे कर रही है कुटीर उद्योग बंद हो रहे हैं शिल्पकार बेरोजगार होते जा रहे हैं विश्वकर्मा समाज की आने वाली पीढ़ी को विकलांग बनाने की साजिश भारतीय जनता पार्टी कर रही है साथ ही आज देश के बड़े समाजसेवी ई0 वी0 रामासामी पेरियार जी ने अंबेडकरवाद की विचारधारा को आगे बढ़ाया इस अवसर पर आए हुए सभी साथियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव विशंभर प्रसाद निषाद ने कहा की विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता थे आज पूरा देश शिल्पकार के रूप में उनकी पूजा करता है ऐसे अवसर पर आए हुए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बधाई और विश्वकर्मा समाज के लोगों को समाजवादी पार्टी ने हमेशा आगे बढ़ाया है। जिला सचिव अनुपम विश्वकर्मा लौहवंशी और धर्मेंद्र विश्वकर्मा रामबाबू विश्वकर्मा आदि और आज सभी लोगों एवम पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर

सपा कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनीं

कार्यालय में हवन पूजन का कार्य संपन्न किया गया और इसके बाद उन्होंने उन्होंने शोभायात्रा का भी जोर-शोर से स्वागत मिलकर किया गया इस उपरांत उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा विश्वकर्मा समाज को आगे बढ़ने का काम किया मा नेता जी ने मुख्यमंत्री रहते हुए छोटे-छोटे कुटीर उद्योग के माध्यम से विश्वकर्मा समाज को आगे बढ़ने का और उन्हें सम्मान देने का काम किया है माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने भी विश्वकर्मा समाज को हमेशा सम्मान देने का काम किया और उनकी सोच दलित पिछड़े आदिवासियों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हमेशा तैयार रहते हैं इसलिए हम सभी विश्वकर्मा समाज के लोगों से निवेदन करते हैं कि आने वाले समय में समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें।

हिण्डाल्को में श्रद्धाभाव से पूजे गए मशीनों के देवता भगवान विश्वकर्मा

सोनभद्र रेणुकूट अवधनामा संवाददाता। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मशीनों के देवता श्री विश्वकर्मा का पूजनोत्सव हिण्डाल्को में धूमधाम से मनाया गया।रविवार दिनांक 17 सितम्बर को हिण्डाल्को कारखाना के मेन गेट के निकट स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा की भव्य मूर्ति को रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित करके पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हिण्डाल्को, रेणुकूट के प्रोजेक्ट्स एंड सर्विसेज हेड विनोद ठाकुर ने मुख्य पूजा सम्पन्न कराई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भगवान श्री विश्वकर्मा के चरणों में पुष्प अर्पित करके कम्पनी की प्रगति एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की कामना की। इसके उपरान्त श्री विश्वकर्मा जी की आरती करके प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात सभी ने प्लांट में स्थापित स्व. जी.डी. बिड़ला की मूर्ति पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प समर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तदुपरांत सभी ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मनोरंजनालय समेत सभी विभागों आयोजित श्री विश्वकर्मा पूजन में भाग लिया। प्लाण्ट गेट पर सम्पन्न मुख्य पूजा के साथ-साथ विभिन्न प्लाण्टों में कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्य स्थलों को साफ-सुथरा कर अपनी मशीनों को फूलों से सुसज्जित करके भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन किया जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।

सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में भाजपा संगठन द्वारा संचालित 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत महारक्त शिविर का आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा सोनभद्र के द्वारा जिलाध्यक्ष विशाल पांडे जी के नेतृत्व में जनपद के ब्लड बैंक रॉबर्टसगंज वह दूधी ब्लड बैंक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष नंद लाल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन नगर पालिका रावटसगंज रूबी प्रसाद ब्लॉक प्रमुख सदर अजीत रावत जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि के द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कहा कि नौजवानो द्वारा किया गया रक्तदान किसी को जीवनदान देता है भाजपा के अलावा कोई राजनीतिक संगठन इस तरह का कार्य नहीं करता। सेवा ही संगठन को मूल मंत्र मानते हुए अपने नेता के जन्मदिन पर प्रत्येक वर्ष युवा मोर्चा रक्तदान कर हजारों व्यक्तियों को जीवन दान देने का महान कार्य करता है इसके लिए नौजवान बधाई के पात्र है कार्यक्रम में 73वें जन्मदिन पर 73 यूनिट रक्तदान किया गया विश्व के सर्वमान्य नेता माननीय नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणा से सेवा व सुशासन के संकल्प को जिले के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आज सिद्ध कर रहे हैं यह बहुत ही नेक कार्य है जो आगे भी अनवरत चलता रहेगा आप सभी को हमारी बहुत-बहुत शुभकामनाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशाल पांडे जी संचालन विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, चंदप्रकाश जैन,धर्मवीर तिवारी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल जिला महामंत्री राम सुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी, उदय नाथ, संतोष शुक्ला,बलराम जी जिला मंत्री अतुल पांडे जी उत्कर्ष पांडे जी विनीत जी अभय पटेल हिरेश जी आशीष केसरी संदीप मोनू रवि आलोक पांडे राजन तिवारी शिक्षक प्रकोष्ठ सयोजक बृजेश जी सैकड़ों नौजवान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनटीपीसी सिंगरौली में हिंदी पखवाड़ा के तहत 'हंसुली' का हृदयस्पर्शी नाट्य मंचन

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। हिंदी पखवाड़ा के तहत संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एनटीपीसीसिंगरौली एवं इफको के सहयोग से ख्यातिलब्ध रंग संस्था समूहन कला संस्थान द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। नाट्य समारोह के प्रथम दिवस में पारिवारिक मूल्यों में भौतिकता के कारण आयी गिरावट का जीवंत चित्रण करती नाट्य प्रस्तुति 'हंसुली' का हृदयस्पर्शी मंचन लोगो के दिलों में उतरने में सफल रही। इस अवसर पर श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली, श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा वनिता समाज, श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एवं अन्य वरिष्ठ अतिथिगण द्वाराद्वीप प्रज्ज्वलन किया गया। रंगमंचीय फलक पर एक सुखद मंचन की अनुभूति कराती नाटक 'हंसुली'' भारतीय संयुक्त परिवार की पृष्ठभूमि में तीन पीढ़ियों के आपसी द्वन्द को भौतिकता के प्रभाव से परिवार में मूल्यों के क्षरण को दर्शाता है। नाटक के पात्र बांके और माया अपनी माँ चिन्ता के साथ अपनी खुशहाल जिंदगी जी रहे है। परिवार की पुश्तैनी निशानी हंसुली को माया अपनी सास से हरहाल में पाना चाहती है, जो उसे परिवार की सत्ता पर काबिज रख सके। माया की ननद शीला का हस्तक्षेप भी उसे बर्दाश्त नहीं होता, पर निधन के पूर्व चिन्ता माया को हंसुली सौंप देती है। आगे चलकर वक्त अपने आप को दोहराता है जब माया की दोनों बहुओं का हंसुली पाने के लिए द्वन्द चरम पर पहुँच जाता है तो परिवार की इज्जत तार-तार हो जाती है और मामला पंचायत में पहुँच जाता है। पारंपरिक मूल्यों और संस्कारों को ढहता देख माया भरी पंचायत में यह प्रश्न खड़ा करती है कि जो भाई अपने भाई का नहीं हुआ, जो देवरानी अपनी जेठानी की नहीं हुई वो हमारी कैसे होगी, ऐसे हम बूढें मां बाप का क्या होगा कहानीकार डॉ अखिलेश चन्द्र की लिखी कहानी पर राजकुमार शाह द्वारा रूपांतरित नाट्य आलेख उन सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों पर सोचने पर मजबूर करता है कि मां-बाप कुछ भी करके बच्चों को खुशियां देना चाहते है, उन्हे सशक्त बनाते हैं।

गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन

बांदा। आयुष्मान भवः के अन्तर्गत महिला डिग्री कालेज बांदा में सदुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट मध्य प्रदेश के तत्वावधान में नेत्र दान एवं अंगदान हेतु प्रचार-प्रसार एव जन जागरुकता के लिये गोष्ठी व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा अपने उद्बोधन में लोगों से अंगदान की अपील की गयी तथा उन्होने बताया कि यह सबसे पुण्य कार्य है क्योंकि अंगदान करके जरुरत मंद लोगों को नये जीवन का उपहार दे सकते हैं, साथ ही यह भी कहा कि जनपद में नेत्र बैंक खोला जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अनिल कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में बताया कि आयुष्मान भवः अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक चलाया जायेगा। इस मौके पर सदुरु सेवा संघ के निदेशक डा बीके जैन, डा एसकेकौशल प्रधानाचार्य रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बांदा, डा.आरएन प्रसाद अपर मुचिअ, कुशल यादव- डीपीएम, डा. प्रसून खरे इपिडेमियोलाजिस्ट आदि उपस्थित रहे।

भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से मनाई गई

सोनभद्र/डाला अवधनामा संवाददाता। अल्ट्राटेक इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर सपत्नी विश्वकर्मा भगवान का पूजा अर्चना किये इस मौके पर मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार, खनन प्रमुख विवेक खोसला, कमर्शियल प्रमुख प्रसंम जैन, टेक्निकल हेड प्रशांत त्रिपाठी, ऋषि राज सिंह, सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहेस्थानीय नगर क्षेत्र के कल कारखानों सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न तकनीकी संस्थानों, मोटर गैराज, वर्कशॉप, क्रशर प्लांटों आदि जगहों पर देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा रविवार को धूमधाम से की गई। नगर क्षेत्र के अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स, नगर पंचायत कार्यालय, विद्युत उप केन्द्र, बाड़ी स्थित क्रशर प्लांटों सहित सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल आदि विभिन्न जगहों पर पुजनोत्सव का आयोजन किया गया। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री में सुंदर पंडाल बनाकर आयोजित विश्वकर्मा पूजनोत्सव में यूनिट हेड संदीप हिवरेकर, ऋषिराज सिंह शेखावत सहित तमाम लोगों ने भाग लिया।सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में जितेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार द्वारा विधि विधान से आदि शिल्पी भगवान की पूजा विद्वान पंडित के गगनभेदी मंत्रोच्चार द्वारा हवन पूजन आरती के साथ कराई गई।

प्रभारी मंत्री ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जनपद के प्रभारी मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल की अध्यक्षता व सदर विधायक मनोज प्रजापति, विधायिका राठ श मनीषा अनुरागी, अध्यक्ष जिला पंचायत जयन्ती राजपूत, आध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी की उपस्थित में डॉ एपीजे अब्दल कलाम सभागर में सम्पन्न हुई। विकास कार्यों के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि दैवीय आपदा से खराब हुई फसलों का संबंधित किसानों को समय से क्लेम दिलाया जाए इसके अंतर्गत कोई भी पेंडेंसी नहीं रखी जाए। श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए। अभियान चलाकर अवशेष लोगोंध् पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जाएं तथा उन्हें एक्टिवेट कराया जाए । पशु आश्रय स्थलों में चारा,पानी, भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी दशा में कोई भी अन्ना पशु सड़क पर नहीं दिखना चाहिए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कोतवाली में गणेश महोत्सव को लेकर बैठक

बबेरू/बांदा। बबेरू कोतवाली में आगामी गणेश महोत्सव व सर्राफा मार्केट में सुरक्षा को लेकर की गई पीस कमेटी की बैठक। सीओ के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए है रविवार की दोपहर बबेरू पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता पर आगामी गणेश महोत्सव एवं सर्राफा मार्केट की सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न की गई, जिसमें गणेश महोत्सव पर शांतिपूर्वक त्योहार मनाए जाने की लोगों से अपील की गई, वहीं गणेश विसर्जन पर शांतिपूर्वक करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं सर्राफा व्यवसाइयों से सुरक्षा को लेकर भी बात कही गई है,और सभी सर्राफा व्यवसाइयों से पुलिस क्षेत्रधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने सभी को सीसीटीवी कैमरा अच्छे क्वालिटी की लगाने की निर्देश दिए, ताकि कोई भी घटना अगर किसी सर्राफा व्यवसाइयों के ऊपर करते हैं तो, कम से कम उसका फोटो और वीडियो सही देखा जा सके।

मिठाई दुकानों में नियमों को ताक पर रखकर बेची जा रही है मिठाई

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। सरकार ने देश के नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 2020 मे नियम बनाया था इस नियम के तहत बाजार में बिकने वाली खुली मिठाइयों की बनने की तारीख और उसे कब तक इस्तेमाल किया जा सकता है, इसकी जानकारी ग्राहकों को देनी है।

दुकानदारों को डिब्बा बंद मिठाइयों के लिए यह जानकारी डिब्बे के ऊपर लिखनी होगी।यह नियम भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने जारी किए हैं, जिसके तहत मिठाई की दुकानों में एक अक्टूबर 2020 से मिठाई की ट्रे में बेस्ट बिफोर, मैन्युफेक्चरिंग डेट, मिठाई की कीमत व मिठाई का नाम प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। लेकिन मौदहा व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित 2 दर्जन से अधिक मिठाई की दुकानों में खाद्य विभाग की मिलीभगत से नियमों का पालन नहीं हो रहा है। दुकानों में निर्मित मिठाई पर दुकानदार निर्माण एवं एक्सपायरी डेट न लिखकर ग्राहकों को बेच रहे हैं। वहीं कुछ दुकानदार फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथॉरिटी द्वारा जारी लाइसेंस के बिना ही व्यापार कर अमानक स्तर के खोवा सहित अन्य खाद्य सामग्री का उपयोग कर आमजन की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। नगर की 1 दर्जन से ज्यादा मिठाई दुकानों पर न निर्माण की तारीख लिखी जा रही है और न ही एक्सपायरी तारीख लिखी। यहां केवल मिठाई का नाम लिखकर बिक्री की जा रही है। फूड सेफ्टी एंड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने खाद्य सुरक्षा के नियम बनाए हैं लेकिन पालन कोई नहीं कर रहा। व्यापारी लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। अफसर भी जांच नहीं कर रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा कानून में बदलाव किया था। सुरक्षा के लिए पैकिंग व खुली सामग्री विक्रय के लिए कई नियम बनाए हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा है। फूड सेफ्टी एंड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने खुली मिठाइयों की ट्रे के सामने जिस तरह रेट की पर्ची लिखी जाती है।

मिठाई सामग्री पर नहीं लिखी जाती निर्माण व एक्सपायरी की तारीख

एनटीपीसी सिंगरौली में विश्वकर्मा पूजा की गयी

सोनभद्र/शक्तिनगर अवधनामा संवाददाता। एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्य संयंत्र स्थित सेवा भवन उद्यान में भगवान विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया गया इस अवसर पर श्री राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख, श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), अन्य महाप्रबंधकगण द्वारा विश्वकर्मा पूजन, हवन एवं आरती की गयी। तदुपरान्त सभी उपस्थित जनों में प्रसाद वितरण के साथ विश्वकर्मा पूजा का अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। एनटीपीसी सिंगरौली के टाउनशिप सिविल विभाग, कर्मचारी विकास केंद्र, मानव संसाधन विभाग, एमजीआर एवं अन्य विभिन्न विभाग में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ एसके खरे, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं), श्री एल के बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), श्री अशोक कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), गोपाल दत्त, सीआईएसएफ़ कमांडेंट, श्री उपेंद्र प्रताप सिंह, सीआईएसएफ़ उपकमांडेंट, सभी विभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोशिएशन के पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

गांव में सफाई कर्मचारी न आने से गांव में लगा गंदगी का अंबार

अवधनामा संवाददाता

गोहांड हमीरपुर। एक तरफ सरकार पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए साफ सफाई पर विशेष जोर दे रही है। वही जनपद के ज्यादातर गांव में साफ सफाई के नाम पर हवाहवाई के चलते सफ़ाई कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। गांव में तैनात ज्यादातर सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। जिससे जनपद के ज्यादातर गांव में गंदगी का अंबार लगने से हाल बेहाल है जिससे तरह-तरह की बीमारियां फैलने से लोगों के अंदर वह व्याप्त है ऐसा ही एक मामला विकासखंड क्षेत्र के गांव उजनेह के ग्रामीणों ने सफाई कर्मचारी के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया। जहां नाराज ग्रामीणों ने बताया कि गांव की साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारी माता प्रसाद को गांव में ज़िम्मेदारी दी थी। लेकिन बराबर 7 सालो से गांव में साफ सफाई करने नही आता और गोहांड ब्लॉक में अपनी हाजरी लगवाता रहता है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मचारी के विरूद्ध कई बार शिकायत की लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। और गांव में सफाई कर्मचारी ना आने से सफ़ाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है।

तीजा मेला में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। कस्बे में ऐतिहासिक तीजा मेले के प्रथम दिन शोभायात्रा देखने को भारी जन समूह उमड़ पड़ा। लोगों ने सड़क व मकानों की छतों में खडे होकर झांकियों का नजारा देखा। शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। फूल पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चना भी की गयी। शोभायात्रा में भारी पुलिस फोर्स शामिल रहा।

ऐतिहासिक तीजा मेला में आज चाँदथोक के श्री कृष्ण मंदिर से शोभायात्रा का शुभारम सायं 3 बजे हुआ। शोभायात्रा नेहा नर्सिंग होम से, होते हुये बस स्टाप पहुँची वहाँ से वापस लौटकर मैथिलीशरण मार्ग पार कर हर चंदन तालाब पहुँची वहाँ पर श्रीकृष्ण द्वारा नागनाथ की लीला का मंचन किया गया इसके बाद श्रीकृष्ण द्वारा छोटी बाजार में कंस सहित अन्य दैत्यों के वध की लीला दिखाई गयी। शोभा यात्रा के साथ नाग नाथ लीला देखने को विभिन्न मार्गों व हरचन्दन तालाब में भारी जनसमुदाय एकत्र रहा। शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। झांकियों पर पुष्प वर्षा करके महापुरुषों की पूजा-अर्चना भी की। सुरक्षा के तौर पर शोभायात्रा में भारी पुलिस फोर्स शामिल रहा। शोभायात्रा निकलने के कारण लगातार तीन घण्टे तक आवागमन ठप रहा। शोभा यात्रा में राधा-कृष्ण, गणेश, सीता स्वयंवर, भरत वाण, गोवर्धन पर्वत, अर्जुन को श्रीकृष्ण का उपदेश, ऐरावत में इंद्र, कैलाश में शिव, साई बाबा, भगवान का मत्स्यावतार, कीचक वध हनुमान, कंश आदि की मनमोहक झांकियां शामिल रही। भक्ति की प्रेरणा देने वाली झांकी मिसाइल को भी शामिल किया गया। उक्त कार्यक्रम के बाद रात्रि में रामलीला मैदान व पशु बाजार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। दिन के कार्यक्रम को सफल बनाने में तीजा मेला कमेटी के अध्यक्ष बब्बू दीक्षित, प्रबंधक बृजलाल सिंह, सचिव नवल मिश्रा (दाऊ) सहित कमेटी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

तीन दर्जन झाकियों की शोभायात्रा देख गदगद हुए दर्शक

जगह-जगह तैनात रहा भारी पुलिस बल

जन शिकायतों की सुनी गई नपा पर समस्याएं

सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो। उप्र शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में सम्भव दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें सफाई, पथ प्रकाश, जल निकासी, जन्म-मृत्यु सम्बन्धित कुल 09 आवेदन प्राप्त हुये। अध्यक्ष महोदया द्वारा सफाई, पथ प्रकाश, जन्म-मृत्यु आदि सभी प्राप्त शिकायतो के निस्तारण हेतु विशेष सचेष्टता बरतने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर श्री रामबिलास गुप्ता, प्रकाश प्रभारी, श्री विमलेश लाल, श्री आकाश रावत, सफाई नायक एवं अन्य कर्मचारी सदस्यगण, नगर पालिका परिषद सोनभद्र के अतिरिक्त नगर के सम्मानित नागरिकगण उपस्थित रहे।

बाइक सवार व्यक्ति पशुओं से टकराकर घायल

बबेरू/बांदा अवधनामा संवाददाता। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मुर्सीवा गांव के पास किटहाई गांव के रहने वाले कोटेदार ओमप्रकाश बाइक द्वारा मुर्सीवा गांव से अपने गांव किटहाई देर रात्रि जा रहा था। तभी रास्ते में मुर्सीवा गांव के पास ही अन्ना पशुओं से टकराकर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। और सड़क पर पड़े तड़पता रहा, वहीं से गुजर रहे मीडिया कर्मी रामकृपाल यादव ने देखा तो एंबुलेंस और परिजनों को सूचना दिया लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची और परिजन सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए व निजी साधन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमासिन पर भेजा गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उपचार करने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में समीक्षा की

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय, करसड़ा एवं गंजारी में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर सभी तैयारियां सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने करसड़ा स्थित अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर वहां पर शिक्षारत बच्चों से उनके व उनके परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए स्कूल में दी जा रही शिक्षा व्यवस्था की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों के रहने, खाने-पीने एवं शिक्षा आदि व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से स्कूल में रहने के दौरान घर एवं परिजनों की याद आने की भी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में तरक्की किए जाने हेतु अपना आशीष भी दिया। मुख्यमंत्री ने शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के लिये अधिकारियों एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य को निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने क्लास रूम में बच्चों से बातचीत करते हुए उनके पठन-पाठन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने क्लास रूम में लगे डिजिटल साइन बोर्ड पर अंग्रेजी में लिखे शब्दों के बारे में बच्चों से पूछ-ताछ कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। कक्षा में निरीक्षण के दौरान साइन बोर्ड पर मुख्यमंत्री एक अध्यापक की भूमिका में नजर आ रहे थे। उन्होंने विद्यालय की लाइब्रेरी व विद्यालय की डिजाइन का डेमो भी देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण का सन्देश भी दिया। अटल आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ज्ञातव्य है कि जनपद वाराणसी

- मुख्यमंत्री ने सभी तैयारी समय से पूर्ण कराए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया
- अटल आवासीय विद्यालय, करसड़ा एवं गंजारी में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया
- अटल आवासीय विद्यालय में शिक्षारत बच्चों से स्कूल में दी जा रही शिक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की
- मुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर पर्यावरण का सन्देश दिया

में अटल आवसीय विद्यालय में 80 विद्यार्थियों का एडमिशन कर लिया गया है। अटल आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को राज्य सरकार की तरफ से प्राथमिक, जूनियर हाई स्कूल और माध्यमिक स्कूल की गुणवत्तापरक शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। वाराणसी के करसड़ा में 66.54 करोड़ रुपए की लागत से 12.25 एकड़ में बने अटल आवासीय विद्यालय में कक्षाएं शुरू हुई है। स्कूल में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों में 40 छात्र और 40 छात्राएं हैं। इन विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और रहने-खाने की सुविधा निःशुल्क होगी। सरकार की तरफ से बच्चों को खेलकूद एवं मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। स्कूल ड्रेस, पढ़ाई के लिए किताबें एवं सामग्री आदि से सम्बन्धित सभी प्रकार के खर्चे का वहन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा।

गौरतलब हैं कि गरीब निर्माण श्रमिक के बच्चों तथा अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय की शुरूआत की गई है, जिनमें बच्चों को निःशुल्क आवास, वस्त्र, भोजन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यह स्कूल एक बोर्डिंग स्कूल की तरह कार्य करेगा, जहां बच्चों के लिए कैम्पस में ही रहने की व्यवस्था होगी।

निरीक्षण के दौरान श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं शासन-प्रशासन के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इसके उपरान्त मुख्यमंत्री गंजारी में बनने वाले अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम स्थल पर पहुंचकर, यहां पर प्रधानमंत्री की प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने के रास्ते को दुरुस्त कराए जाने के साथ ही, कार्यक्रम की सभी तैयारी समय से पूर्ण कराए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यक्रम स्थल पर आने वाले विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाते व उन्हें वापस गन्तव्य तक पहुंच जाने आदि की व्यवस्था की भी उन्होंने जानकारी ली। भीषण गर्मी के दृष्टिगत जनसभा स्थल पर हवा, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के साथ ही, सुरक्षा के भी मुकम्मल इंतजाम सुनिश्चित कराए जाने हेतु उन्होंने निर्देशित किया। इस दौरान मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा ने मुख्यमंत्री को अब तक की तैयारी एवं अन्य होने वाले कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

बच्चों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों का कायाकल्प

अवधनामा ब्यूरो

- यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से बाल विकास विभाग ने बनाई योजना

लखनऊ। प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर अब बच्चों के लिए स्वच्छ पेय जल, बाल सुलभ शौचालय, हाथ धोने की व्यवस्था आदि अन्य बाल मैत्रिक सेवाएँ उपलब्ध होंगी। विद्यालय कायाकल्प की ही भांति प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों का भी कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के सभी जिला कार्यक्रम अधिकारियों (डीपीओ) का एक दिवसीय राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण सोमवार को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय मानकों के अनुसार बाल सुलभ सुविधाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से 'आंगनवाड़ी कायाकल्प अभियान' की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम को समग्र शिक्षा अभियान और पंचायती राज विभाग के सहयोग से सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं सीडीओ के नेतृत्व में जल, स्वच्छता एवं पोषण सेवाओं के सुधार हेतु लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम का लक्ष्य नई शिक्षा नीति 2020 एवं पोषण 2.0 के अनुसार बच्चों के लिए शाला पूर्व शिक्षा को सुलभ, सुखद एवं सुरक्षित बनाना है।

उत्तर रेलवे पर 90 रेलकर्मी राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

नई दिल्ली/लखनऊ। उत्तर रेलवे पर दिनांक 03.9.2023 से 13.09.2023 तक राजभाषा पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान राजभाषा के प्रचार प्रसार को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । राजभाषा पखवाड़े के समापन कार्यक्रम के अवसर पर आज क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, शोभन चौधुरी की अध्यक्षता में कॉन्फ्रेंस हॉल, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधकों एवं मुख्य कारखाना प्रबंधकों ने सहभागिता की। बैठक से पूर्व महाप्रबंधक ने एक पुस्तक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और इस प्रर्दशनी की सराहना की। राजभाषा पखवाड़े के समापन कार्यक्रम के अवसर पर महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, शोभन चौधुरी ने महाप्रबंधक राजभाषा पुरस्कार, क्षेत्रीय हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी निबंध और हिंदी वाक् प्रतियोगिताओं तथा राजभाषा पखवाड़े के दौरान आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं सहित कुल 90 रेल कर्मियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। महाप्रबंधक ने सभी रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को हिंदी के प्रयोग-प्रसार पर बल देते हुए ई-ऑफिस में हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

संक्रामक बीमारियों के प्रति लोगों को किया जागरूक

लखनऊ। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सोमवार को प्रभात फेरी व स्वच्छता जागरुकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक, बैनर, पोस्टर तथा स्लोगन व सोशल मीडिया के माध्यम से सफाई के महत्व एवं संक्रामक बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मेरी सीट मेरा डिब्बा थीम के अंतर्गत स्टेशनों तथा ट्रेनों में यात्रियों को यात्रा के दौरान पेपरलेस टिकट के अधिक उपयोग के लिए जागरूक किया गया। साथ ही लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर स्वच्छ स्टेशन के परिप्रेक्ष्य में यात्रियों को पौधे वितरित किये गये। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जंक्शन, बादशाहनगर तथा ऐशबाग जंक्शन स्टेशनों पर सफाई अभियान चलाया गया।

सैयद अबीद हुसैन मुंबई में इंटरनेशनल अवॉर्ड फॉर ह्यूमैनिटी से हुए सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। करोना काल में फ़िल्म एक्ट्रेस सोनू सूद के साथ जरूरतमंदों की मदद के लिए दिन-रात एक करने वाली मुंबई की बड़ी कारोबारी एवं समाज सेविका नीति गोयल द्वारा मुंबई मे अम्बेडकर नगर के रुद्रपुर भगाही के सैयद आबिद हुसैन रियल लाइफ बजारंगी भाई जान को इंटरनेशनल अवॉर्ड फॉर ह्यूमैनिटी 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़े कारोबारी प्रणय गोयल अंतर्राष्ट्रीय समाजसेविका नूर बनो, एस एम जाफरी, अब्दुल हसीफ जामई, और समाज सेवी नूर खान भी उपस्थित रहें। आबिद 8 वर्ष से विदेश फसे बेगुनाह भारतीयों की रिहाई एवं वतन वापसी के लिए निस्वार्थ भाव से काम करते आ रहे हैं उनकी मुहिम से अभी तक 700 से ज्यादा भारतीयों की मदद हो चुकी है जिसमे सैड़को पार्थिव शव भी शामिल है दुर्भाग्यपूर्ण विदेश में किंही कारण मृत्यु हो जाती है और डेड बॉडी भारत नहीं आ पाती ऐसी डेड बॉडी को भारत लाने में आबिद सरकार एवं एंबेसी द्वारा मदद करवाते आबिद हुसैन ने यह सम्मान पा कर बहुत गर्व महसूस किया बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया।

फर्शे अजा हमारे लिए अल्लाह की तरफ से

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अंजुमन गुंचाए मजलुमिया की इमामबाड़ा अबुतालिब हसन पुरिया में सोमवार को शब्बेदारी की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि फर्शे अजा हमारे लिए अल्लाह की तरफ से नेमत है।

जहां से हमेशा इंसानियत और एकता का पैगाम मिलता है। यह वह जगह है जहां सभी मजहब के लोग अपनी पूरी अकीदत से आते है। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी किसी एक मजहब के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए थी। मजलिस के बाद अंजुमन नासिरुल अजा, मसूमिया हुसैनिया,गुलदस्ते हैदरी, गरीबुल अजा,शबीरया,रजाए हुसैन और गुंचा ए मेहदिया ने अंजुमन गुंचाए मजलूमयि के शायर एजाज जैदी द्वारा दी गयी तरहा की पंक्ति मातमे शब्बीर का सूरज कभी डूबा नहीं पर अपने सलाम पेश किये, जिसे सुनकर लोगों ने खूब दाद दी। वहीं जब अंजुमनों नौहें पढ़े जिसे सुनकर अजादारों की आंखें अश्कबार हो गयीं। अंजुमन के सचिव इमरान अखतर ने बताया कि मंगलवार को अलविदायी मजलिस को मौलाना बाकिर जैदी मगरिब की नमाज के बाद खिताब करेंगे। शब्बेदारी का संचालन अजहर हुसैन शम्मी ने किया। इमामबाड़ा डिप्टी मोहम्मद अजीम वजीरगंज में आयोजित पांच मजलिसों का आगाज हो गया। मजलिस को मौलाना आबिद बिलग्रामी ने खिताब किया। अजाखाना अशरफूनिसां बुनियाद बाग में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। मस्जिद शेरे खुदा बक्शी का तालाब में अंजुमन गुंचाए तौकीरूल इस्लाम की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद ने खिताब किया। उधर अय्यामे अजा की आखिरी रातें शीर्षक से रौजाए काजमैन में फैज बाकर ने मजलिस में मर्सिया पेश किया। जिसे सुनकर अजादार रोने लगे।

बसंतकुंज योजना में बनाएं अपना घर, करायें पंजीकरण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से बसंतकुंज योजना में बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवासों के लिए गोमती नगर की एल्डिको कॉलोनी स्थित नगर निगम के आर.आर. कार्यालय में भी पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के लिए प्राधिकरण की ओर से शिविर आयोजित किया जा रहा है। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई में 3791 प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। आवासों के लिए 25 जुलाई से 30 सितम्बर तक पंजीकरण खोला गया है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग जिनके पास अपना पक्का आवास नहीं है वह 10 हजार रुपये जमा कर आवासों के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। भवन का मूल्य 7,29,550 रुपये है, जिसके लिए लाभार्थी को 4,79,550 रुपये देना होंगे। श्री वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के पंजीकरण कराने में लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए प्राधिकरण भवन स्थित विभिन्न स्थानों पर निशुल्क सहायता केन्द्र स्थापित किये गये हैं। गोमती नगर की एल्डिको कॉलोनी स्थित नगर में आर.आर. कार्यालय में शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसे जन सामान्य की मांग पर आगे भी लगाया जाता रहेगा। श्री वर्मा ने बताया कि इन भवनों के आवंटन के लिए अहं लोग शिविर में सम्पर्क कर शीघ्र अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

एलडीए ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने सोमवार को सुल्तानपुर रोड स्थित कासिमपुर में लगभग 10 बीघा जमीन पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग ध्वस्त करायी। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी के निर्देश पर कार्रवाई हुई। जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि सर्वेश तिवारी व अन्य की ओर से गोसाईगंज के सुल्तानपुर रोड पर कासिमपुर गांव में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग करते हुए सरजोन सिटी नाम से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे, जिस पर सहायक अभियंता अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर व सुरेन्द्र द्विवेदी ने प्राधिकरण व स्थानीय थाने की पुलिस की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी। इस दौरान स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल आदि को पूरी तरह ध्वस्त कराया गया।

कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। आलमबाग में छत गिरने की घटना को लेकर मृत आत्मा की शांति के लिए एनई रेलवे मजदूर यूनियन की लखनऊ मंडल मंत्री और लखनऊ शाखाओं ने ऐशबाग कालोनी में कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। मंडल मंत्री आरएन. गर्ग ने कहा की रेलवे कॉलोनी में आवासों का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित करना बहुत आवश्यक है। आवासों में कमिया सिर्फ आईओडब्लू का ही नहीं विद्युत विभाग की भी हैं। ऐसे बहुत सारे आवास हैं जिनमें विद्युत उपकरण की कमी, वायरिंग व मीटर बॉक्स लटके मिलेंगे। यूनियन इस पर संज्ञान लेकर प्रशासन को इसके लिए जागृत करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आवासों की छत गिर रही है, पानी की गंभीर समस्या है फिर भी कर्मचारी रहने को मजबूर है क्यूंकि आवासों की कमी है। उन्होंने कहा कि हम इसके लिए एक हाउसिंग कमेटी गठित करने की मांग करते हैं जो जर्जर हो चुके आवासों की मरम्मत या उनकी जगह नये आवास बनाने का कार्य जल्द से जल्द करे। कैडल मार्च में मोहम्मद नसीम, अरविन्द वर्मा, टीएन. मौर्य, सफदर हुसैन, जय किशोर, राय सिंह मीणा, गौतम यादव आदि उपस्थित रहे।

अंजुमन तस्वीरूल अजा की शब्बेदारी आज

लखनऊ। अजाखाना इरशाद नवाब शाही खैरातखाना टूरियागंज में मंगलवार को अंजुमन तस्वीरूल अजा की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना हसन जहीर रात नौ बजे खिताब करेंगे। शब्बेदारी में करीब 22 अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में शाम 7 बजे मौलाना फैज अब्बास मश्हदी मजलिस को खिताब करेंगे।

मजलिस कल

लखनऊ। इमामबाड़ा कसरे हसनैन काजमैन रोड में बुधवार को रात 9 बजे मौलाना सदफ जौनपुरी मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी। वक्फ कर्बला रौजाए हजरत कासिम (अ.स.) निशातगंज में मौलाना शब्बर हुसैन रात 8.30 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। अजाखाना सिकन्दर आगा कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना अबुतालिब मेहदी रात 8 बजे मजलिस को खिताब करेंगे।

भाजपा ने देश की जनता को धोखा दिया: दिनेश

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि अच्छे दिनों का वादा कर सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी ने देश और प्रदेश की जनता को धोखा देने का काम किया है। भाजपा सरकार के इस धोखे को पूरे प्रदेश की जनता समझ चुकी है। पिछले 9 सालों में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है और संसद की गरिमा को धूमिल करने का काम किया गया है। श्री सिंह सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व जिला-शहर अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभाग के पदाधिकारियों सहित जिला-शहर अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के 9 सालों के कार्यकाल में देश में अमन-चैन और आपसी सौहार्द को बिगाड़ा गया, जिससे प्रदेश की जनता का भाजपा से पूरी तरह मोह भंग हो चुका है। भाजपा के इन कारनामों को लेकर जनता के बीच जाएं और कांग्रेस की नीतियों व विचारधारा से अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत बनाएं। प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय ने कहा कि सेवादल और श्रम प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने जमीनी तौर से संगठन को मजबूत करने की दिशा में हमेशा काम करते आ रहे हैं, जिसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी ने पदाधिकारियों व जिला-शहर अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें आगामी लोकसभा चुनाव को गंभीरता से लेकर विशेष रणनीति के तहत काम करना होगा, ताकि कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो सके।

खतरनाक हैं डॉक्टर के परामर्श के बिना दवा खानाः डॉ. जलीस

लखनऊ। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के तत्वावधान में एरा लखनऊ मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग ने रोगी सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सात दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन सोमवार को कीपिंग अवर प्रॉमिस टू डू सिक नो हार्म (बीमारों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाने के हमारे वादे को निभाते हुए) विषय पर लोगों को जागरूक किया गया। यह जागरूकता अभियान 25 सितंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान जेआर और इंटर्न डॉक्टर के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम भी संचालित किये जाएंगे। इस मौके पर डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जलीज फातिमा ने कहा कि इलाज के साथ रोगी की सुरक्षा बहुत जरूरी है। इसके लिए ओपीडी व भर्ती मरीजों को रोगी सुरक्षा से जुड़ी कई जरूरी बातों की जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा देखा गया है कि लोग खुद से अपना इलाज कर लेते हैं। यह ठीक नहीं है दवाओं के साइड इफेक्ट भी होते हैं। दवा से एलर्जी भी हो सकती है।

'इस संसद को सादर प्रणाम, मुझे बहुत कुछ सिखाया': अनुप्रिया पटेल

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सामाजिक न्याय का सिद्धांत हमें यह भी सिखाता है कि न्याय की पहुंच अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक होना चाहिए। माननीय राष्ट्रपति महोदया ने भी संविधान दिवस के दिन अपनी चिंता से अवगत कराया था। अंतिम तबके तक न्याय की पहुँच की रफ्तार बहुत धीमी है, इसे तेज करने की दरकार है। अभी हमें बहुत प्रयास करने हैं। हमारे न्यायपालिका में सामाजिक विविधिता हो। न्यायपालिका में समाज के अंतिम पायदान से आने वाले होनहार युवाओं को भी अवसर मिले। इस दिशा में भी काम करने की जरूरत है, जब हम सब मिलकर उस तंत्र को मजबूत करने का प्रयास करेंगे, तो ये चिंताए दूर होंगी। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के शुभारंभ के अवसर पर पुराने संसद भवन में अपनी बात रखते हुए यह विचार व्यक्त किया आखिरी दिन अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पुरानी संसद को शीश झुका कर प्रणाम किया, भावुक हो कर उन्होंने कहा, इस संसद को सादर प्रणाम, मुझे बहुत कुछ सिखाया

केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल पुराने संसद भवन में आयोजित विशेष सत्र में अपनी बात रखते हुए काफी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ सालों के दौरान संसद से काफी कुछ सीखने को मिला। आज का दिन हम सभी के लिए भावुक कर देने वाला है। पुरानी संसद एक विरासत के तौर पर इतिहास में दर्ज हो जाएगी। कल हम सभी नए भव्य संसद भवन में प्रवेश करेंगे।

देश पर थोपा गया आपातकाल

केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने कहा कि इस पुराने संसद भवन ने 1975 में देशवासियों पर थोपे गए आपातकाल को भी देखा है। दशकों तक ओबीसी को सरकारी नौकरियों में भागीदारी देने के लिए अलग-अलग जो रिपोर्ट्स आईं, उन्हें जानबूझकर दबा कर रखा गया। 90 के दशक में मंडल कमीशन तो लागू हुआ, लेकिन उसकी सिफारिशों में जो अनेक खामियां रहीं, उसे लंबे समय तक पूर्ववर्ती सरकारों में दूर नहीं किया गया।

आज से घर-घर पधारेंगे मंगलमूर्ति

प्रभात कुमार सिन्हा

लखनऊ। हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष पर देशभर में गणेश उत्सव की धूम रहती है, जोकि चतुर्थी तिथि से शुरू होकर पूरे 10 दिनों तक चलती है। इसे गणेश चतुर्थी, गणेश उत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है यह पर्व वैसे तो पूरे भारतवर्ष में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है लेकिन विशेषकर इसकी धूम महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में देखने को मिलती है। इस साल गणेश चतुर्थी की शुरुआत 19 सितंबर से होगी और इसका समापन अनंत चतुर्दशी के दिन 28 सितंबर को होगा।

गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश को समर्पित है, जोकि बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य के देवता कहलाते हैं. भगवान गणेश को गजानन, बप्पा, धूमकेतु, एकदंत, वक्रतुंड, सिद्धि विनायक, गणपति आदि कई नामों के जाना जाता है। किसी भी शुभ कार्य को करने के दौरान जैसे विद्या अध्ययन, विवाह के समय, यात्रा, रोजगार के शुभारंभ या अन्य किसी भी शुभ कार्य को करते समय गणेश के 12 नाम लेने से कार्यों की अड़चनें दूर होती है और जीवन में अच्छी सफलताएं हासिल होती हैं। मान्यता है कि, गणेश चतुर्थी के दौरान पूरे 10 दिनों तक भगवान कैलाश पर्वत से आकर धरती पर रहते हैं और भक्तों पर कृपा बरसाते हैं।

बप्पा की पूजा से बनेंगे सारे बिगड़े काम

सुख शान्ति और ऐश्वर्य का होगा वास

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणेश चतुर्थी पर गणपति बाप्पा के पूजन से जीवन कि सभी बाधाएं दूर होती है। इसके अलावा बाप्पा जिस घर में विराजते है वहां पूरे साल सुख, शांति और ऐश्वर्य का वास होता है। यही वजह है कि महाराष्ट्र से लेकर उत्तर प्रदेश तक इस उत्सव को बेहद ही धूमधाम से मनाया जाता है।